मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 29 | अंक : 19

जयपुर

# महानगर टाइम्स

मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

facebook YouTube twitter

www.mahanagartimes.com | जयपुर, गुरुवार, 11 दिसम्बर, 2025 | जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित




12



# प्रवासी राजस्थानियों का वैश्विक महाकुंभ बना जयपुर

**प्रदेश के विकास के लिए मांगा सहयोग** | **अगले वर्ष राइजिंग राजस्थान निवेश सम्मेलन के आयोजन की घोषणा** | **राजस्थान फाउंडेशन के 14 नए चैप्टर खुलेंगे** | **1 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों की ग्राउंड ब्रेकिंग** | **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रवासी राजस्थानी दिवस पर दी बधाई**

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** देश-दुनिया के विभिन्न हिस्सों में बसे प्रवासी राजस्थानियों को राजस्थान के विकास में योगदान देने के निमंत्रण के साथ जयपुर में बुधवार को प्रवासी राजस्थानी दिवस का आयोजन हुआ और जयपुर प्रवासी मेहमानों का कुंभ बन गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश और प्रवासी राजस्थानी समुदाय के बीच संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए राजस्थान फाउंडेशन के 14 नए चैप्टर खोलने की घोषणा की। इसके साथ ही अगले वर्ष दूसरे राइजिंग राजस्थान निवेश सम्मेलन के आयोजन की घोषणा करते हुए प्रवासी राजस्थानियों को इसका भागीदार बनने का आह्वान किया। इस अवसर पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव, केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी, वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल और टाटा पावर के सीईओ एवं एमडी प्रवीर सिन्हा सहित कई नामी उद्योगपति, देश-विदेश से आए प्रवासी राजस्थानी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## राजस्थान भक्ति, शक्ति और लक्ष्मीपुत्रों की धरती : बागडे

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने प्रवासी राजस्थानियों का आह्वान किया कि वे मातृभूमि का कर्ज चुकाने यहां अधिक से अधिक निवेश करें। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों ने राजस्थान के सामाजिक-आर्थिक ढांचे को मजबूत करने में सदा मदद की है। यह सम्मेलन राजस्थान के प्रवासियों के आर्थिक योगदान को राष्ट्रीय विकास से जोड़ने का बड़ा माध्यम है। उन्होंने राजस्थान को भक्ति और शक्ति के साथ लक्ष्मीपुत्रों की धरती बताया। साथ ही महाकवि कन्हैयालाल सेठियाजी की पंक्तियां 'धरती धोरा री' सुनाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रवासी राजस्थानियों को राजस्थान में स्थाई वास कराने की भी पहल करें। राज्यपाल ने प्रवासी राजस्थानियों का आह्वान किया कि वे राजस्थान आएं, यहां उन्हें मानव शक्ति और जमीन आदि सभी सुविधाएं समयबद्ध प्रदान की जाएंगी।

## राजस्थान में देश का नंबर एक राज्य बनने की क्षमता : पीयूष गोयल

केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने राजस्थान को परंपरा, आधुनिकता, विकास और विरासत का अद्भुत संतुलन वाला राज्य बताते हुए कहा कि प्रदेश के पास डेमोग्राफिक डिविडेंड, डिपेंडेबिलिटी, डिसाइसिवनेस, डिवोशन, डिमांड और डाइवर्सिटी की अद्भुत क्षमता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की सबसे बड़ी ताकत इसकी डेमोग्राफिक डिविडेंड यानी विशाल युवा शक्ति है, जिनके दम पर राज्य तेजी से प्रगति की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने दो वर्ष के कार्यकाल में सबको जोड़ने का काम किया है। गोयल ने कहा कि भारत आज 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था है और 2047 तक दुनिया की अग्रणी आर्थिक शक्ति बनने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने 'विकसित भारत 2047' में राजस्थान की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि इस संकल्प को पूरा करने में हर राजस्थानी का योगदान आवश्यक है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार राजस्थान के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है, चाहे वह औद्योगिक विकास हो, पर्यटन हो, ऊर्जा क्षेत्र हो या सामाजिक उत्थान। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रवासी राजस्थानियों के सामूहिक योगदान और राज्य सरकार के प्रयासों को देखते हुए दुनिया की कोई ताकत राजस्थान को देश का नंबर एक राज्य बनने से रोक नहीं सकती। उन्होंने प्रदेश में उद्योग और निवेश के लिए राइजिंग राजस्थान की पहल की और प्रवासी राजस्थानी दिवस को इसमें दूसरा महत्वपूर्ण पड़ाव बताया।



पर्यटन, कला व संस्कृति विभाग द्वारा बुधवार को जेईसीसी परिसर में भव्य और गरिमामयी सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। आयोजन के प्रारंभ में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित केंद्रीय मंत्रियों का अभिनंदन किया।

विस्तृत पेज 8 पर



## एनआरआर ने देश-दुनिया में राजस्थान का गौरव बढ़ाया : भजनलाल

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विश्वभर से आए प्रवासी राजस्थानियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल एक समारोह नहीं, बल्कि राजस्थान की संस्कृति, परंपरा और वैश्विक पहचान का मिलन है। प्रवासी राजस्थानियों के योगदान और उनके सम्मान के उत्सव के रूप में हमने हर वर्ष 10 दिसंबर को प्रवासी राजस्थानी दिवस मनाने की घोषणा की थी। इस वादे को पूरा करते हुए आज पहली बार प्रवासी राजस्थानी दिवस का आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेश और प्रवासी समुदाय के जुड़ाव को मजबूत करने के उद्देश्य से राजस्थान फाउंडेशन के 14 नए चैप्टर स्थापित करने की घोषणा की। इनमें से 9 विदेशों और 5 देश के विभिन्न राज्यों में स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने अगले वर्ष फिर से राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के आयोजन की घोषणा भी की। साथ ही प्रवासी समुदाय से आग्रह किया कि वे राजस्थान आएं और खुशहाल एवं आधुनिक राजस्थान के निर्माण में सहभागी बनें।

## प्रवासी राजस्थानियों के हितों के लिए नए विभाग का गठन

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों के हितों के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी मामले विभाग का गठन किया गया है। यह विभाग संवाद, सहयोग, निवेश तथा सांस्कृतिक जुड़ाव को बढ़ाने के लिए प्रभावी मंच के रूप में कार्य करेगा। इसी क्रम में 'प्रवासी राजस्थानी नीति' आज जारी की गई है, जो विश्वभर में बसे राजस्थानियों को पहचान, सुविधा और निवेश के लिए रोडमैप प्रदान करेगी। सीएम भजनलाल ने कहा कि हमने गत वर्ष राइजिंग राजस्थान समिट के दौरान 35 लाख करोड़ रुपए के समझौते किए थे। आज एक लाख करोड़ रुपए के एमओयू की ग्राउंड ब्रेकिंग के साथ 8 लाख करोड़ रुपए के एमओयू धरातल पर उतर चुके हैं। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश 24 से अधिक नई नीतियों के साथ निवेश के लिए देश के सबसे पसंदीदा राज्य के रूप में उभरा है। प्रदेश में 23 हजार करोड़ रुपए के नए ट्रांसमिशन नेटवर्क, सौर ऊर्जा में 22,860 मेगावाट क्षमता तथा माही-बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा परियोजना जैसे बड़े कदम प्रदेश को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दो वर्षों में 36 हजार किमी से अधिक सड़कों का निर्माण हुआ है। जयपुर मेट्रो का नया चरण, कोटा में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट और हवाई अड्डों का विस्तार तेजी से प्रगति पर है। राजस्थान के कई शहरों में कंटेनर डिपो शुरू किए गए हैं तथा लॉजिस्टिक्स सेक्टर में आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

संबंधित खबरें पृष्ठ 2 पर...



## राजस्थान में निवेश और उद्योग स्थापना के लिए सही समय : कर्नल राठौड़

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री के 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' के मंत्र पर पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है। सरकार का लक्ष्य राज्य की आर्थिक मजबूती, व्यापार में सुगमता और निवेश को बढ़ावा देना है। पिछले 24 महीनों में राजस्थान ने औद्योगिक क्षेत्रों के विकास, कनेक्टिविटी सुधारने और सिंगल विंडो क्लीयरेंस प्रणाली को और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने कई नीतिगत सुधार किए हैं, जिनमें प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क नीति, 2 हजार औद्योगिक भूखंडों के आवंटन और बड़ी संख्या में उद्योगों को पर्यावरण स्वीकृति से मुक्त करने जैसे निर्णय शामिल हैं। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने कहा कि राजस्थान 'ग्लोबल इंडिया-लोकल रूट' के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यहां उत्तर भारत का बड़ा बाजार, पर्याप्त भूमि उपलब्धता और मजबूत नीतिगत इच्छा शक्ति मौजूद है, जिससे निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार हुआ है। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों का आह्वान करते हुए कहा कि राजस्थान में निवेश और उद्योग स्थापना का 'यही समय, सही समय' है।

## राजस्थान में स्वच्छ ऊर्जा का 'सोना' पैदा कर देश को आगे ले जाने की क्षमता - सीईओ, टाटा पावर

टाटा पावर के सीईओ एवं एमडी प्रवीर सिन्हा ने कहा कि राजस्थान की धरती में सौर और पवन ऊर्जा उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में 800 गीगावाट सौर और 200 गीगावाट पवन ऊर्जा उत्पादन की क्षमता मौजूद है, जिसे सही दिशा में विकसित किया जाए तो राजस्थान स्वच्छ ऊर्जा का 'सोना' पैदा कर पूरे देश को ऊर्जा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी टाटा पावर राजस्थान के साथ मजबूती से काम करता रहेगा।

### 9 प्रवासी विभूतियों को प्रवासी राजस्थानी सम्मान

कार्यक्रम में देश-विदेश में विशिष्ट उपलब्धियां हासिल करने पर प्रवासी राजस्थानियों अनिल अग्रवाल, कुमार मंगलम बिड़ला, विनीत मित्तल, अजय पीरामल, माधव सिंघानिया, पूनमचंद राठी, नरसी कुलरिया, सी.एम. मूंदड़ा और प्रदीप राठौड़ को 'प्रवासी राजस्थानी सम्मान' से सम्मानित किया गया।

## राजस्थान में नए युग की शुरुआत : पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी प्रवासी राजस्थानियों को अपने शुभकामना संदेश में कहा कि राजस्थान के विकास में युगदान से रहे सभी प्रवासी राजस्थानी भाइयों-बहनों और प्रवासी राजस्थानी सम्मान से सम्मानित प्रवासी साथियों को हार्दिक बधाई। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज राजस्थान निवेश, नवाचार, स्वच्छ ऊर्जा के नए युग की शुरुआत कर रहा है। मुझे खुशी है कि इस यात्रा में प्रवासी राजस्थानियों की सशक्त भूमिका को आधार देने के लिए यह प्रवासी राजस्थानी दिवस का आयोजन हो रहा है। मुझे खुशी है कि राजस्थान में प्रवासी राजस्थानी विभाग का गठन किया गया है और नीति भी बनाई गई है। मेरा सभी प्रवासी राजस्थानियों से आग्रह है कि वे अपने कौशल, ज्ञान और अनुभव से नए राजस्थान के निर्माण में निरंतर सहभागी बनें। भारत हमेशा आपके साथ खड़ा है और आपके सहयोग के लिए सरकार के द्वार हमेशा खुले रहेंगे।

## प्रदेश के विकास में प्रवासी राजस्थानियों का ऐतिहासिक योगदान : कटारिया

पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि राजस्थान के विकास में प्रवासी राजस्थानियों का योगदान ऐतिहासिक और अनुकरणीय रहा है। उन्होंने बताया कि अतीत में जब प्रदेश अकाल और संकट से गुजरता था, तब प्रवासी राजस्थानियों ने आगे बढ़कर सहायता की और पशुधन को बचाने तथा शिक्षा के केंद्र स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने भविष्य में भी सभी प्रवासियों से राजस्थान के निरंतर विकास में सहयोग देने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार के मंत्रियों का सकारात्मक दृष्टिकोण राजस्थान की औद्योगिक प्रगति को नई गति दे रहा है। पचपदरा रिफाइनरी सहित अन्य अनेक आधारभूत परियोजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। बेहतर सड़क, एयरपोर्ट कनेक्टिविटी, बिजली और पानी की उपलब्धता के कारण राजस्थान निवेश के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभर रहा है।

### यह भी हुआ

- कार्यक्रम में प्रवासी राजस्थानियों और राज्य के बीच भावनात्मक जुड़ाव तथा साझा सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने वाली एक विशेष फिल्म भी प्रदर्शित की गई।
- कार्यक्रम के दौरान 1 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों की ग्राउंड ब्रेकिंग की गई, जिससे राइजिंग राजस्थान समिट के बाद से धरातल पर उतरी परियोजनाओं की कुल राशि बढ़कर 8 लाख करोड़ रुपए पहुंच गई।
- उद्घाटन सत्र में कॉफी टेबल बुक 'कमिटमेंट इन एक्शन' का भी विमोचन किया गया, जिसमें 'राइजिंग राजस्थान' के तहत हुए एमओयू की प्रगति और ग्राउंड ब्रेकिंग की विस्तृत जानकारी शामिल है।
- इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उपमुख्यमंत्री दीयाकुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा, राज्य मंत्रिपरिषद के सदस्य, सांसद मदन राठौड़ सहित जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ अधिकारी, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, निवेशक और विभिन्न देशों से आए प्रवासी राजस्थानी उपस्थित रहे।

## प्रदेश में देश का सबसे बड़ा फर्टिलाइजर प्लांट लगाकर राजस्थान को बनाएंगे पीले से हरा : अनिल अग्रवाल

वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने राजस्थान में देश का सबसे बड़ा फर्टिलाइजर प्लांट लगाने का वादा करते हुए कहा कि इससे प्रदेश के कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा और पीले से हरे राजस्थान के निर्माण का सपना साकार होगा। उन्होंने कहा कि आज राजस्थान विकास की उस गति से आगे बढ़ रहा है कि जयपुर और दिल्ली के बीच अब कोई अंतर शेष नहीं रहा। उन्होंने कहा कि राजस्थान की धरती के नीचे छिपा खनिज भंडार पूरे देश को ऊर्जा, धातु और प्राकृतिक संसाधनों के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की क्षमता रखता है। अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान में सिंगल विंडो क्लीयरेंस और सेल्फ-सर्टिफिकेशन जैसी व्यवस्थाओं ने उद्योग स्थापित करना बेहद सरल बना दिया है।



### यूनेस्को ने की घोषणा, पीएम मोदी ने दी बधाई, बताया भारत की आत्मा


# दीपावली विश्व धरोहर सूची में शामिल

### कुंभ मेला समेत 15 धरोहरें पहले ही लिस्ट में

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** यूनेस्को ने दीपावली को अमूर्त विश्व धरोहर घोषित किया। यूनेस्को ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन की इंटैन्जिबल कल्चरल हेरिटेज यानी अमूर्त विश्व धरोहर की सूची जारी की। इसमें घाना, जॉर्जिया, कांगो, इथियोपिया और मिस्र सहित कई देशों के सांस्कृतिक प्रतीक भी शामिल हैं। इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि दीपावली हमारी सभ्यता की आत्मा है। भारत की 15 अमूर्त विश्व धरोहर की सूची में शामिल हैं। इसमें दुर्गा पूजा, कुंभ मेला, वैदिक मंत्रोच्चार, रामलीला, छाऊ नृत्य भी शामिल हैं। पीएम मोदी ने एक्स पर बधाई देते हुए कहा कि भारत और दुनियाभर के लोग उत्साहित हैं। हमारे लिए दीपावली, संस्कृति और प्रकृति से जुड़ी है। यह ज्ञान और धर्म का प्रतीक है। दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त विरासत सूची में शामिल किए जाने से इस त्योहार की वैश्विक लोकप्रियता में और भी वृद्धि होगी। प्रभु श्रीराम के आदर्श हमें शाश्वत रूप से मार्गदर्शन करते रहें।

गौरतलब है कि ये फैसला उस समय आया है, जब दिल्ली में यूनेस्को की इंटर-गवर्नमेंटल कमेटी फॉर इंटैन्जिबल हेरिटेज की 20वीं बैठक की मेजबानी कर रही है। यह 8 से 13 दिसंबर तक चलेगी। इसी मौके को देखते हुए केंद्र सरकार ने 10 दिसंबर को विशेष दीपावली समारोह रखने का फैसला किया है, ताकि दुनिया के सामने भारत की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत तरह से पेश किया जा सके।



#### सांस्कृतिक धरोहरों को सुरक्षित रखना है मकसद

यूनेस्को की यह लिस्ट दुनिया की ऐसी सांस्कृतिक और पारंपरिक चीजों को शामिल करती है, जिन्हें छू नहीं सकते, लेकिन अनुभव किया जा सकता है। इसे अमूर्त विश्व धरोहर भी कहते हैं। इसका मकसद है कि ये सांस्कृतिक धरोहरें सुरक्षित रहें और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचें। फिलहाल भारत की 15 धरोहरें पहले से अमूर्त विश्व धरोहर की सूची में जगह बना चुकी हैं। इसमें दुर्गा पूजा, कुंभ मेला, वैदिक मंत्रोच्चार, रामलीला, छऊ नृत्य भी शामिल हैं।

# सीकर में भीषण बस हादसा गुजरात पुलिस कांस्टेबल समेत 4 की मौत

### बहन की शादी के लिए कपड़े-जूते खरीदकर लौट रहा था ट्रक ड्राइवर

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** जिले के फतेहपुर क्षेत्र में झुंझुनूं बाइपास पर देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में स्लीपर बस और ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत में 4 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में बस ड्राइवर कमलेश चौधरी, कंडक्टर मितेश, ट्रक ड्राइवर अमित कुमार और गुजरात पुलिस के कांस्टेबल मयंक भाई पटेल शामिल हैं। कमलेश, अमित और मयंक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल मितेश ने जयपुर एसएमएस अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में 13 यात्री घायल हुए, जिनका इलाज सीकर के एसके अस्पताल में चल रहा है।

पुलिस के मुताबिक ट्रक ड्राइवर अमित (25) दिल्ली से नागौर की ओर जा रहा था। हादसे से ठीक पहले वह चिड़ावा में बहन की शादी के लिए कपड़े, जूते खरीदकर और हेयर कटिंग करवाकर लौट रहा था। नागौर में ट्रक हैंडओवर करने के बाद गांव जाकर शादी की तैयारियों में शामिल होना था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

# पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कल से बदलेगा मौसम, बादल छाने से कम होगी सर्दी

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश के पारे में उतार-चढ़ाव का दौर लगातार बना हुआ है। मंगलवार रात प्रदेश के अधिकतर शहरों के पारे में गिरावट दर्ज की गई। प्रदेश के शहरों के पारे में 5 डिग्री तक की गिरावट हुई। 20 शहरों का रात का पारा 10 डिग्री से नीचे रहा। 3.3 डिग्री के साथ नागौर की रात सबसे सर्द रही। जयपुर के अधिकतम तापमान में 0.7 और रात के पारे में 0.2 डिग्री गिरावट दर्ज की गई। जयपुर का अधिकतम तापमान 27.5 और न्यूनतम 10.8 डिग्री दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार नागौर के अलावा फतेहपुर का न्यूनतम तापमान 3.4, सीकर का 5, लूणकरणसर का 5.1, दौसा का 5.7, जालोर का 5.9, चूरू का 6.3, अलवर का 6.5, करौली का 6.6, वनस्थली और सिरोही का 6.8, झुंझुनूं का 7.4, पिलानी का 8, भीलवाड़ा का 8.4, पाली का 8.6, अजमेर का 8.7, डबोक का 8.8, चित्तौड़गढ़ का 9.2, जोधपुर का 9.2 और श्रीगंगानगर का 9.8 डिग्री दर्ज किया गया। 31.1 डिग्री के साथ जैसलमेर का दिन और 13.6 डिग्री के साथ फलौदी की रात सबसे गर्म रही।



मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य में आगामी एक सप्ताह मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। हालांकि 12 दिसंबर से एक नए कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आंशिक बादल छाए रहने से न्यूनतम तापमान में पुनः 2-3 डिग्री बढ़ोत्तरी होने की संभावना है। आगामी 48 घंटे में न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट (1-2 डिग्री) होने की संभावना है।

# प्रवासी राजस्थानी सम्मेल में शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, जल संसाधन, पर्यटन सहित अन्य विषयों पर हुए विशेष सत्र

## प्रवासी राजस्थानी समुदाय से अपनी प्रतिभा को मातृभूमि के विकास से जोड़ने का आह्वान



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** प्रवासी राजस्थानी दिवस पर शिक्षा क्षेत्र पर आयोजित विशेष सत्र में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रवासियों से अपील की कि ज्ञान और विकास की इस यात्रा में अपनी प्रतिभा को मातृभूमि के विकास से जोड़ें, जिससे राजस्थान देश में सिरमौर बन सके।

उन्होंने कहा कि हमारी मंशा है कि प्रवासी राजस्थानी निवेश अनुकूल वातावरण का लाभ उठाएं। साथ ही अपने पैतृक गांवों में शिक्षा के आधारभूत ढांचे के विकास में भी सहयोग करें।

सत्र की अध्यक्षता कर रहे केंद्रीय वन व पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि नई शिक्षा नीति में विद्यार्थियों को प्रोडक्ट के बजाय पर्सनेलिटी बनाने पर जोर दिया गया है और राजस्थान में विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण व उनमें मानवीय गुणों के विकास पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है। सत्र के दौरान उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन कर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में क्रांतिकारी परिवर्तन किए जा रहे हैं। राजस्थान की अर्थव्यवस्था ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रही है।

शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने उपस्थित प्रवासी राजस्थानियों व भामाशाहों से शिक्षा के क्षेत्र में निवेश की अपील करते हुए कहा कि आपके सहयोग से देश को अच्छे नागरिक मिल सकते हैं। शिक्षा में निवेश देश के भविष्य में निवेश है।

### विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अग्रणी राजस्थान


सत्र के प्रारंभ में अतिरिक्त मुख्य सचिव उच्च व तकनीकी शिक्षा कुलदीप रांका ने राजस्थान में उच्च व स्कूल शिक्षा के परिदृश्य को प्रेजेन्टेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया। वहीं शासन सचिव स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल ने कहा कि मानसून के दौरान प्रदेश के स्कूल भवनों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ा है। राज्य सरकार इन भवनों की मरम्मत के लिए पुरजोर प्रयास कर रही है, पर यह काम भामाशाहों के सहयोग से ही हो सकता है।

सत्र के दौरान आयोजित पैनल डिस्कशन में एक सवाल के जवाब में एमिटी यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. असीम चौहान ने कहा कि देश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति जैसा विजनरी रीफॉर्म पिछले 30-40 वर्ष में नहीं देखा गया। अवसरों की बात करें तो जितने अवसर अभी हैं, उतने पिछले कई दशकों में नहीं आए।

दूसरे पैनलिस्ट फिजिक्सवाला के सहसंस्थापक प्रतीक माहेश्वरी ने संसाधनहीन बच्चों के उदाहरण देकर बताया कि डिजिटल शिक्षा से शैक्षिक परिदृश्य बेहतर और सुगम हो रहा है।

निदेशक आईआईटी जोधपुर अविनाश कुमार अग्रवाल ने स्टार्टअप शुरू करने के लिए आवश्यक जरूरतों पर प्रकाश डाला। आनंद राठी ग्रुप के चेयरमैन आनंद राठी ने कहा कि आज हो रही प्रगति में शिक्षा का अहम योगदान है।

पैनल डिस्कशन में ग्रुप वाइस चांसलर बिट्स पिलानी प्रो. वी रामगोपाल राव ने एक्सपीरियंशियल लर्निंग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। निदेशक आईआईएम उदयपुर अशोक बनर्जी ने आज के दौर में आईडिया के महत्व व संस्थानों में एन्टरप्रेन्योरशिप का माहौल तैयार करने की जरूरत बताई।



## गोडावण संरक्षण के लिए ट्रांसमिशन लाइनों के विस्तार का जल्द होगा समाधान

**केन्द्रीय** विद्युत मंत्री मनोहरलाल ने आशा व्यक्त की है कि पश्चिमी राजस्थान में ग्रेट इंडियन बस्टर्ड के संरक्षण के मामले में ट्रांसमिशन लाइनों के विस्तार का जल्द ही विधिक समाधान निकलेगा। उन्होंने कहा कि ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर-तृतीय को केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय से अनुमति प्राप्त हो गई है। केन्द्रीय ट्रांसमिशन नेटवर्क के अन्तर्गत 115 गीगावाट का तंत्र राजस्थान में बनाया जा रहा है। प्रसारण तंत्र का यह विस्तार इस बात का संकेत है कि देश के एनर्जी सेक्टर का सुपर हाईवे राजस्थान से होकर ही गुजरेगा।

मनोहरलाल बुधवार को जेईसीसी में प्रवासी राजस्थानी दिवस के अवसर पर बैटरी एनर्जी स्टोरेज को लेकर आयोजित विशेष सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने राजस्थान में सौर ऊर्जा क्षेत्र के विकास को लेकर राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। सत्र में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान न केवल देश के, बल्कि वैश्विक अक्षय ऊर्जा मानचित्र पर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। आज हमारा प्रदेश सौर ऊर्जा और समग्र अक्षय ऊर्जा क्षमता, दोनों में देश में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा कि इस परिवर्तन में प्रवासी राजस्थानियों का ज्ञान, पूंजी और ग्लोबल नेटवर्क अत्यंत मूल्यवान पूंजी है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राजस्थान को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश को ऊर्जा लेने वाले के स्थान पर देने वाले राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय किए गए हैं। वहीं, 964 मेगावाट सोलर कैप्टिव प्लांटों एवं 1,514 मेगावाट क्षमता वाले सोलर प्लांटों को स्वीकृति दी जा चुकी है, जो उद्योगों और बड़े उपभोक्ताओं को स्वच्छ, सस्ती और दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा देंगे।

प्रदेश के खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि सौर ऊर्जा परियोजनाओं ने पश्चिमी राजस्थान में लोगों का भाग्य बदल दिया है। ऊर्जा राज्यमंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि प्रदेश में पीक ऑवर्स की डिमांड को पूरा करने के लिए बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली को गति दी गई है। राज्य में 6 हजार मेगावाट की भंडारण प्रणाली विकसित की जा रही है। इस अवसर पर राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, ऊर्जा विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा सहित एनर्जी सेक्टर से जुड़ी विभिन्न संस्थाओं, उद्यमों के प्रतिनिधि एवं प्रदेश के विद्युत निगमों के अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रदेश को वेलनेस कैपिटल बनाने के लिए मांगा सहयोग



**प्रवासी** राजस्थानी दिवस पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र पर आयोजित विशेष सत्र में प्रदेश को वेलनेस कैपिटल बनाने के लिएं प्रवासी राजस्थानियों का सहयोग मांगा गया।

सत्र में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में हेल्थ एवं वेलनेस कैपिटल बनने की तमाम संभावनाएं एवं क्षमता मौजूद हैं। राज्य सरकार के निरंतर प्रयासों के साथ ही प्रवासी राजस्थानियों का सहयोग इस सपने का जल्द साकार कर सकता है। उन्होंने कहा कि सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों की स्थापना, मेडिकल टूरिज्म, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, वन हेल्थ रिसर्च सेंटर्स, फार्मा एवं मेडिकल डिवाइस मैन्यूफैक्चरिंग, एआई सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं राजस्थान में मौजूद हैं। प्रवासी राजस्थानी इन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार बेहतर नीति के साथ काम कर रही है। प्रदेश में निरंतर मेडिकल कॉलेजों का विस्तार हो रहा है।

विगत दो वर्ष में 7 नए मेडिकल कॉलेज शुरू किए गए हैं और 15 नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की दिशा में कार्य किया जा रहा है। दो वर्षों में करीब 2200 नई एमबीबीएस, पीजी और सुपर स्पेशलिटी कोर्स की सीटें बढ़ाई गई हैं। अब राजस्थान वन हेल्थ यानी मानव, पशु और पर्यावरण स्वास्थ्य के एकीकृत दृष्टिकोण को लेकर आगे बढ़ रहा है।

### यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज की दिशा में मिसाल पेश कर रहा प्रदेश: खींवसर

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि राजस्थान का स्वास्थ्य मॉडल यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज की दिशा में मिसाल पेश कर रहा है। आने वाले समय में राज्य में विश्व स्तरीय चिकित्सा संस्थानों की स्थापना के साथ ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर को और मजबूत किया जाएगा। इसमें निजी क्षेत्र की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान में हुए एमओयू तेजी से धरातल पर आ रहे हैं। राज्य सरकार की 'हील इन राजस्थान' नीति मेडिकल ट्यूरिज्म को आकर्षित करने की दिशा में बड़ा कदम है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि स्वास्थ्य सामाजिक न्याय का सबसे मूलभूत अधिकार है और यह तभी सार्थक है, जब समाज के सभी वर्गों को समान अवसर और सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हों।

महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने प्रवासी राजस्थानियों से आह्वान किया कि वे महिला स्वास्थ्य, पोषण, डिजिटल मॉनिटरिंग तथा मानसिक स्वास्थ्य अभियानों में अपनी विशेषज्ञता और अनुभव के साथ सहयोग दें, जिससे राज्य के स्वास्थ्य ढांचे को और मजबूती मिले। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने कहा कि राजस्थान ने स्वास्थ्य ढांचे को आधुनिक, डिजिटल और पेशेंट सेंट्रिक बनाने में महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की है।

सत्र में सीआईआई राजस्थान के उपाध्यक्ष रजनीश भंडारी, डॉ. जयवीरसिंह राठौड़, डॉ. विपिन गोयल, संजय झवर, डॉ. मोहनलाल स्वर्णकार और प्रो. विमल शर्मा सहित अन्य विषय विशेषज्ञों ने नवाचार-आधारित स्वास्थ्य मॉडल, सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में प्रवासियों की भूमिका, महिला स्वास्थ्य, डिजिटल हेल्थ और मेड-टेक पर व्यापक विचार प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, आयुर्वेद विभाग के सचिव सुबीर कुमार सहित अन्य अधिकारी, बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानी एवं चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

## नई पर्यटन नीति जारी, लागू करने के लिए बनेगा सेल

**प्रवासी** राजस्थानी दिवस पर राज्य की महत्वाकांक्षी राजस्थान पर्यटन नीति-2025 औपचारिक रूप से जारी की गई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पर्यटन सत्र के दौरान इस नीति का विमोचन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, पर्यटन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, प्रवासी राजस्थानी समुदाय तथा पर्यटन क्षेत्र से जुड़े प्रमुख हितधारक उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री शभजनलाल शर्मा ने कहा कि यह नीति राजस्थान के पर्यटन विकास को नई दिशा देने वाला एक दूरदर्शी दस्तावेज है, जो राज्य को राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर अग्रणी स्थान दिलाने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नई पर्यटन नीति निवेश, नवाचार, रोजगार और सामुदायिक सहभागिता को नई गति देगी। उन्होंने कहा कि पर्यटन नीति को लागू करने के लिए एक समर्पित नीति कार्यान्वयन इकाई स्थापित की जाएगी, ताकि पर्यटन नीति में उल्लेखित सभी बिंदुओं पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

राज्य सरकार ने पर्यटन परियोजनाओं को तेजी से गति देने के लिए पीपीपी मॉडल और इज ऑफ डूइंग बिजनेस को केंद्र में रखा है। सभी अनुमतियों के लिए सिंगल वेब पोर्टल, पर्यटन व्यवसायों की ग्रेडिंग और गतिविधि निगरानी के लिए एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित किया जाएगा। पर्यटन व्यवसायियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिवर्ष राजस्थान पर्यटन पुरस्कार दिए जाएंगे। विद्यार्थियों को पर्यटन कोर्स व कौशल कार्यक्रमों के लिए स्कॉलरशिप तथा पर्यटन उद्यमों को ट्रेनिंग-स्किल इंसेंटिव उपलब्ध कराया जाएगा।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि राजस्थान पर्यटन नीति-2025 के जरिए राज्य सरकार का लक्ष्य आगामी वर्षों में राजस्थान को विश्वस्तर पर प्रतिस्पर्धी, सुरक्षित और पर्यटक-अनुकूल राज्य के रूप में स्थापित करना है। यह नीति राज्य में पर्यटन के विस्तार, रोजगार सृजन, डिजिटल सुविधा, धार्मिक-सांस्कृतिक सर्किट, एस्ट्रो-टूरिज्म, एडवेंचर और वेलनेस टूरिज्म जैसे नए क्षेत्रों को गति देने वाला व्यापक रोडमैप साबित होगी।



### विशेष पर्यटन क्षेत्र और धार्मिक सर्किट

चुनिंदा जिलों में स्पेशल टूरिज्म जोन (एसटीजेड) प्लग-एंड-प्ले मॉडल पर स्थापित किए जाएंगे, जहां आधारभूत संरचना सरकार और आतिथ्य सेवाएं निजी क्षेत्र विकसित करेगा। कृष्ण गमन पथ और बृज-द्वारका तीर्थ मार्ग के तहत राजस्थान के प्रमुख मंदिरों में यात्री सुविधाएं बढ़ाई जाएगी। वन विभाग और देवस्थान विभाग के सहयोग से धार्मिक और वन्यजीव-आधारित टूरिज्म हब भी विकसित किए जाएंगे।

### डिजिटल और अनुभव आधारित पर्यटन

सरकार ऐतिहासिक स्मारकों का थ्रीडी लेजर स्कैन, वीआर अनुभव, डिजिटल संग्रहालय और लाइट-एंड-साउंड शो विकसित करेगी। नई पर्यटन फिल्में, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सहयोग और डिजिटल प्रचार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पर्यटकों को बेहतर डिजिटल सुविधा देने के लिए नया राजस्थान पर्यटन वेब पोर्टल, मोबाइल ऐप, चैटबॉट, डिजिटल मैप व गाइडबुक लॉन्च किए जाएंगे।

### पर्यटक सुविधा और कनेक्टिविटी

राज्य के प्रमुख पर्यटन शहरों में हॉप ऑन-हॉप ऑफ बस सेवा, एयरपोर्ट-रेलवे-बस स्टैंड पर प्री-पेड टैक्सी बूथ, ई-सेगवे, रेंटल साइकिल और गाइडेड ई-वाहन सेवाएं शुरू की जाएंगी। पर्यटकों को सभी परिवहन साधनों में एकीकृत सुविधा देने के लिए राजस्थान ट्रैवल कार्ड भी लाया जाएगा।

### विरासत, शिल्प और वेलनेस टूरिज्म

विरासत संरक्षण के लिए मैन्युस्क्रिप्ट, जनजातीय संस्कृति, वस्त्र और पारंपरिक शिल्प पर आधारित क्राफ्ट म्यूजियम स्थापित किए जाएंगे। योग, आयुर्वेद और नेचुरोपैथी पर आधारित वेलनेस टूरिज्म हब विकसित किए जाएंगे।

### पर्यटक सुरक्षा : 24 गुणा 7 सहायता प्रणाली

राज्य में 24 गुणा 7 टूरिज्म कॉल सेंटर, मजबूत टूरिस्ट असिस्टेंस फोर्स, पर्यटक वाहनों में पैनिक बटन, क्यूआर आधारित फीडबैक सिस्टम, सीसीटीवी और आईईसी गतिविधियों से सुरक्षा तंत्र को मजबूत किया जाएगा। इस अवसर पर स्वायत्त शासन मंत्री झाबरसिंह खर्रा, पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत और विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## 'प्रवासी राजस्थानी दिवस' 2025 में सस्टेनेबल वॉटर इंफ्रास्ट्रक्चर सेशन

### पानी को प्राथमिकता, अलग-अलग प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही सरकार: शर्मा

**'प्रवासी** राजस्थानी दिवस' के अवसर पर 'राजस्थान में सस्टेनेबल वॉटर इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास: एक जिम्मेदारी और एक अवसर' विषय पर सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में राजस्थान की जल सुरक्षा को मजबूत करने के लिए व्यावहारिक, बड़े पैमाने पर लागू होने वाले और टेक्नोलॉजी-आधारित समाधानों पर चर्चा करने के लिए प्रमुख विशेषज्ञ और इंडस्ट्री के इनोवेटर एक साथ आए।

इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पिछले दो सालों में, हमारी सरकार पानी को प्राथमिकता देते हुए अलग-अलग प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही है। हमने राजस्थान के लिए एक विस्तृत योजना तैयार की है, ताकि सिंचाई, उद्योग, पशुधन और घरेलू पानी की जरूरतें पूरी हो सके। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट जैसी बड़ी परियोजनाएं और पानी बचाने के पारंपरिक तरीकों का इस्तेमाल राजस्थान को एक हरा-भरा और ज़्यादा सस्टेनेबल राज्य बना रहा है। कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि आर. आर.आर. सिद्धांत - रियूज, रिड्यूस और रीसायकल में राजस्थान में बहुत ज्यादा संभावना है। इस सिद्धांत को व्यवहार में लाने के लिए हमें अपने प्रवासी राजस्थानियों के समर्थन की जरूरत है। आपके सहयोग से, हम इस तरीके का इस्तेमाल करके पूरे राजस्थान में कृषि के क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव ला सकते हैं। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि पानी बचाना राजस्थान के लोगों की एक पुरानी परंपरा रही है। उन्होंने बजट में वॉटर ग्रिड की घोषणा के लिए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को धन्यवाद भी दिया। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मंत्री कन्हैया लाल ने कहा कि प्रवासन बढ़ने का कारण राजस्थान में पानी की कमी थी।

## जीसीसी और ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी जारी हुई

**राज्य** की इंडस्ट्रियल ग्रोथ को तेज करने के लिए एक अहम कदम उठाते हुए सरकार ने प्रवासी राजस्थानी दिवस पर राजस्थान ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर पॉलिसी 2025 (जीजीसी) और राजस्थान ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी 2025 जारी की। प्रदेश में उद्योग और व्यापार पर केंद्रित इस सत्र में उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने ये नीतियां जारी कीं। इस मौके पर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, उद्योग राज्यमंत्री के. के. विश्नोई, उद्योग विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल और उद्योग आयुक्त सुरेश कुमार ओला भी मौजूद थे। राजस्थान ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर पॉलिसी का मकसद राज्य को ग्लोबल कंपनियों के लिए एक लीडिंग डेस्टिनेशन बनाना, प्रोफेशनल रोजगार को बढ़ावा देना है। यह पॉलिसी इनोवेशन, इन्वेस्टमेंट और ग्लोबल सहयोग को बढ़ावा देगी। पहली बार लॉन्च की गई, राजस्थान ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी 2025 का मकसद वित्तीय संस्थाओं के जरिए ब्याज पर सब्सिडी वाले लोन देना, छोटे व्यापारियों को नए मार्केट तक पहुंचने में मदद करना और ट्रेड सेक्टर में नए इन्वेस्टमेंट को बढ़ावा देना है। यह पॉलिसी निवेश और रोजगार के नए मौके पैदा करेगी और राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास को और बढ़ावा देगी। इस सेशन में एक पैनल चर्चा भी हुई, जिसे नेशनल इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रेसिडेंट और सीईओ रोहित साबू ने मॉडरेट किया, जिसमें राजस्थान की तरक्की पर इंडस्ट्री लीडर्स के बीच संवाद को बढ़ावा दिया गया। चर्चाओं में एनर्जी, माइनिंग, टूरिज्म और इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल थे। चर्चा में हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेब्बर, जेके सीमेंट लिमिटेड के सीईओ माधव सिंघानिया, टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर पृथ्वीश चौधरी आदि ने भाग लिया।

## 'राज्य का खनिज यहीं प्रोसेस हो'

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य में खनन क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं, साथ ही वह ऊर्जा और ताकत भी है, जो प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाए। उन्होंने कहा कि हमारी मंशा है कि राजस्थान के खनिज राज्य में ही प्रोसेस हों और राज्य में ही उत्पाद बनें, जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकें। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों से आह्वान किया कि वे राज्य में निवेश कर राजस्थान को देश का अग्रणी औद्योगिक राज्य बनाने में सहयोग करें।

मुख्यमंत्री शर्मा बुधवार को प्रवासी राजस्थानी दिवस पर माइनिंग विषय पर आयोजित सेक्टोरल सेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में प्रधान खनिज के 112 ब्लॉक्स की नीलामी की जा चुकी है, जिससे राजस्थान देश में दूसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि फ्लोराइट, एमराल्ड, गोल्ड, गारनेट, लेड-जिंक, आरईई और पोटाश जैसे खनिजों की पहली बार नीलामी की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाड़मेर-सांचौर बेसिन, जैसलमेर बेसिन में प्राकृतिक गैस का उत्पादन हो रहा है। साथ ही राजस्थान रिफाइनरी परियोजना का 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। केंद्रीय खान एवं कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि राजस्थान क्रिटिकल माइनिंग के मुख्य केंद्र के रूप में उभर रहा है। रक्षा, ऊर्जा, कृषि, सोलर, ऑटोमोबाइल सहित विभिन्न क्षेत्रों में क्रिटिकल मिनरल्स की बढ़ती मांग को पूरा करने का सामर्थ्य राजस्थान में है।



### आईआईटी, धनबाद तथा हैदराबाद के साथ हुआ एमओयू

सेशन के दौरान माइंस विभाग तथा आईआईटी, धनबाद के मध्य एमओयू किया गया। इसके तहत आईआईटी, धनबाद के सहयोग से प्रदेश के वीभिन्न स्थानों पर क्रिटिकल मिनरल तथा रेयर अर्थ एलिमेंट्स की उपलब्धता की संभावनाओं पर अध्ययन किया जाएगा। इस दौरान माइंस विभाग तथा आईआईटी, हैदराबाद के मध्य भी एक एमओयू किया गया। इस एमओयू के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में क्रिटिकल तथा स्ट्रेटेजिक मिनरल्स के समुचित एवं त्वरित खनन को गति मिलेगी।

### इन पोर्टल्स की हुई लॉन्चिंग

सेक्टोरल सेशन के दौरान राजस्थान सिटी गैस वितरण पोर्टल तथा डैशबोर्ड फॉर माइनिंग ऑपरेशनलाइजेशन की लॉन्चिंग की गई। इस अवसर पर सैनिक कल्याण राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी, प्रमुख शासन सचिव खान एवं पेट्रोलियम विभाग टी. रविकांत सहित अन्य विभागीय अधिकारी तथा खनन जगत के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में उपलब्ध क्रिटिकल मिनरल का खनन कर विकास की नई गाथा लिखी जाएगी। साथ ही प्रदेश की अर्थव्यवस्था तथा रोजगार सृजन में भी माइनिंग क्षेत्र अहम भूमिका निभाएगा। जनजाति विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि प्रदेश में प्रचुर मात्रा में खनिज संपदा उपलब्ध है, राज्य सरकार इनके खनन में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता से रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में कार्य कर रही है।

### मंत्रिमंडल विस्तार पर पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां की चुटकी

# 'जैसे कुंवारे को शादी की उम्मीद, वैसे ही विधायकों को मंत्री पद की'

### कोटा दौरे पर रहे भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और हरियाणा के प्रभारी डॉ. सतीश पूनियां

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर/कोटा।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और हरियाणा के प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया बुधवार को कोटा दौरे पर रहे। कैबिनेट विस्तार को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि जैसे कुंवारे युवक को शादी की उम्मीद बनी रहती है, वैसे ही कुछ विधायकों को मंत्री बनने की उम्मीद रहती है। उन्होंने कहा कि चर्चाएं अच्छी हैं और इससे उम्मीदें जिंदा रहती हैं। डॉ. पूनियां ने दिवंगत पूर्व विधायक विजय सिंह पलायथा और पूर्व मंत्री भरत सिंह कुंदनपुर के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना भी दी। इसके बाद सर्किट हाउस पहुंचने पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।


पूर्व मंत्री भरत सिंह कुंदनपुर के निधन के बाद उनके निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते डॉ. सतीश पूनियां

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के यमुना जल पर दिए बयान पर डॉ. पूनिया ने पलटवार किया कि कांग्रेस अपने शासन में पानी नहीं ला पाई, इसलिए अब उन्हें तकलीफ हो रही है। उन्होंने कहा कि यमुना जल की डीपीआर तैयार हो रही है और जल्द ही राजस्थान को फायदा मिलेगा। राज्य में निवेश और प्रशासनिक सुधारों का जिक्र करते हुए डॉ. पूनियां ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पेपर लीक पर अंकुश लगा है और दो वर्षों में 7 लाख करोड़ के एमओयू धरातल पर उतरे हैं, जिससे रोजगार और आर्थिक विकास को बल मिलेगा।

### दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर सूची में शामिल करना देश के लिए गर्व का क्षण

# दीपावली सिर्फ त्योहार नहीं, हमारी जीवित विरासत है : शेखावत

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर/नई दिल्ली।** भारत के लिए बुधवार का दिन ऐतिहासिक रहा, जब दीपावली को आधिकारिक रूप से यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल कर लिया गया। यह भारत की 16वीं सांस्कृतिक प्रविष्टि है। वैश्विक स्तर पर मिली यह मान्यता दीपावली की आध्यात्मिक परंपराओं, सांस्कृतिक गहराई और मानवता को एकजुट करने वाली रोशनी के संदेश का अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। कार्यक्रम में मौजूद केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि यह क्षण हर भारतीय के लिए गर्व और भावनाओं से भर देने वाला है। उन्होंने कहा कि दीपावली केवल मनाया जाने वाला त्योहार नहीं है, बल्कि पीढ़ियों तक महसूस करने और जिया जाने वाला अनुभव है।



शेखावत ने जोर देकर कहा कि यह सम्मान केवल गौरव नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है कि दीपावली को जीवित परंपरा के रूप में सुरक्षित रखा जाए। उन्होंने कहा कि कुम्हार, कारीगर, किसान, मिठाइकार, पुजारी सभी मिलकर इस संस्कृति का लौ को सदियों से जलाए हुए हैं।

प्रवासी भारतीय समुदाय ने भी दुनियाभर में दीपावली के प्रकाश को भारत की सह-अस्तित्व और सद्भावना की पहचान के रूप में आगे बढ़ाया है।

दिल्ली चलो रैली : जयपुर शहर के कांग्रेस जन हुए एकत्र

## रैली को सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध : राजीव अरोड़ा



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मतदाता सूची पुनरीक्षण एवं मतदाता सूची में गड़बड़ी को समर्पित कांग्रेस की दिल्ली में होने वाली रैली को सफल बनाने एवं आम जनता को मतदाता सूचियों में हो रही गड़बड़ी से सावधान एवं सावचेत करने के लिए जयपुर शहर में कांग्रेस जन सक्रियता से कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व राज्यमंत्री राजीव अरोड़ा के कार्यालय में वरिष्ठ एवं प्रतिबद्ध कांग्रेस जन की मीटिंग हुई। मीटिंग में राजीव अरोड़ा ने कहा कि रैली में भाग लेना ना केवल पार्टी की गतिविधियों को संबल देता है, बल्कि कार्यकर्ताओं के बीच आपसी संबंध एवं दूसरे राज्यों के कार्यकर्ताओं से मेलजोल भी सुदृढ़ करता है। पूर्व राज्यमंत्री ने जयपुर शहर की आठों विधानसभा क्षेत्रों से उपस्थित रहे साथियों को जन संपर्क, जन जागरूकता एवं रैली को सफल बनाने के लिए 100 प्रतिशत योगदान का अनुरोध करते हुए पार्टी एवं शीर्ष नेतृत्व को स्वयं की ओर से आश्वस्त किया। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस जन विक्रम सिंह पवार, कैलाश शर्मा गुरुजी, सुनील जेदिया, अजय सक्सेना, मधु गुप्ता, रामफूल मीना, पूर्व पार्षद लादूराम दुलरिया, दीपक हर्ष, दीपक धीर, देशबंधु नायला, नीरज चतुर्वेदी, अरशद अली, सुरज्ञान, प्रमोद गुर्जर, डॉ. नितिन शारदा भगेरिया आदि मौजूद रहे।

## भारतीय मजदूर संघ की 'हुंकार रैली' 26 को, तैयारियों की हुई समीक्षा




**382 संगठनों का प्रतिनिधित्व, एक लाख प्रतिभागियों को जुटाने का लक्ष्य**

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** भारतीय मजदूर संघ जयपुर जिला इकाई की बैठक जिला अध्यक्ष रंजीत गुर्जर की अध्यक्षता में संघ कार्यालय में हुई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य 26 दिसंबर को होने वाली प्रदेश स्तरीय 'हुंकार रैली' की तैयारियों की समीक्षा करना रहा। रैली संयोजक दीनानाथ रूथला ने बताया कि श्रमिकों की समस्याएं कई बार सरकार तक पहुंचाई गईं, लेकिन गंभीरता से नहीं ली गईं।

उन्होंने कहा कि संघ 382 संगठनों का शक्तिशाली मंच है, जो लाखों श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करता है।


प्रचार मंत्री अक्षय कुमार ने बताया कि रैली के प्रचार, प्रबंधन और संपर्क कार्यों की जिम्मेदारी विभिन्न यूनियनों को सौंपी गई है तथा एक लाख से अधिक प्रतिभागियों को जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। पदाधिकारियों ने रैली को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

### मंत्रिमंडल की बैठक में अनुमोदन, सभी नगरीय निकायों में होगी लागू

# ट्रांजिट-ओरिएंटेड डवलपमेंट नीति से खुलेगा संतुलित शहरी विकास का मार्ग

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राज्य सरकार द्वारा निरंतर नवाचार और जनहितैषी नीतियां लागू की जा रही हैं। इसी कड़ी में राजस्थान के शहरी क्षेत्रों में बढ़ते ट्रैफिक जाम, प्रदूषण, अव्यवस्थित भूमि उपयोग और आर्थिक हानि जैसी चुनौतियों को देखते हुए राज्य सरकार ट्रांजिट-ओरिएंटेड डवलपमेंट (टीओडी) के रूप में एक नई और दूरदर्शी शहरी नियोजन नीति को अपनाने की दिशा में अग्रसर है। जिसका अनुमोदन बुधवार को मंत्रिमंडल बैठक में किया गया। विभाग द्वारा जल्द ही अधिसूचना जारी कर इसे सभी नगरीय निकायों में लागू किया जाएगा।




टीओडी एक आधुनिक शहरी विकास मॉडल है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक परिवहन स्टेशनों के आसपास कॉम्पैक्ट, मिश्रित-उपयोग एवं उच्च घनत्व वाले क्षेत्रों का विकास करना है। यह पैदल एवं गैर-मोटर चालित परिवहन को प्रोत्साहित कर शहरों को अधिक सुगम, पर्यावरण-अनुकूल और रहने योग्य बनाता है।

राजस्थान के शहरों में लगातार बढ़ रहे प्रदूषण, कंजेशन और अव्यवस्थित विस्तार को देखते हुए राज्यस्तरीय टीओडी नीति की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। यह नीति भूमि उपयोग और परिवहन के बेहतर समेकन के साथ लोगों और रोजगारों को सार्वजनिक परिवहन के निकट लाकर शहरों में कम दूरी पर सहज आवागमन सुनिश्चित करेगी। टीओडी के माध्यम से मेट्रो, आरआरटीएस जैसे बड़े परिवहन निवेशों का अधिकतम लाभ उठाया जा सकेगा। यह पुराने आवासीय क्षेत्रों के पुनरुद्धार, नए आवास विकल्पों के निर्माण, आर्थिक केंद्रों के विकास और महत्वपूर्ण नोड्स पर भूमि मूल्य में वृद्धि के अवसर प्रदान करेगा। इसके साथ ही ट्रैफिक दबाव में कमी, सार्वजनिक परिवहन की सवारी में वृद्धि और प्रदूषण में दीर्घकालिक कमी जैसे परिणाम सुनिश्चित होंगे।

**सरकार का यह कदम मील का पत्थर : खर्रा**

नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि इस नीति के माध्यम से सार्वजनिक परिवहन आधारित शहरी विकास को बढ़ावा दिया जाएगा, पैदल एवं साइकिल अनुकूल बुनियादी ढांचे का विस्तार किया जाएगा। मिश्रित उपयोग वाले, कॉम्पैक्ट और उच्च घनत्व क्षेत्रों का निर्माण होगा, ट्रैफिक जाम, दूरी और प्रदूषण में कमी लाने के प्रयास किए जाएंगे, साथ ही इससे आर्थिक गतिविधियों में तीव्रता एवं सार्वजनिक परिवहन का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। राज्य सरकार का यह कदम राजस्थान के शहरों को अधिक व्यवस्थित, आकर्षक और भविष्य-उन्मुख बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

## दो किमी लंबी गोपालपुरा एलिवेटेड रोड का निर्माण शुरू, खर्च होंगे 218 करोड़

### पाइलिंग का काम शुरू, सीएम ने रखी थी नींव



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** आमजन को जाम से बचाने के लिए जेडीए ने गोपालपुरा बाइपास पर एलिवेटेड रोड का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। टेस्टिंग सहित अन्य प्रक्रिया के बाद पाइलिंग का काम शुरू हो चुका है। एलिवेटेड रोड के निर्माण पर करीब 218 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

जानकारी के अनुसार एलिवेटेड रोड त्रिवेणी नगर पुलिया से गुर्जर की थड़ी तक बनाई जाएगी। यह करीब 2.16 किमी लंबी और 17.20 मीटर चौड़ी होगी। यह चार लेन में बनाई जाएगी। इस काम की नींव मुख्यमंत्री भजनलाल ने अक्टूबर माह में रखी थी। इसका काम ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। यातायात बीच सुरक्षा के लिए डिवाइडर के दोनों तरफ बेरिकेडिंग की गई। वर्तमान में गोपालपुरा बाइपास के बीच बने डिवाइडर पर पाइलिंग का काम किया जा रहा है। एलिवेटेड बनाने के काम को 30 माह में पूरा करने का टारगेट तय किया गया है।

**रोजाना गुजरते हैं एक लाख से अधिक वाहन**

गोपालपुरा बाइपास पर रोजाना एक लाख से अधिक वाहन गुजरते हैं। इस रोड पर बड़ी संख्या में शिक्षा संस्थान बने हुए हैं। इसके चलते दिनभर इस रोड पर दिनभर जाम के हालात रहते हैं। इसी को ध्यान में रखकर जेडीए द्वारा एलिवेटेड रोड बनाने पर काम किया जा रहा है। गोपालपुरा एलिवेटेड रोड के निर्माण को लेकर 7 फरवरी 2028 की डेडलाइन तय की गई है। एलिवेटेड बनने के बाद आमजन को गोपालपुरा बाइपास और रिद्धि-सिद्धि चौराहे पर लगने वाले जाम से मुक्ति मिल जाएगी।

## मदार-बांद्रा टर्मिनस-दुर्गापुरा सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का संचालन

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए मदार-बांद्रा टर्मिनस-दुर्गापुरा सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन (1 ट्रिप) का संचालन किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार 09603 मदार-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 11 दिसंबर को (1 ट्रिप) मदार से 18:30 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर 20:40 बजे आगमन व 20:50 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 15:35 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन मार्ग में किशनगढ़, जयपुर, दुर्गापुरा, सवाईमाधोपुर, कोटा, रामगंज मंडी, भवानी मंडी, रतलाम, वडोदरा, भरूच, सूरत, वापी व बोरीवली स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इसी प्रकार 09604 बांद्रा टर्मिनस-दुर्गापुरा सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 12 दिसंबर को (1 ट्रिप) बांद्रा टर्मिनस से 18:20 बजे रवाना होकर अगले दिन 14:40 बजे दुर्गापुरा पहुंचेगी। यह ट्रेन मार्ग में बोरीवली, वापी, सूरत, भरूच, वडोदरा, रतलाम, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा व सवाईमाधोपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस ट्रेन में 3 सेकंड एसी, 10 थर्ड एसी, 2 थर्ड एसी इकोनॉमी, 3 द्वितीय शयनयान, 2 साधारण श्रेणी व 2 पावरकार डिब्बे कुल 22 डिब्बे होंगे।



पूर्व सैनिकों के सम्मान में बड़ा कदम : रेक्स्को और एसबीआई के बीच ऐतिहासिक अनुबंध

## आश्रितों को मिलेगी 1 करोड़ तक की आर्थिक सुरक्षा




महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान पूर्व सैनिक निगम (रेक्स्को) में संविदा पर कार्यरत हजारों पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के लिए बुधवार का दिन ऐतिहासिक रहा। सैनिकों के कल्याण और आर्थिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में रेक्स्को और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बीच विशेष अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत रेक्स्को में कार्यरत लगभग 15,000 पूर्व सैनिकों को एसबीआई द्वारा प्रदान किए जाने वाले वेतन पैकेज के आधार पर बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के दुर्घटना बीमा कवर उपलब्ध कराया जाएगा।

बीमा योजना के अनुसार दुर्घटना में मृत्यु की स्थिति में पूर्व सैनिक के आश्रितों को वेतन श्रेणी के अनुसार 30 लाख से लेकर 1 करोड़ तक की राशि प्रदान की जाएगी। 10,000 से 25,000 वेतन पाने वालों को 30 लाख, 25,000 से 50,000 वालों को 50 लाख, 50,000 से 1 लाख वेतन वालों को 80 लाख और 1 लाख से अधिक वेतन श्रेणी में आने वाले पूर्व सैनिकों के परिवारों को 1 करोड़ तक का बीमा कवर मिलेगा। इस कॉर्पोरेट पैकेज में अन्य बैंकिंग सुविधाएं भी शामिल हैं। समारोह जयपुर के विद्याधर नगर स्थित रेक्स्को मुख्यालय में आयोजित हुआ, जिसमें रेक्स्को के प्रबंध निदेशक मेजर जनरल विजय सिंह, जीएम (सुरक्षा) कर्नल हरीश खंगारोत, जीएम (वित्त) कर्नल संजीव खंडेलवाल, सूबेदार मेजर बजरंग सिंह राठौड़ और कैप्टन नरेंद्र गजराज उपस्थित रहे। एसबीआई की ओर से डीजीएम अशीफ रजा अली ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

बियानी कॉलेज ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट के छात्रों ने ग्रामीण भारत को बनाया स्वस्थ और जागरूक

## पचार एवं कालवाड़ में नुक्कड़ नाटक, सर्वे और राहत सामग्री का वितरण




महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** बियानी कॉलेज ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट के उन्नत भारत अभियान क्लब ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रियता दिखाई। उन्नत भारत अभियान के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निखिल चतुर्वेदी के नेतृत्व में कॉलेज के स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने जयपुर के निकटवर्ती पचार एवं कालवाड़ गांवों में स्वास्थ्य जागरूकता, सामाजिक सर्वेक्षण और जरूरतमंदों को राहत सामग्री वितरण जैसी कई सार्थक गतिविधियां आयोजित कीं।

इसकी शुरुआत स्वयंसेवकों ने 'स्वस्थ भारत, स्वस्थ युवा' थीम पर पचार गांव में एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से अच्छे स्वास्थ्य, व्यक्तिगत स्वच्छता, पौष्टिक आहार और वेलनेस के सरल उपायों पर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक के बाद छात्रों ने उन्नत भारत अभियान के तहत घर-घर सर्वे किया। इस सर्वे में गांव के निवासियों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता, रोजगार के साधन और अन्य विकास संबंधी जरूरतों की जानकारी एकत्र की गई। इस प्रक्रिया से छात्रों को किताबी ज्ञान से परे ग्रामीण भारत की वास्तविक चुनौतियों को करीब से समझने का अवसर मिला। दूसरी गतिविधि कालवाड़ गांव में हुई। यहां उन्नत भारत अभियान की टीम ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों के घरों का दौरा किया तथा उन्हें सैनेटरी नैपकिन, बिस्किट, वेफर्स और अन्य जरूरी दैनिक उपयोग की वस्तुएं वितरित कीं। उन्नत भारत अभियान के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निखिल चतुर्वेदी ने विचार रखे।

### कार्रवाई : टीम ने बापू बाजार, इंद्रा बाजार और चांदपोल क्षेत्र सहित अन्य इलाकों में चलाया अभियान

# निगम ने किशनपोल जोन में 4 अवैध दुकानों को किया सीज

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** नगर निगम जयपुर ने बुधवार को किशनपोल जोन में अवैध निर्माण पर कार्रवाई की। टीम ने अभियान चलाकर बापू बाजार, इंद्रा बाजार और चांदपोल क्षेत्र में अवैध रूप से बने निर्माणों और दुकानों को सीज कर दिया।

इस संबंध में जोन उपायुक्त विजेंद्र कुमार ने बताया कि जोन निरीक्षण के दौरान कई व्यापारिक प्रतिष्ठान बिना सक्षम स्वीकृति और बिना इजाजत निर्माण करते पाए गए थे।




मामले की गंभीरता देखते हुए निगम की टीम तुरंत हरकत में आई और मौके पर ही चार दुकानों को सीज कर दिया गया। निगम ने दुकान नंबर 121, 122 बापू बाजार, दुकान नंबर 209 इंद्रा बाजार और दुकान नंबर 27 अनाज मंडी, चांदपोल गेट के बाहर, जालूपुरा को सीज कर दिया।

**29 हजार का कैरिंग चार्ज वसूल 12 कैंटर सामान किया जब्त**

नगर निगम की सतर्कता शाखा ने विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमणों पर कार्रवाई की। टीम ने जेएलएन मार्ग, अपेक्स सर्किल, बी-2 बाइपास से इंडिया गेट के दोनों तरफ, वीटी रोड मानसरोवर, शिप्रापथ तिब्बती मार्केट के पास, बड़ी चौपड़, सांगानेरी गेट, जौहरी बाजार, त्रिपोलिया बाजार, घाटगेट, पिंक स्क्वायर मॉल, एमडी रोड, होटल अरिहंत, गीता भवन, दिल्ली बाईपास रोड, गलता गेट, मोती डूंगरी रोड, रामगढ़ मोड़, जामडोली, मोहनपुरा रोड, ब्रह्मपुरी चौराहा, चांदी की टकसाल, हटवाड़ा रोड, घोड़ा निकास रोड से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 29 हजार रुपए का कैरिंग चार्ज वसूल कर 12 कैंटर सामान जब्त किया।

## सफाई में लापरवाही बरतने पर निरीक्षक और जमादार पर गिरी गाज

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** सफाई में कोताही बरतने के मामले में कार्यवाहक मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक और कार्यवाहक जमादार पर निगम प्रशासन ने कार्रवाई की है। निगम ने निरीक्षक को 17 सीसी का नोटिस तो वहीं जमादार को सस्पेंड किया है। इस संबंध में निगम आयुक्त गौरव सैनी ने आदेश जारी किए हैं। जानकारी के अनुसार शहर में कचरा उठाने व सफाई में लगातार लापरवाही सामने आ रही थी। इस पर हाल ही निगम आयुक्त ने मौका निरीक्षण किया। निरीक्षण में गदंगी देखकर नाराजगी जाहिर की और सिविल लाइंस जोन के कार्यवाहक मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक योगेश को 17 सीसी चार्जशीट और कार्यवाहक जमादार सुरेश को सस्पेंड कर दिया गया।

**रिफाइनरी को सीधा रेलवे नेटवर्क से जोड़ने की तैयारी**

# 35 साल बाद फिर दौड़ेगी बालोतरा-पचपदरा रेल!

महानगर टाइम्स संवाददाता




**बाड़मेर।** राजस्थान के सबसे बड़े औद्योगिक प्रोजेक्ट पचपदरा रिफाइनरी को सीधे रेलवे नेटवर्क से जोड़ने की तैयारी शुरू हो गई है। लगभग 35 साल बाद, बालोतरा से पचपदरा के बीच एक बार फिर रेल सेवा शुरू होने की संभावनाएं जग गई हैं। उत्तर-पश्चिम रेलवे ने 11 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन का महत्वाकांक्षी प्रस्ताव तैयार करके रेलवे बोर्ड को भेजा है। बोर्ड से सर्वे को हरी झंडी मिलते ही इस परियोजना पर काम शुरू हो जाएगा।

रिफाइनरी ही नहीं, क्षेत्र का औद्योगिक कॉरिडोर मजबूत होगा

यह रेल कनेक्टिविटी न केवल रिफाइनरी के संचालन के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह पश्चिमी राजस्थान के लिए गेम चेंजर साबित होगी। इस लाइन से क्षेत्र में उद्योग, रोजगार और निवेश के नए अवसर खुलेंगे, जिससे एक मजबूत इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनेगा। रिफाइनरी से प्रतिदिन हजारों टन पेट्रोलियम उत्पादों का उत्पादन होगा। यदि इसका बड़ा हिस्सा रेलवे के जरिए ढोया जाता है, तो रेलवे को सालाना सैकड़ों करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व मिलेगा। नई लाइन बिछाने से पहले सर्वे का काम किया जाएगा, जिस पर अनुमानित रूप से लगभग 33 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। पिछले महीने जोनल रेलवे ने बोर्ड से इसकी स्वीकृति मांगी थी।

**नमक उद्योग की कहानी और 1992 में बंद हुई थी ट्रेन:** स्थानीय लोगों में इस परियोजना को लेकर खासा उत्साह है, क्योंकि यह कोई नया रूट नहीं है। इस मार्ग पर लगभग 35 साल पहले ट्रेन चला करती थी, जिसे 1992 में बंद कर दिया गया था और बाद में रेलवे ट्रैक भी हटा लिया गया था। इस पुरानी ट्रेन की कहानी पचपदरा के नमक उद्योग से जुड़ी है। सैकड़ों सालों से नमक उत्पादन का केंद्र रहे पचपदरा में, स्थानीय नगर सेठ गुलाब चंद के आग्रह पर तत्कालीन अंग्रेज सरकार ने 1939 में बालोतरा से पचपदरा साल्ट तक एक रेलवे ट्रैक बिछाया था। इस ट्रेन में नमक लदान के लिए वैगन के साथ दो यात्री कोच भी जोड़े गए थे। पचपदरा साल्ट की नमक खदानों से हज़ारों टन नमक रोजाना इसी ट्रेन से ढोया जाता था। 1990 की बाढ़ में रेलवे ट्रैक क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके बाद ट्रेन बंद कर दी गई थी।

**नए साल में सौगात की उम्मीद:** अब रिफाइनरी के नए साल में शुरू होने की संभावनाओं और बोरावास, कलावा, रामनगर में प्रस्तावित पेट्रोजोन से नए उद्योग स्थापित होने के कारण इस रेल योजना को बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है. जानकारों का मानना है कि डीएफसी (डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर) से जुड़ने के बाद रिफाइनरी प्रोडक्ट, मशीनरी और अन्य उत्पादों के आदान-प्रदान को गति मिलेगी। स्थानीय प्रतिनिधि डालूराम प्रजापति और डूंगर देवासी सहित स्थानीय निवासियों (रोशन खान ओमसिंह ,राजेश्वरी ) ने उम्मीद जताई है कि नए साल में इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर ज़मीनी स्तर पर कार्य शुरू हो जाएगा।

## स्वर्णनगरी एक्सप्रेस में 3 कोच बढ़ाए

### दिल्ली-जैसलमेर ट्रेन में 1 थर्ड एसी व 2 स्लीपर कोच से यात्रियों को मिलेगी बड़ी राहत

**जैसलमेर।** रेलवे ने सर्दी की आगामी छुट्टियों में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए बड़ा फैसला लिया है। नई दिल्ली के शकूरबस्ती से जैसलमेर के बीच चलने वाली स्वर्णनगरी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12249/12250) में यात्रियों की सुविधा के लिए अस्थायी रूप से तीन अतिरिक्त डिब्बे जोड़े जा रहे हैं। इस कदम से वेटिंग लिस्ट वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। रेलवे के अनुसार, यह अस्थायी बढ़ोतरी विशेष रूप से अतिरिक्त यात्री यातायात को संभालने के उद्देश्य से की गई है। ट्रेन में अब 1 थर्ड एसी श्रेणी का डिब्बा और 2 द्वितीय शयनयान (स्लीपर) श्रेणी के डिब्बे जोड़े जाएंगे।

**यह बदलाव तत्काल प्रभाव से लागू किया जा रहा है और इसकी समय-सारणी इस प्रकार है:**

शकूरबस्ती से: यह बढ़ोतरी 9 दिसंबर से 16 दिसंबर तक लागू रहेगी।

जैसलमेर से: यह बढ़ोतरी 10 से 17 दिसंबर तक प्रभावी होगी।

**यात्रियों को कन्फर्म सीट दिलाने में मददगार:** कुल सात दिनों की यह अस्थायी व्यवस्था यात्रियों को कन्फर्म सीट दिलाने में मददगार साबित होगी, खासकर उन यात्रियों के लिए जो थर्ड एसी और स्लीपर श्रेणी में यात्रा करना चाहते हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यह डिब्बे पूरी तरह से आरक्षित रहेंगे, और इनकी बुकिंग शुरू कर दी गई है। यात्री अपनी यात्रा की योजना बनाते समय इस अतिरिक्त सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। यह निर्णय लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों की मांग को देखते हुए लिया गया है।

## जर्सी पाकर खिले विद्यार्थियों के चेहरे



महानगर टाइम्स संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** सर्दी से राहत प्रदान करने के लिए विभिन्न संस्थाओं एवं भामाशाहों द्वारा ऊनी वस्त्रों का दान किया जा रहा है। इसी क्रम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भदलाव में भामाशाह रामप्रसाद मीना द्वारा स्थानीय विद्यालय के विद्यार्थियों को जर्सी एवं कुक कम हेल्पर को कम्बल प्रदान किए गए। प्रधानाचार्य राजेश कुमार शर्मा ने बताया की गत आठ वर्षों से भामाशाहों द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को जर्सियों का वितरण किया जा रहा है। गत वर्ष भी भामाशाह रामप्रसाद मीना द्वारा विद्यार्थियों को जर्सियों का वितरण किया गया था।

## अस्थाई रैन बसेरा शुरू, बेसहारा लोगों को मिलेगी सर्दी से राहत



महानगर टाइम्स संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** राजस्थान सरकार की पहल के अंतर्गत नगर पालिका रामगढ़ पचवारा परिसर में बुधवार को अस्थाई रैन बसेरा का शुभारंभ किया गया। अधिशासी अधिकारी सुनील सोहेल ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल की मानवीय पहल के अंतर्गत अस्थाई रैन बसेरा शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि राहगीरों, मरीजों व फुटपाथ पर जीवन यापन करने वाले बेसहारा लोगों के लिए अस्थाई रैन बसेरा सर्दी से राहत प्रदान करेगा। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि रैन बसेरा में बेसहारा लोगों के लिए बाथरूम-शौचालय सहित शयन की पुख्ता व्यवस्था की जाएगी।

## बच्चों के उत्तम भविष्य के लिए किया यज्ञ का आयोजन



महानगर टाइम्स संवाददाता

**नवलगढ़।** कस्बे के प्राथमिक आदर्श विद्या मंदिर प्रांगण में बुधवार को परीक्षा पूर्व यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में प्रबंध समिति के सदस्य विश्वनाथ जोशी, सीताराम घोड़ेला, सुरेश कुमावत, प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह व समस्त आचार्य/आचार्या व विद्या मंदिर के भैया, बहनों द्वारा 108 गायत्री मंत्र के साथ आहुति दी गई। यज्ञ के दौरान भैया, बहनों द्वारा ईश्वर से बुद्धि की प्रार्थना व उत्तम परीक्षा परिणाम के लिए आशीर्वाद लिया गया। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ किया गया।

**राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम: पलसाना सीएचसी में लगा मेगा शिविर**

# शिविर में 102 बच्चों का उपचार

### 25 बच्चों को उच्च संस्थान में इलाज के लिए किया रैफर

महानगर टाइम्स संवाददाता




**सीकर।** चिकित्सा विभाग के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जन्मजात बीमारियों व विकृतियों से पीड़ित चिन्हित किए गए बच्चों के उपचार के लिए बुधवार को पलसाना सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मेगा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सुशीला, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. देवेन्द्र सिंह, इएनटी विशेषज्ञ डॉ. शिप्रा सिंह, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. साक्षी सिंगल, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. रेणू पूनियां ने सेवाएं दी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक महरिया ने बताया कि आरबीएसके कार्यक्रम के तहत ब्लॉकवार कार्यरत टीमों द्वारा स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र व मदरसों में जाकर बच्चों की स्क्रीनिंग कर चिन्हित किया जाता है। इस दौरान जन्मजात विकृतियों व बीमारियों से पीड़ित पाए जाने वाले बच्चों को उपचार के लिए पीएचसी, सीएचसी व उच्च संस्थान में रैफर किया जाता है।

आरसीएचओ डॉ. विशाल सिंह ने बताया कि ब्लॉक पलसाना में आरबीएसके की टीम द्वारा चिन्हित किए गए बच्चों के लिए लगाए इस शिविर में 127 में से 102 बच्चों का उपचार किया गया। वहीं 25 बच्चों को उपचार के लिए उच्च संस्थान में इलाज के लिए रैफर किया गया। ये शिविर ब्लॉकवार सात फरवरी तक लगाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि आगामी 11 दिसम्बर को सीएचसी खाचरियावास, 12 को सीएचसी बेसवा, 13 को सीएचसी थोई, 15 को सीएचसी खीरवा, 16 को सीएचसी कांवट, 17 को सीएचसी गुहाला, 18 को सीएचसी श्रीमाधोपुर, 19 को पीएचसी सांवलपुरा तंवरान, 20 को सीएचसी पाटन, 22 को सीएचसी धोद, 23 को सीएचसी मंगूलणा, 24 को सीएचसी पिपराली का शिविर लगेंगा। इसके अलावा 6 जनवरी को सीएचसी दांता, 7 जनवरी को सीएचसी रामगढ़ सेठान, 8 को पीएचसी मावंडा खुर्द, 9 को सीएचसी टोडा, 10 जनवरी को सीएचसी रोलसाहबसर, 12 को सीएचसी जीलो, 13 को सीएचसी कोलिडा, 15 को सीएचसी जाजोद, 16 को उप जिला अस्पताल नेछ्वा, 17 जनवरी को सीएचसी जीणामाता में कैम्प लगेगा। वहीं 19 जनवरी को सीएचसी फागलवा, 20 को सीएचसी जाजोद, 21 को सीएचसी गणेश्वर, 22 को सीएचसी मउ, 23 को एसडीएच अजीतगढ, 24 को सीएचसी बीबीपुर बड़ा, 27 को सीएचसी पलासरा, 28 जनवरी को एसडीएच लोसल, 29 को सीएचसी बलारा, 30 जनवरी को एसडीएच खाटूश्यामजी, 31 को पीएचसी प्रितमपुरी में शिविर लगेगा। दो फरवरी को एसडीएच खण्डेला, 3 फरवरी को सीएचसी पाटोदा, 4 फरवरी को सीएचसी रानोली, 5 फरवरी को सीएचसी कूंदन, 6 फरवरी को एसडीएम रींगस और 7 फरवरी को उप जिला अस्पताल फतेहपुर में शिविर आयोजित होगा।

## सेमिनार में विद्यार्थियों ने सफल व्यापारी बनने के सीखे गुर



महानगर टाइम्स संवाददाता

**लालसोट।** उपखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय खोहरापाड़ा लालसोट में 'सफल व्यापारी कैसे बनें', विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान लालसोट के प्रमुख व्यापारी पुरुषोतम जोशी, रीको के अध्यक्ष सुभाष भींवाल, नरेश अग्रवाल ने व्यापारी बनने के गुर विद्यार्थियों से साझा किए। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत अभिनन्दन विद्यालय के प्रिंसिपल शंकरलाल जाट और प्रभारी दिनेश शर्मा ने किया। पुरुषोत्तम जोशी ने बताया कि किसी भी व्यापार को शुरू करने से पहले उसके बारे में आपको जानकारी लेनी चाहिए और उत्पादन और मांग के क्षेत्र की जानकारी रखनी चाहिए। रीको, बैंक से विभिन्न प्रकार के लोन एवं रीको से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में रीको अध्यक्ष सुभाष भींवाल ने जानकारी दी। नरेश अग्रवाल ने व्यापार में ईमानदारी और लगातार मेहनत की बात कही। श्रीकांत शर्मा ने व्यापारी बनने के लिए संबंधित व्यापार की बारीकियां समझ कर ही व्यापार करने की सलाह दी। हेमराज सैनी, प्यारसिंह गुर्जर, स्पोर्ट्स प्रभारी दिनेश शर्मा ने भी विचार रखे। विद्यालय सचिव अमित शर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रतिभा शर्मा, शोभारानी, सतीश मौर्य उपस्थित रहे।

## माथुर भाजपा जिला मीडिया संयोजक नियुक्त



महानगर टाइम्स संवाददाता



**सीकर।** भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने जिला मीडिया संयोजक व सहसंयोजक बुधवार को नियुक्त किए। जिला महामंत्री राजेश रोलन ने बताया कि जिला मीडिया संयोजक के पद पर जितेंद्र माथुर को नियुक्त किया है। सहसंयोजक के पद पर नरेश सैन, राजकुमार किरोड़ीवाल व विनीता पुजारी को नियुक्त किया है।

**प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान: सम्भावित रोगियों की पोर्टेबल एक्स-रे मशीन से की जा रही पहचान**

# जिला कलेक्टर ने टी.बी. जांच शिविर का किया औचक निरीक्षण

महानगर टाइम्स संवाददाता



**सवाई माधोपुर।** जिला कलेक्टर कानाराम ने प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम पंचायत सुनारी के स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित टी.बी. जांच शिविर का बुधवार को औचक निरीक्षण किया।

जिला कलेक्टर ने शिविर में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं तथा विशेष रूप से पोर्टेबल एक्सरे मशीन की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी ली। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अमित गोयल ने बताया कि पोर्टेबल एक्स-रे मशीन के माध्यम से संभावित टी.बी. रोगियों की छाती का एक्स-रे कर रोग की पहचान की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह तकनीक क्षेत्र में टी.बी. रोगियों की शीघ्र पहचान में अत्यंत सहायक सिद्ध हो रही है। इस दौरान शिविर में 170 सम्भावित टी.बी. रोगियों की पोर्टेबल एक्स-रे मशीन से जांच की गई। शिविर में चिकित्सा विभाग की टीम द्वारा संभावित टी.बी. रोगियों की स्क्रीनिंग कर एक्स-रे जांच तथा टी.बी. परीक्षण किए गए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में 18 दिसम्बर तक शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें आधुनिक तकनीक के जरिये संभावित रोगियों की पहचान सुनिश्चित की जा रही है।

### 11 से 18 दिसम्बर तक यहां लगेंगे शिविर

उन्होंने बताया कि 11 दिसम्बर को स्वास्थ्य केन्द्र फलोदी, वेदपुर में, 12 दिसम्बर को टोडरा, कालाकुआ में, 13 दिसम्बर को हलोंदा, बोदल, कुशालीपुरा में, 15 को दुमोदा में, 16 को कैलाशपुरी, मोजीपुरा, जालपाखेडी में, 17 को बलवंतखुर्द, रामनगर, खानपुर एवं 18 दिसम्बर को फिरोजपुरा, भाटपुरा, टेटरा में स्वास्थ्य केन्द्रों पर टीबी रोग की पहचान के लिए शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अनिल कुमार जैमिनी, सीएचओ, आशा सहयोगिनी सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

## पूर्व सैनिकों एवं युद्ध वीरांगनाओं के लिए समस्या समाधान शिविर कल

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सीकर कर्नल ब्रिजेन्द्र सिंह ने बताया कि पूर्व सैनिकों, युद्ध वीरांगनाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याणार्थ मासिक शिविर का आयोजन 12 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे अटल सेवा केन्द्र, रोलसाहबसर में किया जाएगा। कर्नल ब्रिजेन्द्र सिंह महला ने बताया कि निकटवर्ती ग्रामों के सभी पूर्व सैनिक, युद्ध वीरांगनाएं एवं आश्रित अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करवा सकते हैं। उन्होंने सभी उपस्थित होने वाले पूर्व सैनिकों से कहा कि वे अपने साथ पीपीओ, डिस्चार्ज बुक तथा बैंक पासबुक अवश्य लेकर आएं, जिससे उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके। शिविर के दौरान पी.एन.बी बैंक द्वारा वीरांगनाओं एवं शौर्यचक्र पदक विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नजदीकी गांवों से वीरांगनाएं एवं शौर्यचक्र पदक विजेता शिविर में पहुंचने की अपील की।

## महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण संस्थान में मनाया 'मानवाधिकार दिवस'



महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण संस्थान, सीकर में 'मानवाधिकार दिवस' पर कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. जितेंद्र देव ढाका प्रोफेसर, राजकीय कला महाविद्यालय, सीकर, संस्थान सचिव डॉ. ओपी सैनी, नीलम कुमारी महिला अधिकारिता विभाग पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र प्रबंधक व एडवोकेट कृष्णा सोनी ने मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

सावित्रीबाई फुले पीजी महिला महाविद्यालय व सावित्रीबाई फुले शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा मानवाधिकार को प्रलक्षित करते हुए दो नाटक प्रस्तुत किए गए।

मुख्य अतिथि डॉ. ढाका ने मानवाधिकारों को स्पष्ट करते हुए बताया कि यह 10 दिसंबर को ही क्यों मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि ये धारणा फ्रांस की क्रांति के दो विचारों फ्रीडम का आईडिया व इक्वलिटी का आईडिया से ली गई है। उन्होंने बताया कि 20वीं सेंचुरी में वर्ल्ड वॉर हुआ, जिसमें हिरोशिमा, नागासाकी की घटना हुई और चिंता जाहिर की गई कि मानव का जीवन मानवीय विनाश कर रहा है। तभी 1945 में यूएनओ की स्थापना हुई। यूएनओ ने 1948 में यह कहा कि मनुष्य के मनुष्य होने के नाते जन्म से ही कुछ अधिकार है, जिन पर हमें विचार करना चाहिए। उन्हें अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए प्रयत्न करने की आवश्यकता है। इसीलिए 10 दिसंबर 1948 को इसकी परिणीति हुई। उन्होंने बताया कि यूएनएचआरसी से जुड़ी दो भारतीय महिलाएं हंसा मेहता और लक्ष्मी मेनन ने मानवाधिकारों के निर्माण में अपनी महत्ती भूमिका निभाई। इसके अलावा उन्होंने भाषा से होने वाले भेदभाव को भी स्पष्ट किया। कार्यक्रम का संचालन सरिता सैनी व निकिता जांगिड़ ने किया।

# बजाज सर्किल से कृषि मंडी तक हटाया अस्थाई अतिक्रमण

महानगर टाइम्स संवाददाता



**सीकर।** शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने, पैदल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा नगर को अतिक्रमण-मुक्त बनाने के संकल्प के साथ फिर एक बार नगर परिषद सीकर द्वारा बजाज सर्किल (बजरंग कांटा) से कृषि मंडी तक व्यापक अस्थाई अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।

नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा के स्पष्ट निर्देशों पर अतिक्रमण प्रभारी एवं राजस्व अधिकारी प्रमोद सोनी के नेतृत्व में प्रवर्तन दस्ते ने मुख्य मार्गों और फुटपाथों पर अव्यवस्थित रूप से जमे रेहड़ी-ठैलों को हटाया, अनेक ठेलों को जब्त किया तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान काटे। इस कार्रवाई से क्षेत्र में यातायात अवरोध समाप्त हुआ तथा आमजन को सुगम आवागमन की राहत मिली। इसी अभियान के तहत रोडवेज बस डिपो क्षेत्र में भी फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को मौके पर समझाइश कर तत्काल अतिक्रमण हटवाया गया और दोबारा अतिक्रमण न करने की कड़ी चेतावनी दी गई। नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा ने कहा कि फुटपाथ आमजन के लिए बनाए गए हैं न कि अतिक्रमण के लिए। नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी दुकानदारों एवं रेहड़ी-ठेला संचालकों से अतिक्रमण न करने और नगर व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की। नगर परिषद ने यह भी स्पष्ट किया कि अतिक्रमण के विरुद्ध यह अभियान आगे भी निरंतर, नियमित एवं सख्ती के साथ जारी रहेगा।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



**राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े करेंगे उद्घाटन, प्रदर्शनी, योग, वर्चुअल शो, टॉक सेशन, ओपन स्टेज, गायन-वादन-नृत्य की होंगी मनोरम प्रस्तुतियां**

# जयपुर टाइगर फेस्टिवल आज से, जेकेके में सजेगी बाघों की दुनिया

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** वन्यजीव संरक्षण की प्रदेशव्यापी मुहिम के रूप में पहचान बना चुका जयपुर टाइगर फेस्टिवल कला, साहित्य और संस्कृति के रंगों के साथ आयोजित होने जा रहा है। राजस्थान हेरिटेज, आर्ट एंड कल्चरल फाउंडेशन की ओर से जवाहर कला केंद्र की सहभागिता में 11 से 14 दिसंबर तक शिल्पग्राम में फेस्टिवल होगा। 11 दिसंबर को शाम 4 बजे राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े फेस्टिवल का उद्घाटन करेंगे। उदयपुर के पूर्व राजपरिवार से जुड़े सदस्य लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ और फर्स्ट इंडिया न्यूज के सीईओ पवन अरोड़ा बतौर विशिष्ट अतिथि हिस्सा लेंगे। चार दिवसीय 7वें जयपुर टाइगर फेस्टिवल में सुबह 10 से रात 9 बजे तक फोटो-स्केच प्रदर्शनी, वर्चुअल शो, स्टोरी टेलिंग, पंचतंत्र कथाएं, साहित्यिक संवाद, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और ओपन स्टेज सहित कई विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। फेस्टिवल में ना केवल कला, संगीत और लोक परंपरा का खूबसूरत संगम होगा, बल्कि बाघ संरक्षण, एथिकल सफारी, प्रकृति-प्रेम और जिम्मेदार पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर आधारित विशेष चर्चाएं भी होंगी। वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली हस्तियों और प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया जाएगा।



### बाघों पर मंथन और वाइल्ड लाइफ फिल्ममेकर सुब्बैया नल्ला मुत्थु की मास्टर क्लास

**13 दिसंबर** को योग और स्टोरी टेलिंग सेशन के बाद सुबह 11 से दोपहर 12 बजे तक वाइल्डलाइफ फिल्ममेकर सुब्बैया नल्ला मुत्थु, फोटोग्राफर अपारूपा डे, संगीतकार और गायक अभिषेक रे टॉक शो में अपने विचार रखेंगे। बाघों पर गौरव नक्रा की पुस्तक का विमोचन भी इस दौरान होगा। 'बाघ' नामक पुस्तक पर अभिषेक रे संवाद व स्टोरी टेलिंग सेशन लेंगे। पंचतंत्र कथा सेशन के बाद शाम 5 से 7:30 बजे तक डॉ. रीला होता एवं टीम के कलाकार ओडिसी नृत्य की प्रस्तुति देंगे, म्यूजिक परफॉर्मेंस के साथ शाम का समापन होगा। 14 दिसंबर को योगा शो, स्टोरी टेलिंग, पंचतंत्र कथा, ओपन स्टेज के बाद अपराह्न 3 से शाम 4 बजे तक सुब्बैया नल्ला मुत्थु मास्टर क्लास लेंगे। कथक की मनोरम प्रस्तुतियों के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

### योग से शुरुआत शाम को संगीत का सुकून

**फेस्टिवल में** प्रतिदिन 10 बजे से योगा सेशन होगा। पहले दिन नीरज चंद्रा स्टोरी टेलिंग, उमा जोशी पंचतंत्र कथाओं का सेशन लेंगी। ओपन स्टेज के बाद शाम 4 बजे से उद्घाटन समारोह होगा, इसके बाद राजस्थानी संगीत संस्था सजेगी। 12 दिसंबर को सुबह 10:30 से 11:00 बजे तक नीरज चंद्र का स्टोरी टेलिंग सेशन होगा। आरुण्या प्रशार 'एथिकल सफारी' पर कविता एवं अभिनय की प्रस्तुति देंगे। इसके बाद उमा जोशी पंचतंत्र कथाओं का सेशन लेंगी। दर्श पेसवानी 'प्रीकर्शन पल्स' सेशन लेंगे। ओपन स्टेज के बाद आरपीएस सिद्धांत शर्मा का स्टोरी टेलिंग सेशन होगा। शाम 5 से 7:30 बजे तक युवा कलाकार राहगीर अपनी कविताओं और गीतों से संगीतमय महफिल को गुलजार करेंगे।

## छठी महोत्सव पर ठाकुरजी को रिझाया



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** सुभाष चौक पानों का दरीबा स्थित श्री शुक संप्रदाय की आचार्य पीठ श्री सरस निकुंज में बुधवार को श्री शुक संप्रदाय पीठाधीश छोटे दादा गुरुदेव रसिक माधुरी शरण महाराज का छठी महोत्सव मनाया गया। श्री शुक संप्रदाय पीठाधीश अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में ठाकुर श्री राधा सरस बिहारी जी सरकार की विशेष झांकी सजाई गई। सरस निकुंज के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि वैष्णव भक्तों ने पदगायन कर ठाकुरजी को रिझाया।

## भागवत कथा के कार्यालय का उद्घाटन



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** विश्व शांति सेवा समिति, जयपुर एवं जयपुर परिवार सेवा समिति चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 15 से 21 दिसंबर तक वीटी रोड स्थित मानसरोवर मेला ग्राउंड में देवकीनंदन ठाकुर की श्रीमद्भागवत कथा के कार्यालय का बुधवार को अरावली मार्ग पर उद्घाटन हुआ। मुख्य व्यवस्थापक अखिलेश अत्री ने बताया कि मुख्य यजमान मनोज मुरारका, सुभाष गोयल, ललित, दुर्गेश, ललित खंडेलवाल, राजेश खंडेलवाल, विमल सोनी, श्याम सुंदर अग्रवाल, राजेश अत्री ने पूजा-अर्चना की। समाजसेवी चंद्रप्रकाश भाड़े वाला ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा के तहत 14 दिसंबर को कलश यात्रा निकाली जाएगी।

## बालक-बालिकाओं को ट्रैकसूट वितरित



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** झुग्गी बस्तियों के बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान करने के लिए उत्थान सेवा संस्थान द्वारा संचालित अपनी बाल संस्कार पाठशाला की न्यू लोहामंडी शाखा में बुधवार को किरण पोलोफैब के पदम प्रकाश जैन ने ट्रैकसूट वितरित किए। उन्होंने बच्चों को कठिन परिश्रम से पढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही बालकों के शिक्षित हो जाने पर रोजगार देने का आश्वासन भी दिया। पाठशाला की न्यू लोहामंडी रोड शाखा सहित बोहराजी की बावड़ी एवं खोरावीसल की शाखाओं के 182 बालक बालिकाओं को ट्रैकसूट वितरित किए गए। संस्थान अध्यक्ष कैप्टन शीशराम चौधरी ने संस्था की ओर से संचालित जनहित कार्यों की संक्षिप्त जानकारी दिया। इस अवसर पर अतिथि सुल्तान सिंह कुमावत, जसवंत सैनी भी उपस्थित रहे। संस्थान की ओर से शिवानंद त्रिपाठी, कैप्टन धर्मपाल सिंह शेखावत, सूबेदार मेजर मेहर चंद जाट, परमानंद वर्मा ने मेहमानों का स्वागत किया।

## अरिहंत ग्लोबल ने मनाया 12वां वार्षिकोत्सव, श्रेष्ठ कर्मचारी हुए सम्मानित



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** डिजिटल सेवाओं, मोबाइल संचार सुविधाओं और आधुनिक तकनीकी समाधानों में अग्रणी संस्था अरिहंत ग्लोबल ने 12वां वार्षिकोत्सव एक बैक्वेंट हॉल में धूमधाम से मनाया। समारोह में डॉ. अरुण अग्रवाल, जगदीश सोमानी, मनीष जैन, अंकुर जोशी, मुकुल गोस्वामी, प्रो. त्रिलोक जैन एवं गौमाता सेवार्थ ग्रुप के लोग उपस्थित रहे। समारोह का मुख्य विषय मिशन 100 टीम : ऊर्जा के साथ उत्सव रखा गया। इसका उद्देश्य आने वाले समय में 100 से अधिक सदस्यों वाली सशक्त, प्रशिक्षित और ऊर्जावान टीम का निर्माण करना, डिजिटल रोजगार सृजन, फ्रेंचाइजी सेगमेंट में प्रवेश करना है। अतिथियों ने अरिहंत ग्लोबल की 12 वर्ष की विकास यात्रा, टीम-संस्कृति, नवाचार तथा समाज के प्रति योगदान की सराहना की। निर्देशक राहुल कुमार जैन ने संस्थान के प्लेटफॉर्म और नई पहलों पर प्रकाश डाला। सुनीता जैन ने अरिहंत ग्लोबल द्वारा विकसित किए गए अनेक प्रमुख डिजिटल मंचों और सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।उन्होंने इस वर्ष प्रारंभ किए गए डिजिटल एम्पावरमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम के बारे में भी बताया। यह कार्यक्रम नवउद्यमियों लघु और मध्यम उद्योगों, युवाओं के कौशल विकास एवं तकनीकी दक्षता बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है।

# साल का अंतिम प्रदोष व्रत 17 को शाम को होगी महादेव की पूजा

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** इस साल का अंतिम प्रदोष 17 दिसंबर को है। प्रदोष को सायंकालीन वेला में आदिदेव महादेव की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। यह दिन ज्योतिष दृष्टि से भी महत्वपूर्ण रहेगा। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेंद्र मिश्रा ने बताया कि प्रदोष से एक दिन पहले 16 दिसंबर को सूर्य देव धनु राशि में प्रवेश करेंगे। यह साल का अंतिम सूर्य गोचर होगा। यहां पहले से ग्रहों के सेनापति मंगल मौजूद हैं। इसलिए सूर्य-मंगल की युति का शुभ प्रभाव इस उपवास पर पड़ने वाला है। साथ ही कुछ राशियों को इससे जबर्दस्त लाभ की प्राप्ति भी संभव है। इन जातकों को नौकरी, कॅरियर-कारोबार, व्यापार और रिश्तों में अच्छे रिजल्ट देखने को मिल सकते हैं।

### इन राशियों पर होगी महादेव की कृपा



**सिंह राशि :** यह समय आपके लिए शुभ रहेगा। विवाह की इच्छा पूरी होगी और आपको मनचाहा रोजगार भी मिलेगा। आपको कारोबार में खासा लाभ होगा। छात्र वर्ग पूरे मनोयोग से अध्ययन करेंगे। इस समय आय के नए-नए स्त्रोत खुलेंगे। आर्थिक मामलों में नेटवर्किंग और सही निर्णयों के माध्यम से लाभ आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगा। आपके लिए शिवलिंग पर चंदन लगाना और भी कल्याणकारी रहेगा। इससे सामाजिक रूप से भी आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

**धनु राशि :** साल का आखिरी प्रदोष धनु राशि वालों को मनचाहा लाभ दिला सकता है। आपको जीवनसाथी के साथ हंसी-खुशी समय बिताने के अवसर प्राप्त होंगे। धनु राशि वालों का अगर कोर्ट-कचहरी में कोई मामला चल रहा है, तो उसमें फैसला आपके पक्ष में आने की पूरी संभावनाएं हैं। अधिकारियों और सहकर्मियों के साथ अपना व्यवहार अच्छा बनाए रखने की कोशिश रंग लाएगी और आप प्रमोशन के लिए चुने जा सकते हैं। इस समय महादेव को शहद अवश्य चढ़ाएं। इससे सेहत में भी सुधार हो सकता है।

**मीन राशि :** मीन राशि वालों के लिए समय खास रहने वाला है। कॅरियर में अचानक उछाल देखने पर मन प्रसन्न होगा। महादेव की कृपा आप पर बनी रहेगी। नए अवसरों की प्राप्ति होगी। हालांकि कॅरियर-कारोबार से लेकर घर-परिवार की दृष्टि से यह समय पहले से अधिक अनुकूल कहा जाएगा। मीन राशि वालों के जीवन में किसी की दस्तक हो सकती है, जिससे खुशियों का माहौल बना रहेगा। किसी अच्छी खबर के मिलने की संभावना है। शिवजी को विल्बपत्र चढ़ाएं। इससे सभी मनोकामनाएं भी पूर्ण होंगी।

# मानव अधिकार दिवस पर विशाल रैली निकाली




महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** विश्व मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार महासंघ जयपुर की ओर से विशाल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का आरंभ पूर्व न्यायाधीश पीपी सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली संजय सर्किल से सैकड़ों लोगों के साथ चांदपोल होती हुए छोटी चौपड़ पहुंची। कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हाजी अब्दुल रशीद खान, समाजसेवी दौलत त्रिलोकानी, शाहिद गुडेज, डॉ. इकबाल अगवानी, जिलाध्यक्ष मेघ श्याम गुप्ता, प्रदेश संगठन मंत्री चेतन अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, फारूक समोदिया, नवल किशोर गुर्जर, अजीम अहमद, अफसार अहमद, सुशीला जांगिड़, मीनाक्षी चौधरी, विजय शंकर तिवारी, मोहम्मद साबिर, अब्दुल सलीम, मिर्जा बेग, अनवर अहमद, मुनव्वर हुसैन, फारूक लोखंडवाला, चिरंजीव सिंह, इरफान अहमद कुरैशी, अब्दुल सत्तार, खलील फारुकी, राजेंद्र कुमार बैरवा, दीपक धीर, सलीमुद्दीन खान, संजय चतुर्वेदी, विकास कुमार, शाह निजाम भाई, राजेंद्र वर्मा, बनवारी भाई, हाजी सलीमुद्दीन आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। हाजी अब्दुल रशीद खान ने कहा कि मानव अधिकार का कहीं भी हनन नहीं होना चाहिए। अगर मानव अधिकार का कई हनन हो रहा हो तो इसका विरोध करना चाहिए, अन्यथा चीनी की बुर्ज स्थित मानव अधिकार महासंघ की सहायता लेनी चाहिए।

# लिव-इन रिलेशनशिप को कानूनी मान्यता समाप्त करने की मुहिम शुरू

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** सेंटर फॉर पब्लिक अवेयरनेस एंड इनफॉर्मेशन के डायरेक्टर और नैतिक शिक्षाविद आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया, मानव मिलन संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष प्रमोद जैन चौरड़िया, राजस्थान जैन सभा और राजस्थान महासभा के पूर्व अध्यक्ष कमल बाबू जैन, सर्व समाज जागृति संघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुरेश चंद्र शर्मा और आनंद फाउंडेशन की संस्थापिका रुचि साधवानी एवं अन्य ने बेटियों की सुरक्षा, भारतीय परिवार प्रणाली और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बुधवार को लिव-इन रिलेशनशिप को दी गई कानूनी मान्यता समाप्त करने के लिए देशव्यापी जन आंदोलन की शुरुआत की।

सेंटर के डायरेक्टर और नैतिक शिक्षाविद आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया ने पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिख कर लिव-इन रिलेशनशिप को दी गई कानूनी मान्यता समाप्त करने के लिए एक सशक्त कानून बनाने की प्रार्थना की है। साथ ही उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के 53वें मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत शर्मा से भी स्व-विवेक से संज्ञान लेकर इस मान्यता को समाप्त करने का अनुरोध किया है।

अनेक संस्थाओं ने देशभर में ज्ञापन देने सहित सद्बुद्धि यज्ञ और जरूरत पड़ने पर आंदोलन की घोषणा की।




### घातक दुष्परिणाम आएंगे नजर

मुहिम शुरू करने वाले लोगों ने कहा कि लिव-इन रिलेशनशिप भारत की सांस्कृतिक, सामाजिक और वैवाहिक जीवन पद्धति को तेजी से पतन की ओर धकेल रही है। इसका दुष्परिणाम अत्यंत घातक है, विशेषकर ऐसे संबंधों में पैदा होने वाले बच्चों का भविष्य गहरे संकट में पड़ता है। इसलिए भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने और पतनोन्मुखी समाज व्यवस्था को सुधारने के उद्देश्य से व्यापक राष्ट्रव्यापी जन आंदोलन का आरंभ किया है। आचार्य पाटोदिया ने कहा कि समाज में बढ़ रहे अनाचार, दुराचार और व्यभिचार को रोकना सरकार की जिम्मेदारी है। जब सरकार इसे रोकने में नाकाम रहती है तो उसे ही वैध करार दिया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि उनके जन्मस्थान उज्जैन में जब वेश्यावृत्ति को रोक पाने में नगरपालिका असफल साबित हुई, तो लाइसेंस जारी कर उसे कानूनी बना दिया गया। ऐसी ही स्थिति आज लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर दिखाई दे रही है।


**जैन समाज ने निवाई जाकर किया श्रीफल भेंट**

# विनिश्चय सागर महाराज का 28वां संयम दीक्षा महोत्सव पदमपुरा में 14 को

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** श्रमणाचार्य विनिश्चय सागर महाराज का 28वां संयम दीक्षा महोत्सव 14 दिसम्बर को दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र पदमपुरा में धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए आचार्य ससंघ का 12 दिसंबर को सुबह 8:30 बजे पदमपुरा अतिशय क्षेत्र में मंगल प्रवेश होगा। बुधवार को आचार्य ससंघ के सान्निध्य में दीक्षा महोत्सव के पोस्टर का विमोचन किया गया। आचार्य विनिश्चय सागर महाराज जयपुर प्रवास समिति के अध्यक्ष अनिल जैन बनेठा, महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि संयम दीक्षा महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। कई समितियां बनाई गई हैं। आचार्य संघ का गुरुवार को सुबह चाकसू में मंगल प्रवेश होगा। आहारचर्या चाकसू में ही होगी। रात्रि विश्राम शिवदासपुरा में होगा।

शुक्रवार को आचार्य संघ सुबह 7:30 बजे मंगल विहार कर पदमपुरा के गुलाब कौशल्या चैरिटेबल ट्रस्ट के पदम ज्योति नेत्र चिकित्सालय पहुंचेगा। यहां आचार्य संघ की अगुवानी की जाएगी। सुबह 8:30 बजे मंदिर के लिए बैंड बाजों के साथ जुलूस रवाना होगा। मंदिर में धर्मसभा का आयोजन किया जाएगा।



### निवाई में श्रीफल भेंट कर किया निवेदन

**मुख्य संयोजक** प्रदीप जैन ने बताया कि निवाई में मंगल प्रवेश और धर्मसभा के लिए श्रीफल भेंट कर निवेदन किया गया। पदमपुरा क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष सुधीर जैन एवं मानद मंत्री हेमंत सोगानी ने बताया कि पोस्टर विमोचन के मौके पर प्रदीप जैन, विनोद जैन कोटखावदा, पदम चंद बिलाला, डॉ. विमल कुमार जैन, चेतन जैन निमोड़िया, अशोक बाकलीवाल, सतीश खंडाका, जिनेंद्र जैन, निर्मल पाटोदी, कुलदीप सोनी, पुलकित जैन, शुभम जैन हल्देनिया, नितिन जैन हल्देनिया, अंकित जैन, गजानंद काला, विमल जौंला, शकुंतला बिंदायक्या, दीपिका जैन कोटखावदा, प्रेम लता बाकलीवाल, अनिता लुहाड़िया उपस्थित रहे।

### 'परमात्मा को मित्र बनाओ'

**निवाई में आचार्य** विनिश्चय सागर महाराज ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में समर्पण की भावना होनी चाहिए। संसार एवं मोक्ष का संपूर्ण व्यवहार विश्वास की आधारशिला पर अवस्थित है। सदैव सज्जनों की संगति में रहना चाहिए। इसलिए व्यावहारिकता में सज्जन पुरुषों की संगति करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि परमात्मा को मित्र बना लोगे तो एक दिन तुम भी परमात्मा बन जाओगे। मानव का शत्रु क्रोध है। यदि किसी को बात-बात पर क्रोध आता है तो यह समझ लेना चाहिए कि उसने पग-पग पर अपने शत्रुओं को तैयार कर लिया है। क्रोध के अलावा दूसरा कोई पाप नहीं है। क्रोध के आवेश में आकर व्यक्ति अपने और पराए के प्राणों का धात करने के लिए तैयार हो जाता है।

**मानवाधिकार दिवस पर आयोजन**

# घूमंतु समाज के मानवाधिकार की रक्षा सरकार-समाज की संयुक्त जिम्मेदारी : खत्री

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यवाह जसवंत खत्री ने कहा कि मानवाधिकार प्रकृति प्रदत्त है। विमुक्त, घूमंतु एवं अर्द्ध घूमंतु समाजों के अधिकारों की रक्षा और संरक्षण के लिए समाज तथा सरकार दोनों को संयुक्त प्रयास करने होंगे। खत्री बुधवार को विश्व मानवाधिकार दिवस पर विमुक्त घूमंतु एवं अर्द्ध घूमंतु जनाधिकार समिति के तत्वावधान में मालवीय नगर स्थित पाथेय भवन सभागार में आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेइसीआरसी के चांसलर ओपी अग्रवाल ने की। विमुक्त घूमंतु एवं अर्द्ध घूमंतु जनाधिकार समिति के सह संयोजक राकेश कुमार बिडावत ने कहा कि आजादी के सात दशक बाद भी देश का घूमंतु समाज अपने अधिकारों से वंचित है।

केंद्र और राज्य सरकारों को इस दिशा में और अधिक प्रयास करने की जरूरत है। अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कैलाश चंद शर्मा, शिक्षाविद डॉ. राजेंद्र यादव, महेंद्र सिंह राजावत, रामकिशोर योगी, राजेंद्र नायक ने विशिष्ट अतिथि के रूप में संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर की। समिति की ओर से सभी स्वागत किया गया।




### बस्ती उजाड़ने के बजाय पुनर्वास पर दिया जोर

डॉ. राजेंद्र यादव, एडवोकेट रामधन टिटानिया, राकेश बीडावत, महेंद्र सिंह राजावत, रामकिशोर योगी, एडवोकेट रामअवतार योगी ने घूमंतु समाज के सदस्यों के दस्तावेज शीघ्र बनवाने, सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने तथा बस्तियों को तोड़ने के बजाय उनके पुनर्वास की ठोस नीति बनाने की मांग प्रमुखता से उठाई। कार्यक्रम का संचालन प्रांत संयोजक जसराम गोस्वामी ने किया।



### ये भी रहे उपस्थित

क्षेत्र घूमंतु कार्य प्रमुख महेंद्र सिंह, हरदयाल गौड़, प्रभुदयाल बावरी, घनश्याम बड़तिया, भैरूंराम बंजारा, फौजसिंह पारधी, सन्नी सांसी, राहुल सिकलीगर, पांचू कंजर, गोपाल गुजराती, एससी मोर्चा महामंत्री मुकेश गर्ग, शंभुदयाल योगी, ओमप्रकाश जेदिया, राजेंद्र योगी, दीपक सांसी, रजनी शर्मा, मदन योगी सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्ति, युवा शक्ति और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# वंदे मातरम् का विजयी उद्घोष

## गरिमा स्थापित करने के लिए सदन में हुई बेहद सार्थक चर्चा

**यह** सुखद ही है कि कृतज्ञ राष्ट्र देश के स्वतंत्रता सेनानियों में ओज का संचरण करने वाले गीत वंदे मातरम् के सृजन के डेढ़ सौ साल पूरे होने को एक उत्सव की तरह मना रहा है। स्वतंत्रता के लिए संघर्षरत करोड़ों भारतीयों में इस गीत ने आजादी का जज्बा भरा था। लाखों स्वतंत्रता सेनानी इस गीत से प्रेरित होकर स्वतंत्रता संग्राम में सर्वस्व अर्पित करने को तत्पर हो जाते थे। इस पावन वेला में देश के विभिन्न भागों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सही मायनों में यह अवसर राष्ट्र के स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करने का भी है। इस गीत की सर्वस्वीकार्यता का आलम ये था कि भारत आने से पहले दक्षिण अफ्रीका में महात्मा गांधी ने वंदे मातरम् को राष्ट्रीय गान की दृष्टि से देखा था। इसी आलोक में वंदे मातरम् के डेढ़ सौ साल पूरे होने पर लोकसभा में इस पर चर्चा का शुरू होना सुखद ही है। संसद में प्रधानमंत्री ने कहा भी कि जब इस गीत के सृजन के पचास साल पूरे हुए तो देश परतंत्र था। जब इसके सौ साल पूरे हुए तो देश आपातकाल के दौर से गुजर रहा था, फलतः उस दौर में इस गीत को जनता व स्वतंत्रता सेनानियों का सकारात्मक प्रतिसाद नहीं मिला। निस्संदेह,बंकिम चंद्र चटर्जी की इस रचना ने बंगाल में क्रांतिकारियों को गहरे तक प्रेरित किया और स्वतंत्रता संग्राम को गति देने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। हालांकि, विपक्ष इसे सुर्खियों में लाने के फैसले के राजनीतिक निहितार्थों की बात कर रहा है। वे इसके समय को लेकर प्रश्न उठा रहे हैं। अविभाजित बंगाल की पृष्ठभूमि में जन्मे इस ओज के गीत को बंगाली समाज ने अपनी अस्मिता से जोड़कर देखा। खासकर बंगाल विभाजन के बाद इसे बंगाल की अस्मिता पर फिरंगियों के प्रहार के दौर में एक मरहम के तौर पर देखा। निस्संदेह, देश ऐसे स्मरण उत्सव का हकदार है, मगर वे चुनावी नजरियों से मुक्त हों। लोकसभा में वंदे मातरम् पर चर्चा से लोगों को राष्ट्रगीत की गरिमा, ऐतिहासिकता और प्रासंगिकता के बारे में जानकारी मिली यह सुखद है। पिछले 150 वर्षों में इस राष्ट्रगीत के उपयोग में कई बार उतार-चढ़ाव देखे गए। राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में यह आजादी के दीवानों का जोश बढ़ाने वाला नारा बन गया था। लेकिन आजादी के बाद इसे लेकर तरह-तरह के विवाद पैदा किए जाने लगे। इसकी गरिमा को ठेस पहुंचाई जाने लगी। जिस वंदे मातरम् से पूरे देश में राष्ट्रीयता की लहर पैदा हुई, उसी देश को टुकड़ों में बांटने का जघन्य पाप किया गया। इसके बाद भी इस गीत के साथ अन्याय हुआ और इसे पूरे संदर्भ से काट दिया गया। आलम यह है कि देश में कोई इसे पूरा गाने की स्थिति में नहीं है। ऐसी उपेक्षा असहनीय है। बंग-भंग के खिलाफ हुए आंदोलन के दौरान वंदे मातरम् की गूंज जनमानस में बैठी। राष्ट्रीय चेतना जागृत करने के लिए उस समय 'वंदे मातरम् समिति' बनाई गई थी। 1906 में जब पहली बार कांग्रेस का झंडा बनाया गया, तब उसके मध्य में वंदे मातरम् लिखा था। कुछ लोग यह नैरेटिव बनाने की कोशिश कर सकते हैं कि जन-गण-मन और वंदे मातरम् के बीच एक दीवार खड़ी की जा रही है। ऐसा प्रयास विभाजनकारी सोच है। जो लोग यह बात नहीं समझते है वह मां की ममता को भी नहीं समझ सकते। असलियत यह है कि जन-गण-मन और वंदे मातरम् मां भारती की दो आंखें हैं। मां भारती के दो अमर सपूतों की किलकारियां हैं। वंदे मातरम् का उद्घोष किसी के खिलाफ नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय स्वाभिमान की अभिव्यक्ति है। वंदे मातरम् के साथ जो अन्याय हुआ, उसे जानना जरूरी है। इससे देश की भावी पीढ़ी अन्याय करने वालों की मानसिकता को ठीक तरह से समझ सकेगी। वंदे मातरम् के साथ हुआ अन्याय तुष्टिकरण की राजनीति का कारण बना, जिसने आजादी के बाद सांप्रदायिक सौहार्द को कमजोर किया। वंदे मातरम् की भुला दी गई पंक्तियां भारत की आत्मा की पंक्ति हैं। ये पंक्तियां बताती हैं कि भारत का अध्यात्म तोड़ने का नहीं, जोड़ने का काम करता है। वंदे मातरम् की उपेक्षा की गई, उसे खंडित किया गया। इसके साथ इतिहास का एक बड़ा छल हुआ है। इस राजनीतिक छल और अन्याय के बारे में सभी पीढ़ियों को जानना चाहिए, क्योंकि यह अन्याय एक गीत के साथ नहीं था, यह आजाद भारत के लोगों के साथ था। हालांकि, इस अन्याय के बावजूद राष्ट्रगीत का महत्व कभी कम नहीं हो पाया। वंदे मातरम् स्वयं में पूर्ण है, लेकिन इसे अपूर्ण बनाने की कोशिश की गई। इसीलिए आज जरूरी है कि हम वंदे मातरम् पर चर्चा करें और इसकी गरिमा को फिर से स्थापित करें। विपक्ष की दलील है कि जब पश्चिम बंगाल एक महत्वपूर्ण विधानसभा चुनाव की ओर बढ़ रहा है तो इस गीत के प्रसंगवश राजनीतिक लाभ-हानि के तर्क गढ़े जा रहे हैं। संसद में प्रधानमंत्री के संबोधन में वंदे मातरम् को एकता के सूत्रधार के रूप में सराहा गया। लेकिन इसके राजनीतिक निहितार्थों पर भी चर्चा हुई। दरअसल, उन्होंने जब भी कांग्रेस की आजादी से पहले और बाद की नीतियों को कटघरे में खड़ा किया या फिर ऐतिहासिक विवादों का नए सिरे से जिक्र किया, तो विपक्ष ने उसे निशाने पर लिया। विपक्षी दलील है कि राष्ट्रीय गीत का सम्मान करने की कवायद में वैचारिक विभाजन को हवा दी जा रही है। कहा गया कि पश्चिम बंगाल, जहां इस गीत का जन्म हुआ, वहां की सांस्कृतिक पहचान राजनीति से जुड़ी रही है। वंदे मातरम् एक भावनात्मक प्रतीक है और इसीलिए एक रणनीतिक प्रतीक भी। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस अपनी जड़ें जमाए हुए है, फिर भी उसे सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ रहा है। संसद में राष्ट्रीय गीत पर चर्चा का ममता बनर्जी द्वारा समर्थन किया जाना दर्शाता है कि वह इस मुद्दे को छोड़ने का इरादा नहीं रखती हैं। विडंबना ही है कि लाखों स्वतंत्रता सेनानियों में ओज भरने वाले गीत के विमर्श में चिंतन की गंभीरता प्रभावित हुई है। निश्चित रूप से पश्चिम बंगाल आज बेरोजगारी, पलायन और राजनीतिक हिंसा से जूझ रहा है। इसमें दोराय नहीं कि हमारा सांस्कृतिक गौरव आवश्यक है, लेकिन यह सुशासन का विकल्प नहीं हो सकता। इस ओज के गीत के 150 साल पूरे होने पर, इसे एकता को मजबूत करने और राष्ट्रवाद को बहुलता से स्वीकार करने के अवसर पर पूरा देश आह्लादित है।




**लोकसभा में वंदे मातरम् पर चर्चा से लोगों को राष्ट्रगीत की गरिमा, ऐतिहासिकता और प्रासंगिकता के बारे में जानकारी मिली यह सुखद है। पिछले 150 वर्षों में इस राष्ट्रगीत के उपयोग में कई बार उतार-चढ़ाव देखे गए। राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में यह आजादी के दीवानों का जोश बढ़ाने वाला नारा बन गया था। लेकिन आजादी के बाद इसे लेकर तरह-तरह के विवाद पैदा किए जाने लगे। इसकी गरिमा को ठेस पहुंचाई जाने लगी। जिस वंदे मातरम् से पूरे देश में राष्ट्रीयता की लहर पैदा हुई, उसी देश को टुकड़ों में बांटने का जघन्य पाप किया गया। इसके बाद भी इस गीत के साथ अन्याय हुआ और इसे पूरे संदर्भ से काट दिया गया।**

### मीडिया की आजादी का दोहरा मापदंड

# चेन्नई प्रेस क्लब कांड और विचारधारा की गुंडागर्दी

आशीष कुमार 'अंशु'



**चेन्नई** प्रेस क्लब में 4 दिसंबर, 2025 को जो हुआ, वह मीडिया की आजादी पर एक खुला हमला था। 'मॉय17 मूवमेंट' के कोऑर्डिनेटर थिरुमुरुगन गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान तमिल जनम चैनल के पत्रकार को सिर्फ इसलिए अपमानित किया, बाहर निकलवाया और भविष्य में क्लब में आने से स्पष्ट मना कर दिया क्योंकि उनका चैनल कथित तौर पर आरएसएस की विचारधारा से जुड़ा हुआ था।

## गांधी का सीधा बयान था-'मैं इसे प्रेस मानता ही नहीं'

यानी एक व्यक्ति ने अपनी विचारधारा के आधार पर तय कर लिया कि कौन पत्रकार है और कौन नहीं। यह घटना इसलिए खतरनाक है क्योंकि यह पहली बार नहीं है जब विचारधारात्मक असहमति को मीडिया की आजादी को कुचलने का हथियार बनाया गया है, लेकिन इसे जिस बेशर्मी से अंजाम दिया गया, वह नया मानक स्थापित करता है।

## कौन झूठ बोल रहा है और कौन सच?

सबसे पहले तथ्यः थिरुमुरुगन गांधी ने तमिल जनम को 'झूठ फैलाने वाला' और 'आरएसएस का चैनल' कहा। वजह बताई कि पिछले साल अमरन से जुड़ी प्रेस मीट में चैनल ने उनके बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया था। यह आरोप सही हो सकता है, हो सकता है गलत हो-लेकिन उसकी सजा यह है कि पूरे चैनल को प्रेस की परिभाषा से बाहर कर दो?

क्या कोई व्यक्ति या संगठन यह तय करेगा कि कौन झूठ बोल रहा है और कौन सच? अगर यही मानक लागू हुआ तो कल को कोई दूसरा संगठन द वायर, द क्विंट या स्क्रॉल को 'सोरस का एजेंट', 'कांग्रेस का मुखपत्र' या 'वामपंथी प्रोपेगैंडा मशीन' कहकर बाहर का रास्ता दिखा देगा।

परसों कोई तीसरा न्यूज 24 या एबीपी को 'खान मार्केट गैंग' का बताकर निकाल देगा। और फिर कोई चौथा आज तक या रिपब्लिक को 'गोदी मीडिया' कहकर। अंत में प्रेस क्लब में सिर्फ वही बचेंगे जो आयोजक की विचारधारा से 100 फीसदी मैच करते हों। यह प्रेस की आजादी नहीं, विचारधारात्मक गुलामी है।

## चलन में हैं 'प्रेस्टीट्यूट' और 'लिबरल गैंग' जैसे शब्द

यह कोई नई बात नहीं है। भारत में पिछले एक दशक से मीडिया को विचारधारात्मक खांचों में बांटने की कोशिश लगातार हो रही है। एक तरफ 'गोदी मीडिया' का तमगा चस्पा किया जाता है, दूसरी तरफ 'प्रेस्टीट्यूट' और 'लिबरल गैंग' जैसे शब्द चलन में हैं। लेकिन अब तक यह बहस सोशल मीडिया और टीवी डिबेट तक सीमित थी। पहली बार इसे संस्थागत रूप दिया गया है-एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुले आम एक चैनल को बाहर निकालकर और भविष्य में आने से रोककर। यह सिर्फ तमिल जनम के खिलाफ नहीं, पूरे प्रेस की स्वतंत्रता के खिलाफ घोषणा-पत्र है।

## कहां हैं फ्रीडम ऑफ स्पीच के चैंपियन

सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि यह काम वही लोग कर रहे हैं जो खुद को फ्रीडम ऑफ स्पीच का सबसे बड़ा चैंपियन बताते हैं। मॉय17 मूवमेंट और थिरुमुरुगन गांधी सालों से ईलम समर्थक आंदोलन, दलित अधिकार और अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर सक्रिय रहे हैं। उनके ऊपर राजद्रोह के केस लगे, उन्हें जेल भेजा गया, विदेश यात्रा पर रोक लगी। उस वक्त पूरा 'प्रोग्रेसिव' खेमा उनके साथ खड़ा था। लेकिन आज वही लोग एक पत्रकार को सिर्फ उसकी कथित विचारधारा के आधार पर अपमानित कर रहे हैं। यह दोहरा मापदंड नहीं, पाखंड है। जब आपकी अभिव्यक्ति दबाई जाती है तो वह फासीवाद है, लेकिन जब आप दूसरों की अभिव्यक्ति दबाते हैं तो उसे सही मीडिया के चयन का नाम दे देते हैं।

## इसलिए भी खतरनाक है यह घटना

यह घटना इसलिए भी खतरनाक है क्योंकि यह प्रेस क्लब जैसी संस्थाओं को विचारधारात्मक कब्जे का अड्डा बनाने की शुरुआत है। आज चेन्नई में आरएसएस से कथित तौर पर जुड़े चैनल को निकाला गया, कल को कहीं और वामपंथी या कांग्रेस समर्थक चैनल को। परसों कोई संगठन प्रेस क्लब पर कब्जा करके लिबरल-सेकुलर मीडिया को बाहर कर देगा। अंत में प्रेस क्लब पत्रकारों का साझा मंच नहीं, अलग-अलग गुटों के निजी ड्राइंग रूम बनकर रह जाएंगे। और इसका सबसे बड़ा नुकसान उन स्वतंत्र पत्रकारों को होगा जो किसी भी विचारधारा के साथ 100 फीसदी खड़े नहीं होते।

## फासीवादी मानसिकता का जीता-जागता उदाहरण

तमिल जनम का पक्ष चाहे जो हो, लेकिन एक पत्रकार को सिर्फ इसलिए 'पत्रकार नहीं' कहना कि उसकी विचारधारा आपको पसंद नहीं, यह फासीवादी मानसिकता का जीता-जागता उदाहरण है। अगर यही मानक चल पड़ा तो जल्द ही प्रेस कार्ड जारी करने का अधिकार भी विचारधारात्मक संगठनों के पास चला जाएगा। कोई वामपंथी संघ बनेगा जो तय करेगा कि फलाने चैनल को प्रेस कार्ड मिलेगा या नहीं। कोई संघ बनेगा जो अपना अलग प्रेस कार्ड बांटेगा। और बीच में आम पत्रकार मारा-मारा फिरेगा। यह घटना सिर्फ चेन्नई या तमिलनाडु तक सीमित नहीं है। यह पूरे देश के लिए चेतावनी है। अगर आज हम चुप रहे तो कल को कोई भी आयोजक, कोई भी संगठन, कोई भी व्यक्ति अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह कह सकेगा-'इसे मैं पत्रकार नहीं मानता।' और बाहर का रास्ता दिखा देगा। यह प्रेस की आजादी का गला घोंटने की शुरुआत है। इसे रोकना होगा, अभी और यहीं। वरना जिस दिन प्रेस क्लब में प्रवेश के लिए विचारधारा का सर्टिफिकेट दिखाना पड़ेगा, उस दिन भारतीय मीडिया की आजादी की अंतिम सांस निकल जाएगी।

### आखिर कहां जाएं बांग्लादेशी हिंदू?

# बांग्लादेश में अब स्वतंत्रता सेनानी और उनकी पत्नी की निर्मम हत्या

नीरज कुमार दुबे



**बांग्लादेश** के रांगपुर में 1971 के मुक्ति संग्राम के वीर योद्धा जोगेश चंद्र रॉय और उनकी पत्नी सुबर्णा रॉय की गला रेतकर हत्या ने जनमानस के मन-मस्तिष्क को झकझोर दिया है। लेकिन असली सवाल यह है कि क्या यह केवल एक सनसनीखेज आपराधिक घटना है या फिर यह उस गहरी बीमारी का लक्षण है जिसने बांग्लादेश की आत्मा को भीतर तक खोखला कर दिया है? 75 वर्ष के एक स्वतंत्रता सेनानी की इस तरह घर में बेरहमी से हत्या होना किसी भी समाज के लिए शर्म की बात है, लेकिन बांग्लादेश के संदर्भ में यह घटना और भी भयावह इसलिए है क्योंकि यह उस सतत बढ़ते पैटर्न का हिस्सा है जिसमें अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा लगातार बिगड़ती जा रही है।

रिपोर्टों के मुताबिक, सुबह जब पड़ोसियों ने दरवाजा खटखटाया और कोई जवाब नहीं मिला, तो वह सीढ़ी लगाकर भीतर गए, जहां पति का शव डाइनिंग रूम में और पत्नी का शव रसोई में पड़ा था। दोनों के गले बेरहमी से काटे गए थे। न लूटपाट, न कोई विवाद, न कोई सुराग, केवल एक भयावह चुप्पी थी। पुलिस के पास न कोई संदिग्ध है, न कोई दिशा और न किसी तरह की प्रगति। यह एक अकेली घटना नहीं, बल्कि उस अव्यवस्था का प्रतिबिंब है जिसमें आज बांग्लादेश का प्रशासन पूरी तरह जकड़ा हुआ है।

देखा जाए तो शेख हसीना को हटाने के बाद से बांग्लादेश में जो माहौल बना है, उसने अल्पसंख्यक समुदायों विशेषकर हिंदुओं, के जीवन को दहशत में बदल दिया है। मंदिर जलाने, हिंदुओं के घरों पर हमले, परिवारों का रातों-रात पलायन और अब स्वतंत्रता सेनानियों की हत्या जैसे मामलों ने दुनिया को झकझोर दिया है। इन सब घटनाओं के बावजूद अंतरिम शासक मुहम्मद यूनुस चुप्पी साधे हुए हैं। सवाल उठता है कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के प्रति आखिर कब तक अपनी आंखें बंद रखेगी?

देखा जाए तो यूनुस शासन वास्तव में उन इस्लामवादी ताकतों के सहारे टिका है जिन्होंने हमेशा से अल्पसंख्यकों के अस्तित्व को चुनौती दी है। जमात-ए-इस्लामी जैसी कट्टरपंथी संगठन खुलकर सक्रिय हैं और उनके उभार का सीधा परिणाम हिंदुओं पर हमले, दहशत और अब टार्गेट किलिंग है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि बांग्लादेश का पुलिस ढांचा खुद अपंग हालत में है। 2024 के आंदोलन के दौरान जिस तरह पुलिस बल पर हमले हुए, उसके बाद आज तक स्थिति सामान्य नहीं हो पाई है। कई पुलिसकर्मी वापस ड्यूटी पर नहीं लौटे, कई मारे गए और कई लापता हैं। ऐसे में एक स्वतंत्रता सेनानी के दो बेटे जो खुद पुलिस में हैं, वह अपने माता-पिता की रक्षा तक सुनिश्चित नहीं कर सके तो फिर आम हिंदू परिवार किस पर भरोसा करे?

हम आपको यह भी बता दें कि भारत ने 2021 से अब तक बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हिंसा के 3,582 मामले आधिकारिक तौर पर उठाए हैं। मानवाधिकार संगठन चेतावनी पर चेतावनी जारी कर रहे हैं। लेकिन ढाका के सत्ता-गलियारों में यह सब प्रोपेगेंडा कहकर खारिज कर दिया जाता है। बांग्लादेश में हिंदुओं की जनसंख्या लगातार घट रही है। हर वर्ष हजारों परिवार पलायन कर रहे हैं और अब जब देश की स्वतंत्रता का प्रतीक व्यक्ति अपने ही घर में असहाय मारा जाता है, तो यह केवल अपराध नहीं, यह पूरे राष्ट्र के चरित्र पर प्रहार है। यह बताता है कि अब स्थिति केवल खराब नहीं, बल्कि नियंत्रण से बाहर हो चुकी है।

ऐसे में सवाल उठता है कि क्या बांग्लादेश अपने अल्पसंख्यकों की रक्षा करने की क्षमता रखता है? या क्या बांग्लादेश में ऐसा करने की इच्छा भी बची है? सवाल यह भी उठता है कि यदि एक मुक्ति-योद्धा भी सुरक्षित नहीं है तो फिर अन्य कोई कैसे सुरक्षित हो सकता है? जोगेश चंद्र रॉय और उनकी पत्नी की हत्या एक चेतावनी है। एक ऐसी चेतावनी जिसे अनसुना करना बांग्लादेश को और भी गहरे अंधकार में धकेलेगा। दुनिया को भी अब इस स्थिति को आंतरिक मामला कहकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यह एक देश, एक समुदाय और उस ऐतिहासिक संघर्ष की आत्मा पर हमला है जिसने बांग्लादेश को जन्म दिया था। यदि बांग्लादेश को अपनी बहुलतावादी पहचान बचानी है, तो उसे इस हिंसा पर लगाम लगानी ही होगी, वरना इतिहास एक दिन यही लिखेगा कि देश ने अपने ही नायकों, अपने ही नागरिकों और अपनी ही मानवता को खो दिया।

## राशिफल

**आज दिनांक 11 दिसम्बर, 2025, गुरुवार, विक्रम संवत् 2082, पौष माह कृष्ण पक्ष सप्तमी, पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र, बव करण, विष्कुंभ योग, राहुकालः दोपहर 1:39 से 2:59 बजे, सूर्योदय सुबह 7:02 बजे, सूर्यास्त सायं 5:38 बजे, चंद्रोदय रात 12:16 बजे, चंद्रास्त दोपहर 12:13 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11:58 बजे से 12:41 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5:26 से 6:14 बजे तक, चंद्रमा सिंह राशि में संचार करेगा।**




आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी और भाग्यवृद्धि के योग रहेंगे। कारोबार में आर्थिक लाभ रहेगा और सभी कार्य सफल होगे। कार्य विस्तार की योजनाएं शुरू कर सकते हैं। परिवार का माहौल भी अच्छा रहेगा। शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य बना रहेगा। पुराने मित्रों से मुकालात होने की संभावना है।




आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ की स्थिति रहेगी, लेकिन परिश्रम अधिक करना पड़ेगा। कार्यों में आशानुरूप सफलता नहीं मिलने से मन उदास हो सकता है और मानसिक स्थिति दुविधापूर्ण रहेगी। महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय बुजुर्गों की सलाह लें।




आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी, लेकिन सभी कार्य सफल होंगे। आकस्मिक धनलाभ के योग बन रहे हैं। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। परिवारजनों के साथ दिन आमोद-प्रमोद में व्यतीत होगा। शारीरिक और मानसिक प्रसन्नता रहेगी।




आज कार्यक्षेत्र में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक धन खर्च होने से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा विवाद होने की संभावना रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ भी मनमुटाव हो सकता है।




आज का दिन शुभ फलदायक रहने के योग बन रहे हैं। नौकरी-व्यवसाय के लिए दिन अच्छा है। आकस्मिक धनलाभ प्राप्त हो सकता है, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। शेयर बाजार और प्रॉपर्टी में निवेश से अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। घर में किसी शुभ प्रसंग के आयोजन की संभावना है।




आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में माहौल अच्छा रहेगा और सहकर्मियों के सहयोग से सभी कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। हालांकि, परिश्रम की अधिकता रहेगी, जिससे शारीरिक-मानसिक थकान का अनुभव कर सकते हैं। परिवार में परिस्थिति आपके अनुकूल रहेगी। परिजनों का भी भरपूर सहयोग मिलेगा।




आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में आशा के अनुरूप सफलता मिलेगी, लेकिन कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। कामकाज की भी अधिकता रहेगी, जिससे तन-मन से थकान तथा बेचैनी का अनुभव करेंगे। संतान की समस्या आपको चिंतित करेगी।




आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में कुछ अड़चनें आ सकती हैं। कार्यक्षेत्र में कामकाज की अधिकता रहेगी और कठिन परिश्रम से सफलता मिलेगी, जिससे मानसिक और शारीरिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। धार्मिक और सामाजिक कार्यों में अधिक रुचि लेंगे।




आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। आप सहकुटुंब किसी सामाजिक स्थान पर घूमने अथवा लघु प्रवास पर जाकर आनंद में दिन व्यतीत करेंगे। पुराने मित्रों से मुकालात हो सकती है, जो लाभदायक रहेगी।




आज का दिन शुभ फलदायी रहेगी। कार्यक्षेत्र में आकस्मिक धनलाभ के योग रहेंगे और सभी कार्य आसानी से सफल होंगे। सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे, जिससे सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।




आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में लाभ की स्थिति रहेगी, लेकिन अनावश्यक खर्च की भी अधिकता रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा बेवजह विवाद में फंस सकते हैं। शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता आपको बेचैन बनाएंगे।




आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में छोटी-छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में आशानुरूप सफलता नहीं मिलने से मन में नकारात्मक विचार आ सकते हैं। हालांकि, परिजनों का पूरा सहयोग मिलेगा, लेकिन कटु वचन से परिवार में कलह होने की संभावना रहेगी।

## आलसीपन

प्रेरक प्रसंग

**सुंदरलाल** एक धनी व्यापारी था। इसलिए नौकर-चाकरों की तो कमी थी नहीं। धीरे-धीरे उसने अपना सारा कार्य नौकरों पर ही छोड़ दिया और खुद कामचोर और आलसी बन बैठा। सुबह देर तक सोना उसे बहुत पसंद आने लगा। अपने आलसी स्वभाव के कारण धीरे-धीरे सुंदरलाल की सेहत बिगड़ने लगी। वह पलंग पर पड़ा-पड़ा मोटा हो गया। उससे अब ज्यादा चला-फिरा नहीं जाता था। उसने अब अपने सारे काम नौकरों पर छोड़ रखे थे।

नौकर अपने मालिक के आलसी स्वभाव से परिचित हो गए थे। उन्होंने भी धीरे-धीरे बेईमानी करनी शुरू कर दी और इससे सुंदरलाल को व्यापार में नुकसान होने लगा। एक दिन उसका मित्र उससे मिलने आया। सुंदरलाल ने अपने मित्र से अपनी बीमारी के बारे में बताया। मित्र होशियार था, वह तुरंत समझ गया कि सुंदरलाल का आलसीपन ही सारी बीमारी की जड़ है। उसने सुंदरलाल से कहा- 'तुम्हारी बीमारी को दूर करने का उपाय मैं जानता हूं, पर तुम वह कर नहीं सकते, क्योंकि उसके लिए तुम्हें जल्दी उठना पड़ेगा।' सुंदरलाल ने कहा कि वह बीमारी से ठीक होने के लिए सब कुछ करने को तैयार है। मित्र ने कहा-' सुबह-सुबह अक्सर एक सुनहरा पक्षी आता है। तुम अगर उसे देख लो तो तुम्हारे सारे कष्ट दूर हो जाएंगे।'

सुंदरलाल अगले दिन सुबह-सुबह उठकर सुनहरे पक्षी को खोजने चल पड़ा। रास्ते में उसने देखा कि नौकर उसी के भंडार से अनाज चोरी कर रहे है। ग्वाला दूध में पानी मिला रहा है। सुंदरलाल ने अपने सभी नौकरों को डांटा। अगले दिन फिर वह सुनहरे पक्षी की खोज में निकला। सुनहरे पक्षी को तो मिलना नहीं था, पर अपने मालिक को रोज आते देख भंडार से चोरी होनी बंद हो गई। सभी नौकर अपना काम ठीक से करने लगे। चलने-फिरने से सुंदरलाल का स्वास्थ्य भी ठीक रहने लगा।

कुछ समय बाद सुंदरलाल का मित्र वापस उसके पास आया। उसने अपने मित्र से कहा- 'मित्र, मैं इतने दिनों से सुनहरे पक्षी को खोज रहा हूं, लेकिन वह मुझे कहीं दिखाई नहीं दिया। मित्र सब कुछ समझ गया। यह तो आप ही जाने, पर हम इतना अवश्य जानते हैं कि जब तक आप सुंदलाल की तरह प्रतिदिन अपने कार्यों को स्वयं नहीं देखेंगे, तो निरंतर लाभांश की कामना करना बेमानी होगी। इसमें कोई शक नहीं कि आप आलसी नहीं हैं। लेकिन थोड़ी और मेहनत और बस थोड़ी और। इस प्रकार आप साहचर्य संबंध बनाकर अपने उद्योग को आगे बढ़ाकर न केवल स्वयं आगे बढ़ेंगे, बल्कि अपने कर्मचारियों को भी आगे बढ़ाने में मदद करेंगे। उनके लिए प्रेरणास्रोत बनेंगे और किसी ने कहा है, कर भला तो हो भला।

## सुडोकु 2117

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | | | | | | | 3 |
| | | 1 | | 8 | | | | |
| | | | 7 | | | | | 5 |
| 7 | | | 9 | 2 | | | | 8 |
| | 3 | | | 1 | | | 7 | |
| 2 | | | | | | | 1 | |
| 4 | 6 | | | | | 2 | | |
| | | | | | | | | 7 |
| 1 | 2 | 5 | | | 4 | | 3 | |

**संकेत:** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

### सुडोकु 2116 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 7 |
| 9 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 5 | 3 | 6 |
| 7 | 3 | 6 | 5 | 9 | 4 | 8 | 1 | 2 |
| 6 | 9 | 1 | 8 | 7 | 3 | 4 | 2 | 5 |
| 2 | 4 | 7 | 9 | 6 | 5 | 1 | 8 | 3 |
| 3 | 5 | 8 | 2 | 4 | 1 | 7 | 6 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 4 | 8 | 3 | 6 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 5 | 6 | 2 | 4 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 |

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
Facebook YouTube



# लालसोट विधायक आज कई जगहों पर सड़कों का करेंगे शिलान्यास

महानगर टाइम्स संवाददाता



**रामगढ़ पचवारा।** लालसोट विधायक रामविलास मीणा विधानसभा क्षेत्र लालसोट मे अलग-अलग स्थानों की लगभग 24 किलोमीटर लंबी सड़कों का गुरुवार को शिलान्यास करेंगे।

भाजपा वरिष्ठ नेता शंभूलाल कुई वाला ने बताया कि लालसोट विधायक रामविलास मीणा 11 दिसंबर को विधानसभा क्षेत्र की कल्लावास से सोनड़ चौड़ाईकरण 15 किलोमीटर, राहुवास तिब्बारा से ढोलावास 1.5 किलोमीटर, एन एच-148 से संत महाराज के स्थान राहुवास 0.8 किलोमीटर, एन एच-148 से कल्याण पटेल की ढाणी गोमलाड़ू की ढाणी सरकारी स्कूल गोलमाड़ू 2 की ढाणी राहुवास 1.7 किलोमीटर, पिपली मुख्य रोड से नयागांव 1. 20 किलोमीटर कोलीवाड़ा मुख्य रोड से धान्ध्या ढाणी 1.50 किलोमीटर लंबी सड़क का गुरुवार दोपहर 12 बजे कल्लावास तिब्बारा में शिलान्यास समारोह किया जाएगा। भाजपा वरिष्ठ नेता ने बताया कि दोपहर 2 बजे लालसोट विधायक 1.5 किलोमीटर लंबी गुढ़ा भैरुजी महाराज से सिंहपुरा रोड ब्राह्मण बस्ती नई कोठी और 2:30 बजे सहसपुरा से किशनपुरा, टापरिया 2.5 किलोमीटर लंबी सड़क का सहसपुरा में शिलान्यास करेंगे।

# मॉनिटरिंग सिर्फ कागजों पर, महंगाई पर कोई नियंत्रण नहीं : ओला

महानगर टाइम्स संवाददाता



**झुंझुनूं।** सांसद बृजेंद्र सिंह ओला ने बुधवार को लोकसभा में अतारांकित प्रश्न के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर सरकार की नीतिगत विफलताओं को उजागर किया।

उन्होंने कहा कि सरकार 575 केंद्रों और मोबाइल ऐप के माध्यम से कीमतें मॉनिटर करने का दावा करती है, लेकिन इसके बावजूद दाल, गेहूं, तेल और अन्य जरूरी वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। यह साबित करता है कि मॉनिटरिंग व्यवस्था सिर्फ कागज़ी है, जमीनी असर शून्य है।

सांसद ने कहा कि दालों में बफर स्टॉक होने के बावजूद कीमतें स्थिर नहीं हैं, जबकि खाद्य तेलों में सरकार के पास कोई बफर स्टॉक नहीं है। सिर्फ आयात शुल्क घटाने-बढ़ाने से मूल्य स्थिरता नहीं लाई जा सकती, यह नीति किसानों को भी नुकसान देती है और उपभोक्ताओं को राहत भी नहीं देती। उन्होंने कहा कि दालों पर स्टॉक लिमिट न होना बड़ी लापरवाही है। गेहूं पर निर्देश जारी कर देने मात्र से जमाखोरी रुकने वाली नहीं, जब तक राज्यों के साथ मिलकर सख्त कार्रवाई न हो। सांसद ने सरकार से मांग की कि वह आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर वास्तविक नियंत्रण के लिए प्रभावी व्यवस्था बनाई जाए, पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित हो और जमाखोरी रोकी जाए।

# निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 110 मरीज लाभान्वित



महानगर टाइम्स संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** मानवाधिकार दिवस पर न्यायालय परिसर में गीता पाठक (एडीजे) अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति, श्रीमाधोपुर के आदेशानुसार एवं तालुका विधिक सेवा समित्ति, श्रीमाधोपुर के तत्वाधान में डॉ. बी.लाल क्लिनिक लेबोरेट्री प्रा.लि. श्रीमाधोपुर के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर, हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में न्यायालय अधिकारीगण, एसीजेएम क्रम-1, अनूप कुमार, एसीजेएम क्रम-2 रेशमा जानवानी, न्यायालय कर्मचारी व अधिवक्ता आदि की डॉ. बी.लाल क्लिनिक लेबोरेट्री एवं श्री शिव शक्ति डेन्टल हॉस्पिटल, श्रीमाधोपुर के सहयोग से विभिन्न प्रकार की जांचें निशुल्क की गई। तालुका सचिव बुद्धिप्रकाश सैनी ने बताया कि मानवाधिकार दिवस पर डॉ. बी.लाल क्लिनिक लेबोरेट्री के कर्मचारी राजेन्द कुमार पावन्डा, कोमल चौधरी व श्री शिव शक्ति डेन्टल हॉस्पिटल के डॉ. बीएल चौधरी, डॉ. मोनिका, विक्रम द्वारा ब्लड शुगर, बी.पी., वजन एवं दांतों से संबंधित विभिन्न प्रकार की 110 व्यक्तियों की जांचे निशुल्क की गई एवं स्वास्थ्य के प्रति दैनिक दिनचर्या व खानपान आदि से संबंधित जानकारी भी दी गई।

# मंदिर कमेटी के सहयोग से जल्द शुरू होगा खाटूधाम शहर का सौंदर्यीकरण

**खाटूश्यामजी (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** नगर पालिका क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और शहर के सौंदर्यीकरण को नई दिशा देने के उद्देश्य से नगर पालिका ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। तोरण द्वार क्षेत्र में अव्यवस्थित यातायात को व्यवस्थित करने के लिए ई-रिक्शा रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पालिका कार्यालय में शुरू कर दी गई है। डिजिटलाइजेशन के बाद ई-रिक्शाओं के निर्धारित रूट लागू किए जाएंगे, जिससे शहर में यातायात और भी सुगम हो सकेगा। इसके साथ ही नगर पालिका द्वारा अंडरग्राउंड पार्किंग का संचालन भी प्रभावी रूप से शुरू कर दिया गया है। तोरण द्वार से रींगस रोड डायवर्जन प्वाइंट तक फैले सभी अतिक्रमणों को हटाकर मार्ग को खुला और सुव्यवस्थित किया गया है। श्री श्याम मंदिर कमेटी के सहयोग से शहर के सौंदर्यीकरण का कार्य भी जल्द प्रारंभ किया जाएगा।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने मानवाधिकार दिवस पर किया जिला कारागृह का दौरा

# बंदियों को उनके अधिकारों के बारे में किया जागरूक

महानगर टाइम्स संवाददाता



**सवाई माधोपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव समीक्षा गौतम ने जिला कारागृह सवाई माधोपुर में मानवाधिकार दिवस पर बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों के संबंध में जागरूक करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर सचिव समीक्षा गौतम ने समानता और न्याय का संरक्षण, भेदभाव के हर रूप का विरोध, कमजोर, शोषित और पीड़ित लोगों की आवाज बनना तथा समाज में मानवाधिकारों के संबंध में जागरूकता और संवेदनशीलता बढ़ाने को लेकर जागरूक किया। सचिव समीक्षा गौतम ने यह भी बताया कि यह दिवस लोगों को अपने अधिकारों के साथ-साथ दूसरों के अधिकारों का सम्मान करने का भी संदेश देता है। उन्होंने कहा कि जाति, धर्म, लिंग, भाषा या किसी अन्य आधार पर किया गया भेदभाव मानवाधिकारों के मूल सिद्धांत के विरुद्ध है।

उन्होंने प्रत्येक बंदी से अपील की कि वे मानवाधिकारों को अपने व्यवहार में उतारें और उनके संरक्षण के लिए मिलकर प्रयास करें। मानवाधिकार दिवस मनाए जाने का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी व्यक्ति अन्याय, शोषण या अत्याचार का शिकार न हो।

इस दौरान सचिव समीक्षा गौतम ने बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों जैसे निशुल्क विधिक सलाह एवं सहायता का अधिकार, गिरफ्तारी का कारण जानने का अधिकार, न्यायालय के समक्ष पेश होने का अधिकार, सजा की अवधि पूर्ण होने पर रिहाई का अधिकार, गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार, भोजन, पानी एवं चिकित्सकीय देखभाल का अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की। इस दौरान चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल राधेश्याम योगी एवं अधिकार मित्र मगनलाल मीणा द्वारा भी मानवाधिकारों के संबंध में अवगत करवाया गया।

## जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) एवं जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित

# 'सकारात्मक सोच के साथ बैंकिंग योजनाओं से आमजन को करें लाभान्वित'

महानगर टाइम्स संवाददाता



**सीकर।** जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) एवं जिला परामर्शदात्री समिति की समीक्षा बैठक अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। एडीएम भावना शर्मा ने बैंकिंग अधिकारियों से कहा कि लोगों को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिले, इसके लिए बैंक कर्मी समर्पित भाव से समन्वय के साथ कार्य करें।

उप मंडल प्रमुख विमल शर्मा ने कहा कि बैंककर्मी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से समय पर ऋण स्वीकृत कर किसानों, पशुपालकों एवं युवा उद्यमियों के जीवन में खुशहाली लाने का माध्यम बन सकते हैं।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर भावना शर्मा ने बैठक में वार्षिक साख योजना की समीक्षा करते हुए बैंकिंग व्यवसाय के तहत कुल जमा, कुल अग्रिम एवं ऋण जमा अनुपात की समीक्षा कर प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बैंकवार सरकारी योजनाओं की समीक्षा की, जिसमें स्वयं सहायता समूहों का गठन, सेविंग अकाउंट, बैंक ऋण आवेदन पत्रों एवं स्वीकृति की स्थिति की समीक्षा की। पीएम स्वनिधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, फसल बीमा योजना एवं जनधन योजना के अन्तर्गत खोले गए खातों के बारे में जानकारी लेकर सभी बैंकों को शत-प्रतिशत करने के निर्देश दिए।

बैठक में नाबार्ड की योजनाओं के संबंध में चर्चा कर योजनाओं में अधिक से अधिक किसानों, पशुपालकों को लाभांवित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी बैंक अधिकारियों को सरकारी योजनाओं के लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द निस्तारण करने की हिदायत दी। डीडीएम नाबार्ड ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड के संबंध में बैंकों को नए-नए नवाचार करने चाहिए। वित्तीय लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए डिजिटल लेनदेन को बढावा दें, जिससे बैंकों का कार्यभार कम होगा। डीडीएम नाबार्ड द्वारा वार्षिक एनुअल 2025-26 का विमोचन सदन में कराया गया।

अक्षय गुंबर सहायक महाप्रबंधक आरबीआई ने सभी बैकर्स को कहा कि लेनदेन के दौरान हो रही आनलाइन धोखाधडी व डिजिटल ट्रांजेक्शन के बारें में लोगों को जागरूक करें। एडीएम भावना शर्मा ने सभी बैंकर्स को कहा कि ग्राहकों की सुविधा के लिए बैंकिंग सुविधाओं में अधिक से अधिक विस्तार करें।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने किया स्काउट गाइड शिविर का अवलोकन



महानगर टाइम्स संवाददाता

**नवलगढ़।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ के तत्वाधान में ग्राम झाझड़ के शेखावटी ग्रामीण शिक्षण संस्थान में चल रहे स्काउट गाइड के द्वितीय तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का तीसरे दिन मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने अवलोकन किया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में ए.सी.बी.ई.ओ. कुलदीप पूनिया, प्रधानाचार्य एवं झाझड़ पीईईओ सुमन लता, प्रधानाचार्य सुनील कुमार शर्मा, बाबूलाल सैनी, प्रधान मुरली मनोहर चौबदार रहे। मुख्य अतिथि अशोक कुमार शर्मा ने कहा कि सभी को स्काउट गाइड की नियम प्रतिज्ञा अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्काउट गाइड एक भावना है व जीवन जीने की कला है। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने स्काउट गाइड से व्यक्तिगत पूछकर शिविर के बारे में पूछताछ की व उनके द्वारा किए गए कार्यों को देखा। इस अवसर पर मुरली मनोहर चौबदार ने गतिविधियों में भाग लेकर स्काउट गाइड का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने स्काउट गाइड को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य रविकांत सिंगोदिया, निदेशक विजयलक्ष्मी, प्रधानाध्यापक प्यारेलाल पालीवाल, संचालक रामअवतार सबलानिया सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

# महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष तारा पूनिया के नेतृत्व में 14 को दिल्ली कूच



महानगर टाइम्स संवाददाता

**नवलगढ़।** कस्बे की ग्राम पंचायत बाय की सरपंच व महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष तारा पूनिया ने राजस्थान महिला कांग्रेस अध्यक्ष सारिका सिंह के नेतृत्व में वोट चोर गद्दी छोड़ आंदोलन को लेकर पीसीसी जयपुर में आयोजित मीटिंग में भाग लिया। गौरतलब है कि 14 दिसम्बर को वोट चोर गद्दी छोड़ आंदोलन को लेकर दिल्ली में राहुल गांधी के नेतृत्व में मोदी सरकार के विरुद्ध रामलीला मैदान में आंदोलन किया जाएगा। राजस्थान महिला कांग्रेस अध्यक्ष सारिका सिंह, राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा के नेतृत्व में अधिक से अधिक महिलाएं इसमें भाग लेंगी।

# ब्लॉक स्तरीय ग्रीन-ग्रोथ स्किल प्रतियोगिता आयोजित

महानगर टाइम्स संवाददाता



**लालसोट।** उपखंड मुख्यालय स्थित पीएम श्री अशोक शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सत्र 2025-26 के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर से संबद्धता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 तक अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए सतत विकास एवं ग्रीन ग्रोथ स्किल अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के उप प्राचार्य मोहन उपाध्याय ने बताया कि ऐसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से सतत विकास और ग्रीन ग्रोथ के सिद्धांतों को आत्मसात कर आवश्यक कौशल का विकास करने का एक प्रभावी माध्यम है, जिससे विद्यार्थियों में आवश्यक कौशलों का विकास होता है।

प्रतियोगिता प्रभारी बाबूलाल शर्मा ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मनीष कुमार बैरवा रा.उ.मा.विद्यालय शिवसिंहपुरा, द्वितीय स्थान सलौनी महावर महात्मा गांधी रा.विद्यालय खोहरा पाड़ा, आशु भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तनीजा बानो महात्मा गांधी रा.वि. खोहरापाड़ा, द्वितीय स्थान लक्ष्य जांगिड़ पीएमश्री अशोक शर्मा रा.उ.मा.विद्यालय लालसोट, क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चिराग जांगिड़ महात्मा गांधी रा.वि. खोहरा पाड़ा, द्वितीय स्थान नरसी लाल मिरोठा पीएम श्री अशोक शर्मा रा.उ.मा.वि. लालसोट, चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान यश बिंदोरिया रा.उ.मा. विद्यालय डीडवाना एवं द्वितीय स्थान सपना मीना पीएम श्री अशोक शर्मा रा.उ.मा.विद्यालय लालसोट ने स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर राजेंद्र कुमार शर्मा, प्रकाशचंद बैरवा, संतोष जांगिड़, निर्मला गुप्ता, राकेश कुमार जैन, मुकेश कुमार गुप्ता, अविरल खंडेलवाल, कृष्ण कुमार पारीक, राजेश शर्मा, अभिषेक शर्मा आदि ने प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया।

## स्पोर्ट्स

# अर्शदीप और डी कॉक की टक्कर पर रहेंगी नजरें

### भारत-साउथ अफ्रीका दूसरा टी20 मैच आज न्यू चंडीगढ़ में

महानगर टाइम्स संवाददाता

**मोहाली।** पांच मैचों की टी20 सीरीज में भारत 1-0 से आगे है और न्यू चंडीगढ़ में वह अपनी बढ़त को बढ़ाने उतरेगा। दो महीने बाद भारत और श्रीलंका में होने वाले पुरुष टी20 विश्व कप के मद्देनज़र भारत ने कटक में यह दर्शाया कि वह कैसे विषम परिस्थितियों से पार पा सकता है और लगातार दूसरी विश्व कप ट्रॉफी हासिल करने के प्रबल दावेदारों में से एक है।



पिछले आठ टी20 में भारत ने साउथ अफ्रीका को छह मैचों में हार का मुंह दिखाया है, हालांकि टी20 प्रारूप में कोई भी टीम किसी को हराने का माद्दा रखती है और चुनौती तब और दिलचस्प हो जाती है, जब सामने साउथ अफ्रीका जैसी टीम हो। विश्व कप से पहले भारत के नौ मुकाबले शेष हैं और न्यू चंडीगढ़ में तैयारियों के लिहाज से महत्वपूर्ण मुकाबला होगा। न्यू चंडीगढ़ में यह पहला पुरुष अंतरराष्ट्रीय मुकाबला भी होगा। इससे पहले इस साल सितंबर में भारत महिला और ऑस्ट्रेलिया महिला टीम के बीच दो वनडे खेले गए थे।

कटक में चेज के दौरान पहले ओवर ने मुकाबले की दशा तय करने में अहम भूमिका निभाई। अर्शदीप सिंह परिस्थितियों का पूरा लाभ उठा रहे थे और उन्होंने पहले ही ओवर में क्विंटन डी कॉक को पवेलियन रवाना कर दिया। अर्शदीप ने टी20 क्रिकेट में पांच बार डी कॉक का शिकार किया है, जबकि डी कॉक ने इस दौरान अर्शदीप की 41 गेंदों का सामना करते हुए 38 रन बनाए हैं। ऐसे में न्यू चंडीगढ़ में एक बार फिर अर्शदीप और डी कॉक की भिड़ंत देखने लायक होगा। साथ ही यह भी देखना होगा कि क्या अर्शदीप द्वारा गेंदबाज़ी की शुरुआत करने पर खुद एडन मारक्रम स्ट्राइक लेंगे?

**अहम तथ्य और आंकड़े**

- अब तक टी20 में सिर्फ तीन खिलाड़ियों ने 100 विकेट लेने के साथ-साथ 100 छक्के लगाए हैं। हार्दिक पंड्या सिकंदर रज़ा, मोहम्मद नबी और मलेशिया के वीरंदीप सिंह की इस सूची में शामिल होने से मात्र एक विकेट दूर हैं।
- टी20 पारी के पहले छह ओवर में अर्शदीप सिंह ने संयुक्त तौर पर सर्वाधिक 47 विकेट लिए हैं। इस मामले में वह भुवनेश्वर कुमार के साथ बराबरी पर हैं।
- जसप्रीत बुमराह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तीनों प्रारूप में 100 से अधिक विकेट लेने वाले पांचवें गेंदबाज बने हैं।

# नेशनल यूथ गेम्स में आईआईएस की छात्रा संयोगिता ने जीता कांस्य पदक

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), जयपुर की बी.ए. (ऑनर्स) साइकोलॉजी सेमेस्टर-थर्ड की छात्रा सयोंगिता शेखावत ने नेशनल यूथ गेम्स 2025-26 (स्कीट शूटिंग) में कांस्य पदक जीतकर विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता नई दिल्ली में आयोजित हुई, जिसमें देशभर के बेहतरीन युवा निशानेबाजों ने भाग लिया। संयोगिता शेखावत की इस उपलब्धि से न केवल विश्वविद्यालय की खेल उत्कृष्टता को नई ऊंचाई मिली है, बल्कि छात्रों में खेलों के प्रति प्रेरणा और उत्साह भी बढ़ा है। उनकी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास ने उन्हें इस सम्माननीय उपलब्धि तक पहुंचाया। उल्लेखनीय है कि संयोगिता वर्तमान में सीनियर नेशनल स्कीट शूटिंग चैंपियनशिप 2025-26 में भी भाग ले रही हैं, जो उनकी प्रतिभा, क्षमता और खेल के प्रति समर्पण को और मजबूत रूप से प्रदर्शित करता है।



# आईसीसी वनडे रैंकिंग में रो-को का जलवा बरकरार

### रोहित नंबर 1, विराट पहुंचे नंबर-2 पर

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** आईसीसी वनडे बैटिंग रैंकिंग में एक बार फिर रो-को यानी रोहित शर्मा और विराट कोहली का जलवा बरकरार है। नंबर-1 पर पूर्व कप्तान रोहित शर्मा हैं। वहीं साउथ अफ्रीका के खिलाफ शानदार लगातार दो शतक और एक अर्धशतक लगाने वाले विराट कोहली नंबर-2 पर आ गए हैं। आईसीसी ने बुधवार को वीकली रैंकिंग जारी की। साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में 302 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए विराट ने दो स्थान की बढ़त हासिल की है। रोहित उनसे सिर्फ आठ रेटिंग पॉइंट आगे हैं। रोहित ने सीरीज में 146 रन बनाए थे। भारत को अब अगला वनडे टूर्नामेंट न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 जनवरी से खेलना है। तब सबकी नजरें कोहली-रोहित की नंबर-1 की रेस पर होंगी। उधर कोहली के अलावा केएल राहुल को भी वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में फायदा हुआ है। राहुल दो स्थान ऊपर चढ़कर 12वें नंबर पर पहुंच गए। बॉलर्स में कुलदीप यादव तीन स्थान की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। साउथ अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक (13वें), ऐडन मार्करम (25वें) और टेम्बा बावुमा (37वें) ने भी रैंकिंग में बढ़त हासिल की। टी-20 रैंकिंग में साउथ अफ्रीका के यंग बैटर डेवॉल्ड ब्रेविस अपने पहले मैच में शानदार अर्धशतक लगाकर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत की ओर से गेंदबाज अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह को भी टी-20 रैंकिंग में फायदा हुआ है।

## कूच बिहार ट्रॉफी : फॉलोऑन खेलते हुए राजस्थान टीम की दमदार वापसी

# कुशाग्र ओझा और रजत बघेल के शतक

### तीसरे दिन मुंबई दूसरी पारी 60/2

महानगर संवाददाता





**जयपुर।** मुंबई में खेले जा रहे राजस्थान बनाम मुंबई अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी मुकाबले में तीसरे दिन राजस्थान टीम ने शानदार वापसी की। पहले दो दिन में दबाव में रही राजस्थान टीम ने फॉलोऑन खेलते हुए बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। मैच के तीसरे दिन का खेल कई रोमांचक मोड़ों से भरा रहा, जहां राजस्थान के दो युवा बल्लेबाजों ने टीम को संभालते हुए शतक जमाए।

पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई ने अपनी पहली पारी में 250 रन बनाए थे। जवाब में राजस्थान की पहली पारी 90 रन पर सिमट गई, जिससे टीम को फॉलोऑन खेलना पड़ा, लेकिन दूसरी पारी में राजस्थान ने पूरी तरह बदला हुआ खेल दिखाया। कप्तान कुशाग्र ओझा (106) और रजत बघेल (116) ने महत्वपूर्ण साझेदारी निभाते हुए टीम को लड़ने लायक स्थिति में पहुंचाया। अंत में आदित्य सैनी ने भी नाबाद 39 रन जोड़कर स्कोर 286 तक पहुंचाया।

मुंबई की ओर से सार्थक भिड़े ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 34 रन देकर 5 विकेट चटकाए। उनके अलावा वेदांत ने 2/78 तथा हर्ष ने 2/20 विकेट झटके।

तीसरे दिन के खेल समाप्ति तक मुंबई ने अपनी दूसरी पारी में 60/2 रन बना लिए थे। राजस्थान की ओर से प्रखर शर्मा और जतिन ने एक-एक विकेट हासिल कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। मैच अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है और अंतिम दिन कड़ी टक्कर देखने की उम्मीद है।

facebook YouTube twitter
देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।


रोते बच्चों को चुप कराने के लिए मोबाइल थमाने वाले माता-पिता अनजाने में कर रहे 'मासूम मानसिकता' का कत्ल

# छोटा सा मोबाइल... बच्चों के भविष्य के लिए बन रहा सबसे बड़ा खतरा

- **ऑस्ट्रेलिया में छोटे बच्चों पर सोशल मीडिया बैन, हमारे यहां बन रहा नई पीढ़ी का दुश्मन**
- **जेके लोन व न्यूरोलॉजी विशेषज्ञों की चेतावनी रजाई में मोबाइल, ब्लू लाइट, देर रात जागना बच्चों की मानसिक सेहत को कर रहे तबाह**

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** छोटे बच्चों की मानसिकता और भविष्य पर सबसे बड़ा खतरा अब वही चीज बन चुकी है, जिसे माता-पिता रोते बच्चे को चुप कराने का आसान तरीका मानते हैं, मोबाइल। दुखद यह है कि अनेक घरों में मां-बाप बच्चों की पुकार से पीछा छुड़ाने के लिए जिस उपकरण को थमा देते हैं, वही मोबाइल बच्चों की मानसिक, शारीरिक और सामाजिक वृद्धि को अंदर ही अंदर नष्ट कर रहा है। दुनिया के कई देशों में बच्चों पर सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव इतने भयावह पाए गए कि ऑस्ट्रेलिया जैसे विकसित राष्ट्रों ने छोटे बच्चों को सोशल मीडिया से पूरी तरह दूर कर दिया और कई जगह स्कूलों में मोबाइल बैन तक कर दिया गया, लेकिन हमारे यहां स्थिति लगातार और अधिक चिंताजनक होती जा रही है।

### अस्पतालों में बढ़े डराने वाले केस

प्रदेश के सबसे बड़े बाल अस्पताल जेके लोन में आने वाले मामलों ने विशेषज्ञों को सचेत कर दिया है। सीनियर बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कपिल



गर्ग बताते हैं कि रोजाना बढ़ते स्क्रीन संबंधित केस यह साबित कर रहे हैं कि माता-पिता अनजाने में अपने बच्चों के भविष्य को जोखिम में डाल रहे हैं। रजाई या कंबल के अंदर मोबाइल देखने पर तेज रोशनी रेटिना को सीधा नुकसान पहुंचाती है, आंखों की रोशनी कम होती है, सिरदर्द और आंखों में जलन की शिकायत बढ़ जाती है। ब्लू लाइट बच्चों के शरीर में मेलाटोनिन को तेजी से कम कर देती है, जिससे नींद का संतुलन बिगड़ जाना, मानसिक विकास रुकना और मूड स्विंग जैसी गंभीर समस्याएं पैदा होती हैं।

### रजाई में मोबाइल अदृश्य खतरों की फैक्ट्री

बंद माहौल में लंबे समय तक मोबाइल देखने से गर्मी बढ़ती है और ऑक्सीजन कम हो जाती है। विशेषज्ञों के अनुसार इससे सांस लेने में दिक्कत, थकान, कमजोरी और दिमागी थकावट तेजी से बढ़ती है। बच्चों का एक ही पोजिशन में झुककर मोबाइल पकड़े रहना, टेक्स्ट नेक जैसी परेशानियों को बेहद कम उम्र में शुरू कर रहा है, जो पहले बड़े लोगों में ही देखा जाता था।

### न्यूरोलॉजिस्ट ने दी मानसिक बीमारियां बढ़ने की चेतावनी

एसएमएस अस्पताल के सीनियर न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. दिनेश खंडेलवाल बताते हैं कि मोबाइल का अति-उपयोग बच्चों के दिमाग पर भयानक असर डाल रहा है। जैसे ही बच्चा रोता है, मां-बाप मोबाइल पकड़ा देते हैं और यही आसान तरीका आगे चलकर ऑटिज्म डिसऑर्डर जैसे गहरे मानसिक प्रभाव छोड़ रहा है। यह बच्चों के दिमाग में ब्लू लाइट मेलाटोनिन को खत्म कर रही है, जिसके कारण वे देर रात तक जागते हैं, सीखने की क्षमता घटती है और चिड़चिड़ापन बढ़ता है। खंडेलवाल के अनुसार यही कारण है कि आजकल छोटे बच्चों में पैनिक अटैक, कम होती सोचने-समझने की क्षमता और व्यावहारिक विकार तेजी से बढ़ रहे हैं।

### अगर अभी नहीं चेते तो आने वाली पीढ़ी संकट में

विदेशों में बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने के सख्त कदम उठाए जा रहे हैं, लेकिन भारत में खतरा तेजी से बढ़ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि मोबाइल का लगातार बढ़ता उपयोग बच्चों की नेचुरल जीवनशैली, खेलकूद, सामाजिक समझ और दिमागी विकास को अंदर ही अंदर खा रहा है। अगर समय रहते रोक नहीं लगाई गई तो आने वाले सालों में स्थिति अत्यंत भयावह और चिंताजनक हो सकती है। जहां मोबाइल बच्चों की प्रतिभा, मानसिकता और स्वास्थ्य को हमेशा के लिए कमजोर कर देगा।





## प्रवासी राजस्थानी दिवस पर सांस्कृतिक संध्या में कलाकरों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

**सीएम ने लोकसभा अध्यक्ष सहित केंद्रीय मंत्रियों का किया अभिनंदन**

**जयपुर।** प्रवासी राजस्थानी दिवस की शाम लोक नृत्य और संगीत के नाम रही। पर्यटन, कला व संस्कृति विभाग द्वारा बुधवार को जेईसीसी परिसर में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। आयोजन के प्रारंभ में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय पर्यावरण व वन मंत्री भूपेंद्र यादव और केंद्रीय पशुपालन मंत्री राजीव रंजन सिंह, केंद्रीय विधि राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल का शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दीयाकुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा सहित मंत्रीगणों ने भी शिरकत की। कार्यक्रम में पद्मश्री गुलाबो सपेरा और उनकी टीम ने अद्वितीय कालबेलिया नृत्य की प्रस्तुति दी।

## भक्तिभाव से मनाया चतुर्थ दीक्षा दिवस

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मानसरोवर के एसएफएस दिगंबर जैन मंदिर में प्रवासरत आचार्य सुंदर सागर महाराज के संघ के मुनि सुलक्ष सागर, आर्यिका सुकाव्य मति, सुलक्ष्यमति, सुरम्यमति माताजी, क्षुल्लिका सुतथ्यमति, सुनम्य मति, सुपथ्य मति के चतुर्थ दीक्षा दिवस पर विनयांजलि सभा हुई। चित्र अनावरण के बाद दीप प्रज्वलन किया गया। इससे पूर्व प्रातः मंदिर में अभिषेक, शांति धारा की गई। श्रद्धालुओं ने शास्त्र भेंट कर पाद पक्षालन किया। आर्यिका एवं क्षुलिका माताजी को वस्त्र भेंट के बाद संगीतमय पूजन किया। अंत में आचार्य सुंदर सागर महाराज के मंगल प्रवचन हुए। समिति अध्यक्ष कमलेश चंद जैन, महामंत्री सोभाग मल जैन, मंत्री कुणाल काला सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## पुलिसकर्मियों के लिए पूरे माह आयोजित होंगे नेत्र परीक्षण शिविर

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश के सभी पुलिसकर्मियों के लिए एएसजी आई हॉस्पिटल जयपुर में 10 दिसंबर से 9 जनवरी तक निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित होंगे। हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. आशीष अग्रवाल के अनुसार शिविर में पुलिसकर्मी अपने परिवार के सभी सदस्यों का परीक्षण करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पूरे माह पुलिस लाइंस और पुलिस स्टेशनों पर भी निशुल्क नेत्र शिविर लगाए जाएंगे।

## किसान महासभा के कालवाड़ तहसील अध्यक्ष बने रामलाल चौधरी

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** राष्ट्रीय किसान महासभा के अध्यक्ष बनवारी लाल कुड़ी ने ग्राम चारणवास कालवाड़ निवासी रामलाल चौधरी को कालवाड़ तहसील अध्यक्ष पर नियुक्त किया है। बनवारी लाल कुड़ी ने आशा व्यक्त की है कि रामलाल चौधरी किसानों के हित में, किसानों की समस्याओं के समाधान में लगातार प्रयासरत रहेंगे और किसान की आवाज बुलन्द करेंगे तथा राष्ट्रीय किसान महासभा संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

## दूसरे प्रिंसिपल को लाभ पहुंचाने के लिए किए तबादले पर रोक, मांगा जवाब

**जयपुर (मसं)।** राजस्थान सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण ने दूसरे प्रिंसिपल को लाभ पहुंचाने के लिए प्रार्थी प्रिंसिपल का तबादला करने वाले आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही प्रमुख शिक्षा सचिव व माध्यमिक शिक्षा निदेशक सहित भरतपुर डीईओ को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। यह आदेश संजय कुमार वर्मा की अपील पर दिए। अधिवक्ता विजय पाठक ने बताया कि विभाग ने गत 22 सितंबर को भरतपुर की एक स्कूल में तैनात प्रिंसिपल का तबादला धौलपुर जिले में कर दिया था, लेकिन उसने नई जगह पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया। वहीं गत 23 नवंबर को इस प्रिंसिपल को अपीलार्थी के स्थान पर भरतपुर की स्कूल में लगा दिया और अपीलार्थी का तबादला धौलपुर कर दिया। अपील में आरोप लगाया गया कि दूसरे प्रिंसिपल ने दो माह तक नई जगह कार्य ग्रहण नहीं किया और बाद में अपने प्रभाव का उपयोग कर भरतपुर में ही याचिकाकर्ता के स्थान पर तबादला करवा लिया। इसके कारण अपीलार्थी का तबादला किया गया।

प्रवासी राजस्थान दिवस के सेक्टोरल सत्र में केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा...

# 'राजस्थान बन रहा है निवेश स्थान, उद्योग स्थापना के क्षेत्र में अग्रणी'

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने प्रवासी राजस्थानी दिवस के अवसर पर आगामी एक वर्ष में राजस्थान चैप्टर्स द्वारा प्रदेश के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में योगदान की संभावनाओं के संबंध में आयोजित सेक्टोरल सेशन को संबोधित करते हुए कहा कि उद्योग स्थापना के लिए भूमि, ऊर्जा, जल, रॉ मेटेरियल तथा शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण पांच अनिवार्य आधार स्तंभ हैं और सभी आयामों पर मजबूत स्थिति राजस्थान को निवेश स्थान के रूप में विकसित कर रही है।

शेखावत ने कहा कि किफायती एवं पर्याप्त भूमि उपलब्धता, अक्षय ऊर्जा उत्पादन में राष्ट्रीय नेतृत्व, जलापूर्ति संरचना के सुदृढ़ीकरण, सुरक्षित वातावरण तथा मजबूत सड़क एवं परिवहन तंत्र के कारण राजस्थान निकट भविष्य में देश का सबसे आकर्षक निवेश गंतव्य बनकर उभर रहा है। उन्होंने राज्य की शांतिपूर्ण सामाजिक संरचना, मजबूत कानून-व्यवस्था, उत्कृष्ट सड़क नेटवर्क तथा निरंतर विस्तृत हो रहे औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर को प्रदेश की प्रमुख ताकत बताते हुए कहा कि ये सभी मिलकर निवेशकों को सुरक्षित, स्थाई और भरोसेमंद वातावरण प्रदान करते हैं। शेखावत ने विकसित राजस्थान 2047 के विजन में देश-विदेश में बसे प्रवासी राजस्थानियों से प्रदेश के दीर्घकालिक विकास में योगदान देने का आह्वान किया।



### प्रवासी राजस्थानियों की हर समस्या का समाधान राज्य सरकार की जिम्मेदारी : भजनलाल शर्मा

सत्र में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आश्वस्त किया कि प्रवासी राजस्थानियों की हर समस्या का समाधान राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। शर्मा ने कहा कि हमने प्रवासी समुदाय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए 'राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी मामले विभाग' का गठन किया है। सभी जिलों में प्रवासियों के सहयोग के लिए अधिकारियों को नोडल बनाया गया है। साथ ही, राज्य सरकार ने एनआरआर के लिए एक डैशबोर्ड का निर्माण किया है, जिसमें प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के गैप एरियाज को चिन्हित किया गया है, ताकि प्रवासी राजस्थानी अपनी मातृभूमि के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सके। उन्होंने आह्वान किया कि प्रवासी भाई-बहन सभी क्षेत्रों में भामाशाह के रूप में सहयोग के लिए आगे आए। इस कार्य में भी राज्य सरकार उनका पूरा सहयोग करेगी।

### ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के क्षेत्र में प्रभावी सुधारः राठौड़

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि वर्तमान सरकार के दो वर्षों में राजस्थान ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के क्षेत्र में प्रभावी सुधार किए हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर सर्विस डिलीवरी, पारदर्शी प्रशासन और त्वरित निर्णय प्रक्रिया के माध्यम से राज्य निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल प्रदान कर रहा है।

### नीतियों में जरूरी संशोधन के साथ नई नीतियां लागूः पटेल

विधि मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि निवेशकों एवं प्रवासी राजस्थानियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नीतियों में आवश्यक संशोधन किए जा रहे हैं तथा नई नीतियां लागू की जा रही हैं, जिससे राज्य में उद्योग एवं निवेश के लिए सक्षम वातावरण तैयार हुआ है। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने कहा कि राज्य सरकार राज्य की हवाई पट्टियों के विकास एवं विस्तार पर निरंतर कार्य कर रही है।

### एनआरआर पॉलिसी-2025 और राजस्थान डवलपमेंट सपोर्ट पोर्टल शुरू

कार्यक्रम के दौरान प्रवासी राजस्थानियों के लिए विशेष एनआरआर पॉलिसी-2025 और राजस्थान डवलपमेंट सपोर्ट पोर्टल का भी शुभारंभ किया गया। इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से दुनिया के विभिन्न देशों में बसे प्रवासी राजस्थानियों को राज्य के विकास कार्यों से सीधे जुड़ने का सशक्त माध्यम उपलब्ध हो सकेगा। इस दौरान सेशन में डोमेस्टिक एवं इंटरनेशनल चैप्टर की पैनल चर्चा में 11-11 पैनलिस्ट ने भाग लिया। सभी पैनलिस्ट ने राज्य की शिक्षा, ऊर्जा, वाटर स्ट्रक्चर के पुनरुद्धार, माइन्स एवं मिनरल्स, पर्यटन, खेल, मेडिकल व धार्मिक टूरिज्म आदि के विकास के लिए अपने सुझाव दिए तथा अपना पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने किया केंद्रीय मंत्रियों का स्वागत

**जयपुर (मसं)।** प्रवासी राजस्थानी दिवस सम्मेलन में शामिल होने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और भूपेंद्र यादव के जयपुर पहुंचने पर सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने एयरपोर्ट पर किया स्वागत।





## प्रवासी राजस्थानियों को भाया अपना मायड़ प्रदेश में जताई निवेश की इच्छा

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** प्रदेश में आयोजित प्रवासी राजस्थानी दिवस के मौके पर लगभग 6000 प्रवासी पावणे अपने मूल घर पधारे। उनके मन में अपने प्रदेश को जानने की ललक थी, साथ ही इसके लिए कुछ करने की भी मंशा थी। इसमें कई तो बड़े औद्योगिक घरानों से थे तो कई नए उभरते हुए उद्योगपति थे। इनसे निवेश के संबंध में महानगर टाइम्स संवाददाता दीपेन्द्र सिंह ईसरदा ने बात कर उनके विचार जाने।



**रवि मुरारका** नवलगढ़ के प्रतिष्ठित औद्योगिक परिवार से हैं। इनका व्यापार संयुक्त राज्य अमेरिका में हैं। ये मूलरूप से झुंझुनूं के नवलगढ़ निवासी हैं। इनकी पुश्तैनी हवेली नवलगढ़ में है। वहां पर दो-पांच साल में आते रहते हैं। इस समय मिशन रैबिज पर कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही वेटनरी अस्पतालों को लेकर भी कार्य कर रहे हैं। इन्होंने सरकार के इस कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि हमसे जो बन जाता है, वह करते थे, लेकिन अब इन कार्यक्रमों के जरिए लोगों को पता लगने लगा कि हमारे कार्य क्या-क्या हैं। सरकार से जो भी सहयोग मिलेगा तो और कार्य करेंगे।



जयपुर के मोनीलेक अस्पताल के सीईओ **अशोक ओडरानी** एक अरसे से दुबई में रह रहे हैं। उन्होंने इस कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने इस कार्यक्रम को सही और सफल बताते हुए कहा कि इससे हमें अच्छा लगता है। अब हम यहां और कार्य कर राजस्थान में उद्योग लगाकर यहां को लोगों को रोजगार भी देंगे।



**उत्तम जाजू** जोधपुर के हैं और मुंबई में रहते हैं। ये वहां पर एड एजेंसी में कार्य कर रहे हैं। इन्होंने अभी कई एड बनाए हैं। अब ये जल्द ही आईपीएल की टीम राजस्थान रॉयल्स के लिए एड टीम का सॉन्ग और एक थंबनेल या स्लोगन बनाएंगे। उन्होंने कहा कि राजस्थानी भाषा में ऐसा बनाना काफी अच्छा लगता हैं।



**टीना रांका** का जन्म सिरोही में हुआ। विवाह होने के बाद ये पहले सूरत, बाद में मुंबई में परिजनों के साथ रहने लगीं। वहां ये फैशन डिजाइनर हैं। इनके डिजाइन किए हुए कपड़े कई मॉडल ने पहने हैं, तो कई मूवीज में देखे गए हैं। इन्होंने इस कार्यक्रम में शिरकत कर कहा कि हमें अच्छा लगा। राजस्थान की ड्रैस तो वैसे भी अपने आज में ही डिजाइन्ड हैं। अब ये राजस्थानी बेस पर अपना फोकस रखने जा रही हैं।

**मंगल चौधरी** मूलरूप से सुजानगढ़ निवासी हैं, लेकिन पिछले दो सालों से पुणे में रह कर वहां पर मेडिकल सर्जरी के आइटम्स का व्यापार कर रहे हैं। इसके साथ ही कई मेडिकल कंपनी में भी साझेदार हैं। इसके साथ ही इन्हें पुणे चैप्टर का प्रभार भी दिया गया है। इन्होंने इस कार्यक्रम के जरिए उन्हें बुलाने के साथ ही कहा कि हमें ऐसा लगा कि जैसे हमारी जड़ें हमें वापस बुला रही हैं।

## पारंपरिक चिकित्सा पद्धति पर आयोजित तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन में जुटेंगे 100 देशों के प्रतिनिधि

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** आयुष मंत्रालय की ओर से नई दिल्ली में आगामी 17 से 19 दिसम्बर को भारतीय पारंपरिक चिकित्सा पद्धती पर द्वितीय स्वास्थ्य संगठन वैश्विक शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, इसमें प्रदेश से भी एक दल शामिल होगा।

राजधानी के महाराव शेखाजी क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अनुसंधान संस्थान में एक बैठक का आयोजन किया गया। संस्थान के प्रभारी सहायक निदेशक डॉ. बीआर मीणा ने बताया कि इस शिखर सम्मेलन के माध्यम से भारतीय पारंपरिक चिकित्सा पद्धती को प्रोत्साहन मिलेगा। इसके माध्यम से पारंपरिक चिकित्सा पद्धति का वैज्ञानिक सत्यापन भी होगा। मीणा ने बताया कि इससे पहले वर्ष 2023 में गुजरात में यह शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था। विश्व स्वास्थ्य संगठन के



दूसरे वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा शिखर सम्मेलन की भारत मेजबानी करेगा। यह सम्मेलन मानव कल्याण के लिए पारंपरिक चिकित्सा को मुख्यधारा में लाने के सामुहिक वैश्विक प्रयास में एक उपलब्धि है, जो भारत के 'सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे मंतु निरामयाः' के अनुरूप है। मीणा ने बताया कि शिखर सम्मेलन में 100 देशों के प्रतिनिधि दिल्ली पहुंचेंगे, इनकी संख्या 5000 तक होगी। पारंपरिक चिकित्सा में भारत की आयुष प्रणालियों आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, युनानी, सिद्ध, सोवा-रिग्या और होम्योपैथी पर चर्चा होगी। समापन समारोह में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शामिल होने की संभावना है।

**अश्वगंधा पर विशेष कार्यक्रमः** हमारी पारंपरिक जड़ी बूटी अश्वगंधा के बारे में भारतीय तो जानते हैं पर विश्व को इसके बारे में अवगत कराने के लिए एक विशेष सत्र अश्वगंधा पर रखा गया है। 'अश्वगंधाः पारंपरिक ज्ञान से वैश्विक प्रभाव तक अग्रणी वैश्विक विशेषज्ञों के दृष्टिकोण' शीर्षक पर केंद्रित कार्यक्रम भी आयोजित होगा। 17-19 दिसंबर 2025 को आयोजित किया जाएगा। डब्ल्यूएचओ जीटीएमसी की ओर से आयुष मंत्रालय के सहयोग से आयोजित यह सत्र अश्वगंधा की वैज्ञानिक समझ को मजबूत करने के लिए प्रमुख शोधकर्ताओं, नीति निर्माताओं और चिकित्सकों की एक साथ लाएगा।

## हर्षोल्लास से रामकल्याण मंदिर में मनाया मिजमानी महोत्सव

### रामानंद वैष्णव मंडल ने मंदिर परिसर को आकर्षक शीशमहल की शैली में सजाया

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** परंपराओं और आस्था की पावन भूमि छोटी काशी में जौहरी बाजार के बारह गणगौर का चौराहा स्थित मंदिर श्रीरामकल्याणजी में बुधवार को समाज श्री सीतारामजी समिति की ओर से मिजमानी महोत्सव हर्ष और भव्यता के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर को रामानंद वैष्णव मंडल ने आकर्षक शीशमहल की शैली में सजाया,



जहां रामकुंवरजी एवं माता सीताजी को सुंदर सिंहासन पर विराजमान कर विशिष्ट पोशाकों और आभूषणों से अलंकृत किया गया। मिजमानी महोत्सव में रामकुंवरजी को मीठे व्यंजनों का भोग लगाया गया और गारी सुनाकर उन्हें रिझाया। समाज के प्रमुख सदस्यों रामशरण हल्दिया, अवधेश पोद्दार, नारायण अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण काकड़ेवाले, बृजमोहन अग्रवाल, राजाबाबू पाटोदिया, रमेश बिजलीवाले, प्रदीप सेठी और मनीष भुखमारिया ने भक्तिरस से सराबोर पदों द्वारा प्रभु को 'मीठी-मीठी गारियां' सुनाकर भावविभोर किया। मिजमानी में सिद्धाजी की महला में जीमने वाले श्रीरघुराजजी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

विमान परिचालन बाधाओं के बीच एयरलाइन उद्योग में क्षमता संतुलित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम, दो महीनों में 17 विमानों को किया शामिल

# इंडिगो संकट के बीच स्पाइसजेट की 100 नई उड़ानें रोज शुरू करने की तैयारी

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** देश की घरेलू विमानन कंपनी स्पाइसजेट इस शीतकालीन सत्र में अपने परिचालन का विस्तार करने की तैयारी में है। कंपनी ने घोषणा की कि वह 100 अतिरिक्त दैनिक उड़ानें शुरू करने की योजना बना रही है, ताकि मौजूदा विमानन बाजार में क्षमता की कमी को दूर किया जा सके।

स्पाइसजेट ने बयान में कहा कि प्रमुख रूटों पर हवाई यात्रा की मांग लगातार बढ़ रही है, इसलिए अतिरिक्त उड़ानें शुरू की जा रही हैं। नई उड़ानें नियामकीय मंजूरी मिलने के बाद शुरू की जाएंगी। इंडिगो में चल रही परिचालन बाधाओं के बीच यह कदम एयरलाइन उद्योग में क्षमता संतुलित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। एयरलाइन ने बताया कि पिछले दो महीनों में उसने 17 विमानों को सक्रिय सेवाओं में शामिल किया है, जिनमें डैम्प-लीज पर लिए गए विमान और उसके अपने पुराने विमान शामिल हैं, जिन्हें दोबारा सेवा में लाया गया है।

स्पाइसजेट के अनुसार बेड़े में इस बढ़ोतरी से कंपनी को उच्च मांग वाले रूटों पर अतिरिक्त क्षमता तैनात करने और नेटवर्क को अधिक लचीला बनाने में मदद मिलेगी। एयरलाइन ने कहा कि मौजूदा शेड्यूल अवधि के दौरान हमारा लक्ष्य अधिक विमान शामिल करना, विमान उपयोगिता को अधिकतम करना और बेहतर योजना से कनेक्टिविटी मजबूत करना है।




### डीजीसीए ने इंडिगो को जारी किया कारण बताओ नोटिस

इससे पहले नागरिक उड्डयन सचिव समीर कुमार सिन्हा ने बताया था कि हाल ही में इंडिगो संकट के कारण हवाई अड्डों पर हुई व्यवधान के बाद परिचालन सामान्य रूप से बहाल हो रहा है। सिन्हा ने बताया था कि सरकार ने यात्रियों द्वारा सामना की जाने वाली समस्याओं के समाधान के लिए हवाई अड्डों सहित विभिन्न स्तरों पर समन्वय किया। इससे पहले, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इंडिगो के उत्तरदायी प्रबंधक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी को 6 दिसंबर को जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब देने के लिए 24 घंटे का एकमुश्त समय दिया था। यह नोटिस बड़े पैमाने पर परिचालन संबंधी व्यवधानों और देखी गई अनियमितताओं के संबंध में जारी किया गया था। एयरलाइन ने अपने राष्ट्रव्यापी नेटवर्क के आकार से जुड़ी परिचालन संबंधी बाधाओं और देरी में योगदान देने वाले कई दूसरे कारकों का हवाला देते हुए अधिक समय का अनुरोध किया था।




## जयपुर में 'अरोवा नेचुरल मिनरल वाटर' का शुभारंभ



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** उत्तराखंड के शुद्ध और प्राकृतिक हिमालयी जल स्रोतों से प्राप्त अरोवा नेचुरल मिनरल वाटर भारत के उभरते हुए प्रीमियम हाइड्रेशन ब्रांड ने बुधवार को गुलाबी नगरी जयपुर में अपने आधिकारिक शुभारंभ की घोषणा की। स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अरोवा ऐसा जल लेकर आया है, जो साधारण पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर से बिल्कुल अलग है। यह पूरी तरह प्राकृतिक है, आवश्यक मिनरल्स से भरपूर है और सेहतमंद जीवन के लिए बनाया गया है। आम तौर पर बाजार में मिलने वाला पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर आरओ प्रोसेस से गुजरता है, जिससे पानी के प्राकृतिक खनिज नष्ट हो जाते हैं। वहीं अरोवा नेचुरल मिनरल वाटर प्राकृतिक मिनरल से भरपूर जल स्रोतों से प्राप्त किया जाता है और इसकी शुद्धता व प्राकृतिक गुणों को सुरक्षित रखते हुए बोतलबंद किया जाता है।

जल की गुणवत्ता और मिनरल्स की प्रभावशीलता पर बात करते हुए अरोवा नेचुरल मिनरल वाटर के संस्थापक राहुल अरोड़ा ने कहा कि अरोवा का उद्देश्य शुरुआत से ही लोगों तक सबसे शुद्ध और लाभदायक पानी पहुंचाना रहा है। हमारे पानी में मौजूद हर मिनरल प्राकृतिक रूप से स्रोत से आता है और यह शरीर के प्रत्येक दैनिक कार्य जैसे मसल रिकवरी, पाचन और बेहतर हाइड्रेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह कोई इंजीनियर्ड पानी नहीं, बल्कि प्रकृति द्वारा दिया गया शुद्ध उपहार है। अरोवा की शुरुआत एक सरल सोच से हुई है। पानी केवल प्यास बुझाने का साधन नहीं, बल्कि शरीर को पोषण देने का माध्यम होना चाहिए। इसी सोच के साथ यह ब्रांड वेलनेस, सस्टेनेबिलिटी और पारदर्शिता के सिद्धांतों पर काम करता है। उत्तराखंड के संरक्षित प्राकृतिक जल स्रोतों से जिम्मेदारी पूर्वक जल संग्रहण और पर्यावरण के प्रति सजग प्रक्रियाओं के साथ अरोवा केवल एक ब्रांड नहीं, बल्कि एक जागरूक जीवनशैली का प्रतीक है।

ब्रांड के राष्ट्रीय विस्तार और राजस्थान की रणनीतिक महत्ता पर बात करते हुए अरोवा के प्रमोटर्स प्रतीक वर्मा व सुधांशु पांडा ने कहा कि अरोवा का विजन पूरी तरह पैन-इंडिया है। राजस्थान हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण राज्य है, न केवल इसकी आर्थिक प्रगति के कारण, बल्कि इसलिए भी क्योंकि यह देश का एक प्रमुख टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी हब है। जयपुर से हमारी विस्तार योजना की मजबूत शुरुआत होगी। हमारा उद्देश्य है कि आने वाले समय में अरोवा राजस्थान के होटलों, रेस्टोरेंट्स, कैफे, लग्जरी रिसॉर्ट्स, वेलनेस सेंटर्स और प्रीमियम संस्थानों की पहली पसंद बने। उन्होंने बताया कि राजस्थान में अरोवा का विस्तार एक सतत, सुव्यवस्थित और गुणवत्ता केंद्रित मॉडल के तहत किया जाएगा, जो आज के आधुनिक उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं और तेजी से बढ़ते प्रीमियम हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के अनुरूप होगा। जयपुर में अपने शुभारंभ के साथ ही अरोवा नेचुरल मिनरल वाटर शुद्ध, प्राकृतिक और स्वास्थ्यवर्धक हाइड्रेशन का स्पष्ट संदेश लेकर आया है। राजस्थान में अपनी मौजूदगी को मजबूत करते हुए अरोवा देश के सबसे भरोसेमंद नेचुरल मिनरल वाटर ब्रांड्स में से एक बनने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

# अमेजन का भारत में 10 लाख नौकरियां देने का दावा, 35 अरब डॉलर करेगा निवेश

कंपनी के अमेजन संभव शिखर सम्मेलन के दौरान की घोषणा

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन भारत में अपने सभी बिजनेस सेगमेंट में 2030 तक 35 अरब डॉलर यानी लगभग 3.14 लाख करोड़ के भारी निवेश की योजना बना रही है। यह घोषणा कंपनी के अमेजन संभव शिखर सम्मेलन के दौरान की गई। अमेजन के उभरते बाजारों के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने बताया कि कंपनी भारत में एआई आधारित डिजिटलीकरण, निर्यात में तेजी और रोजगार सृजन पर विशेष फोकस करेगी।

अग्रवाल के अनुसार अमेजन का लक्ष्य है कि भारत से अपने प्लेटफॉर्म के माध्यम से होने वाले निर्यात को वर्तमान 20 अरब डॉलर से बढ़ाकर 80 अरब डॉलर तक पहुंचाया जाए। इसके साथ ही कंपनी 2030 तक 10 लाख अतिरिक्त नौकरियां बनाने का लक्ष्य भी रखती है, जिसमें प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष, मौसमी और प्रेरित रोजगार शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि अमेजन ने 2010 से अब तक भारत में 40 अरब डॉलर का निवेश किया है।

सार्वजनिक रूप से उपलब्ध आंकड़ों से संकलित कीस्टोन की एक रिपोर्ट के अनुसार यह भारत में सबसे बड़ा विदेशी निवेशक है। अग्रवाल ने बताया कि मई 2023 में अमेजन ने तेलंगाना और महाराष्ट्र में अपने स्थानीय क्लाउड और एआई इंफ्रास्ट्रक्चर में 2030 तक भारत में 12.7 अरब डॉलर का निवेश करने की योजना की घोषणा की। कंपनी 2016 व 2022 के बीच भारत में पहले ही 3.7 अरब डॉलर का निवेश कर चुकी है।




### छोटे व्यवसायों के डिजिटलीकरण में अहम भूमिका

कीस्टोन रिपोर्ट के अनुसार अमेजन ने 12 मिलियन से अधिक छोटे व्यवसायों का डिजिटलीकरण किया है और 20 अरब डॉलर के संचयी ई-कॉमर्स निर्यात को सक्षम बनाया है, जबकि 2024 में भारत में विभिन्न उद्योगों में लगभग 2.8 मिलियन प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष, प्रेरित और मौसमी नौकरियों का समर्थन किया है। भारत से निर्यात वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए अमेजन ने विनिर्माण केंद्रित पहल एक्सेलरेट एक्सपोर्ट्स शुरू की है। इसका उद्देश्य डिजिटल उद्यमियों को विश्वसनीय निर्माताओं से जोड़ना और निर्माताओं को सफल वैश्विक विक्रेता बनने में सक्षम बनाना है। इस कार्यक्रम के तहत अमेजन भारत भर में 10 से अधिक विनिर्माण समूहों में जमीनी स्तर पर ऑनबोर्डिंग अभियान आयोजित करेगा, जिनमें तिरुपुर, कानपुर व सूरत शामिल हैं।

### भारत में एआई निवेश बढ़ा रही टेक कंपनियां

वैश्विक टेक कंपनियों के एआई निवेश के लिए भारत एक महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभर रहा है। माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन के अलावा गूगल ने विशाखापत्तनम में 15 अरब डॉलर का एआई डेटा सेंटर बनाने का ऐलान किया है और रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ एआई-केंद्रित क्लाउड रीजन स्थापित करने की साझेदारी भी की है। भारत का व्यापक डिजिटल यूजर बेस, सरकारी समर्थन और एआई के लिए तेजी से बढ़ता बाजार इन निवेशों को आकर्षित कर रहा है।

### दूसरी कंपनियों की तुलना में अधिक निवेश

अमेजन की निवेश योजना माइक्रोसॉफ्ट की 17.5 अरब डॉलर की निवेश योजना से दोगुनी और 2030 तक गूगल की 15 अरब डॉलर की निवेश योजना से लगभग 2.3 गुना है। अग्रवाल ने कहा कि कंपनी ने भौतिक और डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए बड़े पैमाने पर निवेश किया है। इसमें पूर्ति केंद्र, परिवहन नेटवर्क, डेटा केंद्र, डिजिटल भुगतान बुनियादी ढांचा और प्रौद्योगिकी विकास शामिल हैं।

## वैश्विक एआई लीडर्स को मंच प्रदान कर पीएम के मिशन को दिया बल

एसकेआईटी ने की प्री-एआई इम्पैक्ट समिट की मेजबानी




महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** स्वामी केशवनंद इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोथन (एसकेआईटी) जयपुर ने बुधवार को इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के प्री-समिट कार्यक्रम की प्रभावशाली मेजबानी की, जो एम्पावरिंग इंडिया'स ह्यूमन कैपिटल फॉर द एआई-ड्रिवन फ्यूचर विषय पर केंद्रित था।

यह आयोजन इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और एआईसीटीई के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जो भविष्य उन्मुख कौशल, समावेशी इनोवेशन व जिम्मेदार एआई अपनाने पर विशेष ध्यान देते हुए प्रधानमंत्री के इंडिया-एआई मिशन और विकसित भारत 2047 की परिकल्पना के अनुरूप रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एआईसीटीई के निदेशक डॉ. अमित दत्ता रहे। उन्होंने उल्लेख किया कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026, जिसका औपचारिक ऐलान पीएम नरेंद्र मोदी ने फ्रांस एआई एक्शन समिट में किया था, जो 19 से 20 फरवरी को नई दिल्ली में आयोजित होगा। उन्होंने इस समिट का केंद्रीय विषय ह्यूमन कैपिटल निर्धारित किया है, जो तीन मूलभूत सूत्र पीपल, प्लैनेट व प्रोग्रेस पर आधारित होगा। टेक्नोलॉजी डिसेमिनेशन मीडिया एडवाइजर प्रो. पुनीत शर्मा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे।

कार्यक्रम में हुई सजीव चर्चाओं और संवाद के माध्यम से वक्ताओं ने राष्ट्रीय एआई पहलों को कैंपस स्तर पर मूर्त रूप देने के व्यावहारिक रास्तों पर चर्चा की, जिनमें उन्नत पाठ्यक्रम, इंडस्ट्री प्रोजेक्ट्स, इंटर्नशिप व स्टार्टअप इनक्यूबेशन जैसी पहलें शामिल थीं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि भारत की जनसांख्यिकीय बढ़त को इंडिया मिशन के ह्यूमन कैपिटल, इनोवेशन व इन्क्लूजन जैसे स्तंभों के साथ जोड़ा जाए तो देश स्वास्थ्य, वित्त, मोबिलिटी व डिजिटल गवर्नेंस जैसे क्षेत्रों में विश्वसनीय व प्रभावशाली एआई समाधानों का वैश्विक केंद्र बन सकता है। प्रो. अनिल चौधरी ने समिट के उद्देश्यों और विजन की जानकारी दी, जबकि प्रो. नेहा पुरोहित ने पैनलिस्टों के साथ चर्चा का संचालन किया।

## सेबी की चेतावनी के बाद डिजिटल गोल्ड बाजार में उथल-पुथल, निवेशकों ने पीछे खींचे कदम

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारत में डिजिटल रूप से किया जाने वाला निवेश लगातार बढ़ रहा था और डिजिटल गोल्ड खासतौर पर नई पीढ़ी की पहली पसंद बन गया था। यूपीआई से भुगतान की सुविधा, कम राशि में खरीद और तुरंत डिलीवरी जैसे कारणों से इसकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी, लेकिन नवंबर 2025 में तस्वीर अचानक बदल गई, जब बाजार में डिजिटल गोल्ड की खरीद रिकॉर्ड स्तर तक गिर गई। नवंबर 2025 में डिजिटल गोल्ड की मांग में अब तक की सबसे बड़ी मासिक गिरावट दर्ज की गई।

आंकड़ों के अनुसार यूपीआई से डिजिटल गोल्ड खरीद अक्टूबर के 2,290.36 करोड़ रुपए से गिरकर सिर्फ 1,215.36 करोड़ रुपए रह गई। यह 47 प्रतिशत की गिरावट है, जो इस साल की सबसे बड़ी है। बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक यह डिजिटल गोल्ड इंडस्ट्री के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि यह लगातार बढ़ती लोकप्रियता के बीच पहली बार इतनी बड़ी गिरावट देखी गई है। सेबी की सख्त चेतावनी को इस गिरावट का प्रमुख कारण माना जा रहा है। नियामक ने स्पष्ट कहा था कि डिजिटल गोल्ड सेबी के नियामकीय दायरे में नहीं आता। इसलिए इसमें निवेश करने वाले निवेशकों को वही सुरक्षा नहीं मिलती, जो गोल्ड ईटीएफ, एसजीबी या अन्य रेगुलेटेड उत्पादों में मिलती है। सेबी फिनटेक कंपनियों के गोल्ड वॉल्ट्स की जांच भी नहीं कर सकता, जिससे यह सुनिश्चित नहीं किया जा सकता कि ग्राहक के नाम पर रखा सोना वास्तव में मौजूद है या उसकी गुणवत्ता सही है। इस चेतावनी के बाद निवेशकों में अनिश्चितता बढ़ी और निवेश का रवैया तुरंत बदल गया।



### अब सिर्फ छोटी रकम लगाना पसंद कर रहे निवेशक

चेतावनी का असर सबसे ज्यादा बड़े निवेशकों पर पड़ा। जहां पहले लाखों रुपए की खरीदारी होती थी, अब निवेशक सिर्फ छोटी रकम लगाना पसंद कर रहे हैं। दिलचस्प है कि मूल्य में कमी के बावजूद डिजिटल गोल्ड की कुल मात्रा (यूनिट्स) नवंबर में 6.44 फीसदी बढ़कर 12.34 करोड़ यूनिट हो गई। इससे संकेत मिलता है कि लोग इस उत्पाद से पूरी तरह दूर नहीं हुए लेकिन भारी रकम लगाने से बच रहे हैं।

## दिव्यांग बच्चों के बीच पहुंचे गौतम अदाणी, 'नई उड़ान कैफे' का किया उद्घाटन



महानगर टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड के धनबाद स्थित 'पहला कदम स्कूल' और 'नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट' दिव्यांग बच्चों के लिए उम्मीद की किरण बनकर उभरे हैं। दिव्यांग बच्चों के जीवन को संवारने के लिए इन संस्थानों को अब गौतम अदाणी का साथ मिला है। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने धनबाद में नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट और 'पहला कदम स्कूल' जाकर दिव्यांग बच्चों के लिए किए जा रहे काम को सराहा और मदद का संकल्प लिया। उन्होंने इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष रूप से विकसित 'नई उड़ान कैफे' का उद्घाटन किया। इस कैफे का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को खाने-पीने के समान बनाने के लिए वोकैशनल ट्रेनिंग प्रदान करना है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने अगले 3 साल तक संस्थान को लगातार सहयोग प्रदान करने की प्रतिबद्धता जताई। वहीं उन्होंने दिव्यांग बच्चों से बातचीत की और उनकी भावनाओं को सुना।

## 'मैं फास्ट, स्ट्रीक्स सुपरफास्ट' कैंपेन के ब्रांड एंबेसडर बने बुमराह

महानगर टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** हाइजीनिक रिसर्च इंस्टीट्यूट (एचआरआई) के भारत के अग्रणी हेयर कलर और केयर ब्रांड स्ट्रीक्स ने अपने इनोवेटिव प्रोडक्ट स्ट्रीक्स शैंपू हेयर कलर के लिए भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। यह साझेदारी एक ऊर्जावान नए कैंपेन 'मैं फास्ट, स्ट्रीक्स सुपरफास्ट' के साथ लॉन्च की जा रही है, जो आत्मविश्वास, गति व सहज स्टाइल का जश्न मनाता है।

जसप्रीत बुमराह अपनी स्पीड, उच्च प्रदर्शन व निरंतरता के लिए मशहूर–स्ट्रीक्स शैंपू हेयर कलर के स्पीड और गुणवत्तापूर्ण प्रदर्शन के वादे का सटीक प्रतिनिधित्व करते हैं। उनकी अनुशासित पर्सनैलिटी और व्यापक अपील उन्हें ऐसे उत्पाद की आवाज बनाती है, जो क्विक, असरदार व उच्च गुणवत्ता वाले परिणामों पर आधारित है।




एचआरआई की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मार्केटिंग प्रियंका पुरी ने इस सहयोग पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हम स्ट्रीक्स परिवार में जसप्रीत बुमराह का स्वागत करते हुए बेहद उत्साहित हैं। स्ट्रीक्स हमेशा से सुंदरता, आत्मविश्वास और दैनिक ग्लैमर का प्रतीक रहा है और हमारा स्ट्रीक्स शैंपू हेयर कलर उस वादे को सबसे तेज और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करता है।

समारोह | उद्योग, रोजगार व सामाजिक विकास में योगदान के लिए वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल 'प्रवासी राजस्थानी सम्मान' से सम्मानित

# 'नए जिंक पार्क से उद्योगों में आएगी रौनक, बड़े पैमाने पर मिलेंगे रोजगार'

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** पहले प्रवासी राजस्थानी दिवस के अवसर पर जयपुर में आयोजित समारोह में देश के जानेमाने इंडस्ट्रलिस्ट और वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल को 'प्रवासी राजस्थानी सम्मान' से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उन्हें यह पुरस्कार उद्योग, रोजगार व सामाजिक विकास में उनके योगदान के लिए प्रदान किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, भूपेंद्र यादव, राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े व पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया उपस्थित थे।

इस अवसर पर अग्रवाल ने बड़ी घोषणा की कि समूह जिंक, सीसा, चांदी, तेल-गैस और रिन्यूएबल ऊर्जा में अपना उत्पादन 1 लाख करोड़ के निवेश से दोगुना करेगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की राह राजस्थान से होकर गुजरेगी। राजस्थान की धरती में तेल-गैस और मिनरल्स का अपार भंडार है, इसलिए राज्य देश की अर्थव्यवस्था को और ऊंचाई दे सकता है। उन्होंने कहा कि पंजाब जैसे अन्न देता है, वैसा ही राजस्थान आने वाले वर्षों में दुनिया को मिनरल्स और प्राकृतिक संसाधन उपलब्ध कराने की क्षमता रखता है।

वेदांता समूह राजस्थान में जिंक पार्क की स्थापना के साथ छोटे और मध्यम जिंक उत्पादक उद्योगों को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। अग्रवाल ने बताया कि 200 नई इंडस्ट्री स्थापित करने की क्षमता वाले जिंक इंटरनेशनल इंडस्ट्रियल पार्क में बिजली, पानी, रॉ मैटेरियल और इंफ्रास्ट्रक्चर की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे एमएसएमई और डाउनस्ट्रीम सेक्टर को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। इसी के साथ वेदांता समूह द्वारा राजस्थान व उत्तर भारत का पहला फॉस्फेट उर्वरक प्लांट लगाया जा रहा है। यह परियोजना राजस्थान को ग्रीन राजस्थान बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

अनिल अग्रवाल के नेतृत्व में वेदांता समूह अब तक राजस्थान में 1.5 लाख करोड़ से अधिक का निवेश कर चुका है, जिससे लाखों रोजगार के अवसर उत्पन्न हुए और पिछले दशक में राष्ट्रीय व राज्य कोष में लगभग 3 लाख करोड़ का योगदान दिया गया है। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान जिंक अधिग्रहण के बाद उत्पादन में 10 गुना वृद्धि की गई और आज भारत चांदी का आयातक नहीं, बल्कि उत्पादक बनने की स्थिति में है। कार्यक्रम के दौरान अनिल अग्रवाल ने कहा कि राजस्थान ने मुझे सिर्फ अवसर ही नहीं दिए, बल्कि मेरी पहचान भी बनाई। यहां वापस आकर हमेशा घर जैसा अपनापन महसूस होता है। मेरा विश्वास है कि आने वाले समय में ऊर्जा, तकनीक और वित्तीय सेवाओं में राजस्थान की भूमिका और अधिक प्रभावशाली होगी। अनिल अग्रवाल का राजस्थान से भावनात्मक व आर्थिक दोनों रूप से गहरा संबंध रहा है।




### 'स्किल डवलपमेंट से युवाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर'

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंच से वेदांता समूह द्वारा राजस्थान में किए जा रहे निवेश और अवसरों को इंगित करते हुए कहा कि अनिल अग्रवाल ने कहा था कि 2 करोड़ से लेकर 100 करोड़ तक युवा काम कर सकता है, इसी मापदंड को देखते हुए युवाओं के लिए रोजगार के अवसर लेकर सरकार आ रही है, युवा मिलकर उद्योग लगा सकते हैं, इकाई लगा सकते हैं, इसी के लिए सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि छोटे-बड़े उद्योगों से युवाओं को स्किल डवलपमेंट के माध्यम से रोजगार के अवसर मिलेंगे, उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नौकरी लेने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बने। वेदांता ग्रुप केयर्न के माध्यम से भारत का सबसे बड़ा निजी तेल उत्पादक है और इसकी कंपनी हिंदुस्तान जिंक देश की सबसे बड़ी जिंक, सीसा व चांदी उत्पादक कंपनी है, जिनका संचालन मुख्य रूप से राजस्थान से होता है।

### 'सिंगल विंडो व्यवस्था से निवेशकों को तेजी से मिल रही अनुमति'

मुख्यमंत्री भजनलाल ने यह भी कहा कि सरकार की सिंगल विंडो और सेल्फ सर्टिफिकेशन व्यवस्था से निवेशकों को तेज और पारदर्शी अनुमति मिल रही है। समाज विकास में योगदान की बात करते हुए अग्रवाल ने बताया कि वेदांता व अनिल अग्रवाल फाउंडेशन 25 हजार नंदघर स्थापित कर रहा है, जो आंगनबाड़ी मॉडल के माध्यम से महिला व बाल पोषण-शिक्षा को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वेदांता गर्ल्स पीजी कॉलेज रींगस ने 30 वर्षों में 50 हजार से अधिक छात्राओं को शिक्षित किया, जबकि गुरुकुल पब्लिक स्कूल रींगस और वेदांता स्कूल भरतपुर 25 हजार से अधिक बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर चुके हैं। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि दरीबा माइंस में लड़कियां भूमिगत स्तर पर कार्य कर रही हैं और उत्पादन में 30 तक वृद्धि कर रही हैं। इसके साथ युवतियों द्वारा बनाई गई देश की पहली महिला-नेतृत्व वाली रेस्क्यू टीम भी पूरे भारत में मॉडल बन रही है।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



### पूजा के लिए लक्ष्मीनारायण मंदिर में छह दिन पहले ही रखे शख्स ने दिया वारदात को अंजाम

# मंदिर का पुजारी चांदी का नागराज और 11 छत्र चुराकर फरार

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** अशोक नगर स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर में चोरी की घटना सामने आई है। मंदिर में पूजा के लिए रखे गए एक अस्थायी पुजारी ने ही इस वारदात को अंजाम दिया। चोरी की यह घटना मंगलवार देर रात को हुई, जिसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। चोर ने मंदिर से 2 किलो चांदी के नागराज और सभी मूर्तियों के 11 चांदी के छत्र चुरा लिए। इस संबंध में बुधवार को अशोक नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।



जांच अधिकारी एएसआई राम कुमार ने बताया कि चोरी को अंजाम देने वाले आरोपी की पहचान अमन तिवाड़ी के रूप में हुई है, जो मध्य प्रदेश के सिहोड़ का रहने वाला है। मंदिर के स्थायी पुजारी के गांव जाने के कारण मंदिर प्रबंधन ने गलता गेट निवासी पुजारी ओम प्रकाश शुक्ला की सिफारिश पर अमन को छह दिन पहले ही पूजा के लिए रखा था। वह परिसर में बने एक कमरे में रह रहा था। उसने मौका देखकर वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गया। पंडित प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि 29 नवंबर को ही अमन तिवारी को मंदिर की पूजा के लिए ओम प्रकाश शुक्ला के रेफरेंस पर रखा था। उन्होंने बताया कि अमन तिवाड़ी 11 पुश्तैनी छत्र चोरी कर ले गया। हालांकि उसने हनुमानजी और एक माताजी पर लगे छोटे छत्र चोरी नहीं किए, जिसके फुटेज मंदिर परिसर में ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। जिस कमरे में अमन तिवाड़ी रुकता था मैं भी उसी में रहता हूं। मैं एसएमएस हॉस्पिटल के ब्लड बैंक में काम करता हूं और यहां ठाकुरजी की सेवा करता हूं। मैं तीन दिन के लिए जैसलमेर कैंप के लिए गया था। जयपुर पहुंचने पर मंदिर में चोरी की जानकारी लगी। अमन तिवारी सूटकेस भी ले गया है, उसमें कपड़े और घरेलू सामान था। अशोक नगर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। एएसआई राम कुमार इस पूरे प्रकरण की जांच कर रहे हैं। शुरुआती पूछताछ ओम प्रकाश शुक्ला से भी की जा रही है और फरार अमन तिवाड़ी को पकड़ने के लिए एक टीम मध्य प्रदेश भी भेजी जाएगी।

## वनपाल भर्ती परीक्षा के पेपर लीक का मास्टरमाइंड रिमांड पर

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** एसओजी ने वनपाल भर्ती परीक्षा-2022 के पेपर लीक प्रकरण में गिरफ्तार 50 हजार के इनामी जबराराम जाट से प्रिंटिंग प्रेस के संबंध में पूछताछ शुरू कर दी है। आरोपी को बांसवाड़ा न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे 7 दिन के रिमांड पर एसओजी को सौंपा गया। आरोपी को जयपुर मुख्यालय लाकर एसओजी की टीम पूछताछ में जुटी हुई है।



आरोपी जबराराम जाट ने जिस प्रिंटिंग प्रेस से परीक्षा से पहले पेपर लिया था, उस प्रेस का कौन सा कर्मचारी गिरोह में शामिल था, इसकी भी जांच की जा रही है। साथ ही फरारी के दौरान वह कहां छिपा रहा और पेपर बेचने पर मिले डेढ़ करोड़ रुपए कहां निवेश किए, इसका भी पता लगाया जा रहा है। आरोपी ने पूछताछ में कबूल किया था कि उसने पेपर सीधे प्रिंटिंग प्रेस से ही खरीदा था, जिसके लिए लगभग 25 लाख रुपए का भुगतान किया था। बाद में पेपर को कई गिरोह में बेचकर करीब 1.5 करोड़ रुपए जुटाए। एसओजी जांच में जुटी हुई है।

# हाईकोर्ट को लगातार तीसरे दिन फिर बम से उड़ाने की धमकी

### छह हफ्ते में पांचवीं बार मिली धमकी, सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट को लगातार तीसरी बार बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मंगलवार को धमकी मिलने के बाद बुधवार को भी कोर्ट परिसर को बम से उड़ाने की धमकी मिली। सूचना पर पुलिस, एटीएस, एसओजी, बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड की टीमें मौके पर पहुंचीं। करीब 2 घंटे तक चले तलाशी अभियान में मुख्य भवन से लेकर पार्किंग और रिकॉर्ड रूम तक सघन जांच की गई, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद मामले को होक्स मेल यानी झूठी धमकी मानते हुए साइबर सेल को जांच सौंप दी गई। हाईकोर्ट में बम की सूचना के बाद जांच एजेंसी की ओर से दो बार पूरी तरह सर्च किया गया, लेकिन जांच में किसी तरह की कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

जांच एजेंसियों ने परिसर को सभी तरह से सुरक्षित पाया। इसके बाद सभी अदालतों में कार्यवाही शुरू हुई। बता दें, इससे पहले 31 अक्टूबर व 5 दिसंबर को भी धमकी मिली थी। हालांकि सावधानी के तौर पर कोर्ट परिसर को खाली करवाया जा रहा है। पिछले 6 हफ्तों में यह पांचवीं बार है, जब हाईकोर्ट को इस तरह का धमकी भरा मेल मिला है, इससे पहले 31 अक्टूबर, 5 दिसंबर, 8 दिसंबर व 9 दिसंबर को भी इसी तरह के संदेशों ने सुरक्षा एजेंसियों को परेशान कर दिया था। लगातार मिल रहे इन फर्जी मेलों ने अदालत की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



#### धमकियों के बीच आज होंगे बार एसोसिएशन के चुनाव

**तीन दिन** से लगातार राजस्थान हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिल रही है, जबकि गुरुवार को राजस्थान हाईकोर्ट में बार एसोसिएश के चुनाव होने हैं। इससे पहले भी मंगलवार को एक मेल मिला, जिसमें दावा किया गया कि कोर्ट परिसर में विस्फोटक लगाए गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गईं और तत्काल पूरे परिसर को खाली कराने की प्रक्रिया शुरू की गई। वकीलों, कर्मचारियों व मुकदमे के पक्षकारों को सुरक्षित बाहर निकालकर सभी न्यायिक कार्यवाही अस्थायी रूप से रोक दी गईं।

#### न्यायिक कार्य बाधित होने से केस निपटाने में हो रही देरी

**बार-बार होने** वाली ऐसी घटनाएं न केवल न्यायिक कार्यवाही को बाधित कर रही हैं, बल्कि मामलों के निपटान में भी देरी का कारण बन रही हैं। पुलिस और प्रशासन सुरक्षा इंतजामों को और मजबूत करने, प्रवेश जांच सख्त करने और निगरानी प्रणाली को आधुनिक बनाने की दिशा में कदम उठा रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत अधिकारियों को दें, ताकि भविष्य में ऐसी स्थितियों से समय रहते निपटा जा सके।

### लाखों की नकदी सहित चांदी के सिक्के व बर्तन कट्टे में भरकर हुए फरार

# दीवार फांद कृषि मंडी में घुसे चोरों ने 16 दुकानों के तोड़े ताले

महानगर टाइम्स संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** कृषि उपज मंडी में चोर 2 घंटे तक घूमते रहे और 16 दुकानों के ताले तोड़कर नकदी व सामान प्लास्टिक के कट्टे में भरकर ले गए। चोरों ने दुकानों में तोड़फोड़ भी की। चोर दुकानों से करीब 2.55 लाख रुपए कैश और करीब 1.40 लाख के चांदी के बर्तन व सिक्के चोरी कर ले गए। चोरी की वारदात मंडी में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसमें चार चोर मंडी के पीछे स्थित श्मशान घाट की चारदीवारी कूदकर मंडी में घुसते दिखाई दिए। उन्होंने करीब 2 घंटे तक अलग-अलग दुकानों के ताले तोड़े और नकदी-सामान को प्लास्टिक के कट्टों में डालकर फरार हो गए। सीसीटीवी में साफ तौर पर दिखाई दे रहा है कि चोरों ने अपना मुंह ढका हुआ था और दस्ताने पहने हुए थे। चोर अपने साथ लोहे के औजार लेकर आए थे।

उन्होंने अलमारी, दरवाजे और गल्ले के ताले कटर से काटे और लोहे की रॉड का भी इस्तेमाल किया। इसके बाद मंडी व्यापारी नरेंद्र नारनौली बुधवार सुबह मंडी परिसर में मॉर्निंग वॉक करने आए। इस दौरान उन्हें दुकान के ताले टूटे होने का पता चला। एक के बाद एक 16 दुकानों के टूटे ताले और बिखरा हुआ सामान देखकर व्यापारी ने तुरंत पुलिस व व्यापार संघ के अध्यक्ष को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही श्रीमाधोपुर थानाधिकारी महेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान की जा रही है और उन्हें जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।



#### तीन चौकीदार होने के बावजूद हुई घटना से आक्रोश

**घटना को लेकर** व्यापारियों में भारी आक्रोश है। कृषि उपज मंडी के व्यापार संघ के अध्यक्ष पवन चौधरी व मंत्री प्रकाश जैन ने बताया कि घटना के समय मंडी के गेट पर तीन चौकीदार मौजूद थे। उसके बावजूद मंडी परिसर की 16 दुकानों के ताले टूट गए। उन्होंने आरोप लगाया कि वे सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पहले भी कई बार मंडी प्रशासन को अवगत करा चुके थे, लेकिन न तो सीसीटीवी कैमरे दुरुस्त किए गए और न ही सुरक्षा के अन्य इंतजाम किए गए। व्यापार संघ के मंत्री प्रकाश जैन ने बताया कि चोरी की घटना के बाद सभी व्यापारियों की शिकायत कृषि उपज मंडी सचिव शीशराम चौधरी से की। मंडी सचिव ने पुलिस थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### टायर फटने के बाद भी दौड़ाते रहे गाड़ी, सड़क पर निकलती रही चिंगारियां

# गायों लेकर भाग रहे तस्करों को पुलिस ने टक्कर मारकर पकड़ा

महानगर टाइम्स संवाददाता

**भरतपुर।** डीग जिले में देर रात गौवंश को हरियाणा ले जा रहे तस्करों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। तस्करों ने पुलिस जीप देख पिकअप दौड़ा दी। रुकने का इशारा करने के बावजूद वे भगाते रहे। इसके बाद पुलिस ने अपनी गाड़ी दौड़ाकर उनका पीछा किया और पीछे से टक्कर मारकर पिकअप को रोकने की कोशिश की। इस टक्कर के कारण पिकअप का एक टायर फट गया, लेकिन बदमाश गाड़ी दौड़ाते रहे, जिससे सड़क पर चिंगारियां निकलती रहीं। करीब 10 किलोमीटर तक पीछा करने के बाद पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर 7 गौ तस्करों को पकड़ लिया। तस्करों में 6 हरियाणा के और एक नगर का रहने वाला है। नगर थाना अधिकारी धारा सिंह ने बताया कि देर रात 3 बजे गौ रक्षा दलों से सूचना मिली थी कि कुछ गौ तस्कर एक पिकअप में गायों को भरकर नदबई से नगर होकर हरियाणा ले जाने वाले हैं। इस सूचना पर डीएसटी टीम ने सुंदरावली से दुदावल रोड पर नाकाबंदी की। कुछ देर बाद पिकअप आई तो डीएसटी टीम ने पिकअप को रोकने का प्रयास किया। डीएसटी टीम इंचार्ज सुल्तान सिंह ने बताया कि पिकअप चालक ने रुकने के बजाय टीम की गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे गाड़ी का बंपर और बोनट टूट गया। टक्कर मारने के बाद गौ तस्कर पिकअप को लेकर फरार हो गए। इसके बाद डीएसटी टीम ने नगर टीम को गौ तस्करों के बारे में सूचना दी। नगर पुलिस ने डीग चुंगी पर नाकाबंदी की, लेकिन तस्कर वहां से भी पुलिस बैरिकेड तोड़कर आगे निकल गए।



#### खेत में पलटी पिकअप, घेराबंदी कर 7 गौ तस्कर पकड़े

**पुलिस टीमों ने** पिकअप का करीब 10 किलोमीटर तक पीछा किया। थून गांव से लगभग एक किलोमीटर पहले तेज गति के कारण पिकअप सड़क किनारे खेत में पलट गई। पिकअप में मौजूद सातों गौ तस्कर उतरकर भागने लगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया। पिकअप में कुल 7 गायें भरी हुई थीं, जिन्हें बाद में सुरक्षित गोशाला भेज दिया गया, जहां गायों का चेकअप होगा। पिकअप पलटने से तस्करों को चोटें आईं। उन्हें नगर कस्बे के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार सात तस्करों में से 6 हरियाणा निवासी हैं, जबकि एक आरोपी सोहिल नगर का रहने वाला है। तस्करों की पिकअप को जब्त कर लिया गया है।

#### हरियाणा ले जाकर कट्टी घर में बेचने की थी तैयारी

**पुलिस जांच** में सामने आया कि तस्कर इन गायों को हरियाणा के कट्टीघर लेकर जा रहे थे। गायों को बताया जा रहा है कि यह सड़कों पर घूमती थीं और इन्हें उठाकर ले जाया गया था। इस ऑपरेशन में नगर थाने की टीम और डीएसटी टीम मिलाकर करीब 12 पुलिसकर्मी मौजूद थे। इनके साथ गौरक्षा दल भी था।

### आटा-साटा में शादी नहीं कराने से नाराज होकर परिवार पर किया था हमला

# भाभी-पड़ोसी की हत्या करने वाले भाइयों को फांसी की सजा



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** शादी नहीं कराने पर भाभी और पड़ोसी की हत्या करने वाले दो भाइयों को कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई है। दोनों भाइयों ने पारिवारिक रंजिश में बड़े भाई और उसके परिवार पर कुल्हाड़ी से हमला किया था। भीनमाल एडीजे कोर्ट ने बुधवार को यह फैसला सुनाया। एडीजे राजेंद्र साहू ने दोनों पर 10 लाख रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। कोर्ट ने 2 साल और 8 महीने बाद मामले में फैसला सुनाया। अपर लोक अभियोजक भरत आर्य ने बताया कि रामसीन थाना क्षेत्र के मोदरान गांव में अप्रेल 2023 में दो भाइयों डूंगर सिंह और पहाड़ सिंह ने बड़े भाई रतन सिंह, उनकी पत्नी इंदिरा कंवर और बेटी रिंकू कंवर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था। हमले में इंदिरा कंवर और उनको बचाने आए पड़ोसी हरिसिंह की मौत हो गई थी। वहीं रतन सिंह और बेटी रिंकू घायल हो गए थे। दोनों दोषियों डूंगर सिंह और पहाड़ सिंह की शादी नहीं हुई थी। वे अपनी शादी के लिए बड़े भाई रतन सिंह पर दबाव बना रहे थे। दोनों की उम्र ज्यादा हो गई थी। दोनों बेरोजगार भी थे। इधर बड़े भाई रतन सिंह ने बेटी रिंकू कंवर का आटा-साटा में विवाह करने से इनकार कर दिया था। इसी कारण दोनों ने बड़े भाई के परिवार पर हमला कर दिया था। हमले के बाद घटना स्थल पर पहुंचे एएसआई सुरेंद्र सिंह से भी दोनों ने झगड़ा किया, जिसमें वे घायल हो गए थे। पुलिस ने दोनों भाइयों को घर से पकड़ लिया था। दोनों की गिरफ्तारी के बाद तत्कालीन और वर्तमान थानाधिकारी अरविंद सिंह ने 56 दिन में जांच पूरी कर कोर्ट में आरोप पत्र पेश किया। मामले में कुल 30 गवाह पेश किए गए।

# ऑटो और बस में मौका पाकर चेन तोड़ने वाली महिलाएं पकड़ी

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** कोतवाली थाना पुलिस ने ऑटो और सिटी बसों में चेन तोड़ने वाली दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। दोनों जयपुर से सीकर आकर वारदात करती और इसके बाद वापस चली जाती थी। दोनों को सीकर में एक महीने पहले बुजुर्ग महिला की चेन तोड़ने के मामले में पकड़ा गया है। कोतवाली थानाधिकारी सुनील कुमार जांगिड़ ने बताया कि आरोपी महिला रेखा देवी पत्नी राजेश निवासी रामगंज और सुगना पत्नी प्रकाश निवासी रामगंज जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। थानाधिकारी ने बताया कि 75 साल की बुजुर्ग महिला सरला आर्य से चेन स्नैचिंग होने का मामला दर्ज किया गया था। आरोपियों की तलाश के लिए करीब दो दर्जन सीसीटीवी कैमरे देखे गए। फुटेज के आधार पर पुलिस टीम जयपुर के चौमूं पुलिया तक पहुंची, लेकिन इसके बाद दोनों महिलाएं फुटेज में नजर नहीं आई। इसके बाद ह्यूमन इंटेलिजेंस के जरिए सूचना मिली कि वारदात करने वाली दोनों महिलाएं सीकर के रोडवेज बस डिपो परिसर में है। कोतवाली पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि शहर में लगे अभय कमांड कैमरों में महिलाओं के चेहरे साफ नजर आ गए थे। ऐसे में महिलाओं को पकड़ने में आसानी हुई। पूछताछ में आरोपी महिलाओं ने बताया कि वे जयपुर से सीकर केवल चेन तोड़ने की वारदात करने आती थी। वारदात के बाद वापस जयपुर लौट जाती थी। अब भी सीकर में वारदात करने आई थी। उससे पहले ही रोडवेज बस डिपो पुलिस ने पकड़ लिया। दोनों ऑटो या सिटी बस में वारदात को अंजाम देती थी, ताकि पीड़ित को ऐसा लगे कि उसकी चेन टूटकर कहीं गिर गई है। उन्होंने 75 साल की बुजुर्ग महिला की चैन भी ऑटो में ही तोड़ी थी।



### चीखकर मांगती रही मदद, धार्मिक कार्यक्रम में गए थे माता-पिता

# शॉर्ट सर्किट से मकान में लगी भीषण आग से जिंदा जली दो बहनें

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** मलारना डूंगर थाने के पीपलवाड़ा गांव में मंगलवार देर रात 12 बजे एक मकान में आग लगने से दो बहनें जिंदा जल गई। हादसा इतना भयावह था कि आग की गर्मी से दोनों के पैर पिघल गए। जीभ का मांस पककर बाहर आ गया। आग इतनी भीषण थी कि कुछ मिनटों में ही पूरा घर आग की लपटों में घिर गया। नाबालिग बहनें घर के अंदर अकेली थी। उनके माता-पिता धार्मिक कार्यक्रम में गए थे। मलारना डूंगर थानाधिकारी राजेश कुमार मीणा ने बताया कि आग की घटना में प्रिया और पूजा पुत्री रमेश नायक की मौत हुई है। रमेश नायक भगवान देवनारायण की फड़ पढ़ने का काम करता है। वह अपनी पत्नी के साथ धार्मिक कार्यक्रम में गंगापुर सिटी गया हुआ था। प्रिया व पूजा के दादा रामजीलाल और दादी रामेश्वरी घर के बाहर सो रहे थे। अचानक छप्पर पोश घर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगते ही दोनों बहनें चीखने और चिल्लाने लगी। इधर, दादा-दादी भी नींद से जागे तब तक आग पूरी तरह से फैल चुकी थी। बच्चियों के दो चाचा कमलेश व छोटिया नायक 30 फीट दूरी पर अलग मकान में रहते हैं। वे भी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक दोनों बहनें जल गई थी। दोनों को मलारना डूंगर हॉस्पिटल पहुंचाया गया, लेकिन जब तक इन दोनों की मौत हो चुकी थी। पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टर अमन ने बताया कि दोनों बच्चियां 90 प्रतिशत तक जल गई थी। आग की लपटों के कारण इन बच्चियों के पैर और जीभ तक पिघल गई। आग की गर्मी से जीभ का हिस्सा जलकर मुंह से बाहर निकल गया था। परिजनों ने बताया कि रमेश नायक के चार बच्ची और दो लड़के हैं।



### घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने फूंकी पिकअप, हादसे में मां और बहन भी गंभीर घायल

# स्कूटी को टक्कर मार विद्युत विभाग की गाड़ी ने मासूम को कुचला

महानगर टाइम्स संवाददाता

**भरतपुर।** मथुरा गेट थाना इलाके में बुधवार शाम 6 बजे बिजली विभाग की तेज रफ्तार पिकअप ने स्कूटी सवार महिला को टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी सवार महिला और उसकी बेटी एक तरफ गिरी, जबकि 9 साल का मासूम दूसरी तरफ गिरा। पिकअप ने मासूम को बुरी तरह कुचल दिया। गाड़ी का पहिया उसके ऊपर से गुजरा, जिससे सड़क पर मासूम के शरीर के टुकड़े फैल गए और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं घटना से आक्रोशित लोगों ने गाड़ी के आग लगा दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल मां व बेटी को हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। मासूम का 3 दिन बाद ही 14 दिसंबर को जन्मदिन था। भरतपुर ग्रामीण थाना सीओ कन्हैया लाल ने बताया कि गोविंद नगर की रहने वाली राखी अपने बेटे अंशु व बेटी आरु को कृष्णा कॉलोनी से ट्यूशन से लेकर घर आ रही थी।



तभी अचानक मडरपुर की निर्माणाधीन सड़क पर सामने से आ रही भरतपुर इलेक्ट्रिक सर्विसेज लिमिटेड की पिकअप ने स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी स्लिप हो गई। हादसे में महिला और उसकी बेटी एक तरफ और दूसरी तरफ अंशु गिर गया। घटना में स्कूटी सवार महिला और उसकी बेटी गंभीर घायल हो गई, वहीं बेटे के ऊपर से पिकअप का पहिया गुजर गया। इससे उसका शव क्षत-विक्षत हो गया। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने पिकअप में आग लगा दी। मासूम का नौवां जन्मदिन मनाने की चल रही थी तैयारियां प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आठ वर्षीय अंशु तीसरी क्लास और सात वर्षीय बहन आरु पहली क्लास में पढ़ती है। दोनों कृष्णा कॉलोनी में ट्यूशन पढ़ने के लिए जाते थे। अंशु के पिता ओमेंद्र कोटा कांस्टेबल के पद पर तैनात हैं। अंशु के दादा रामवीर सिंह एएसआई हैं। मौके पर विद्युत विभाग अधिकारी भी पहुंच गए। जब स्थानीय लोगों ने गाड़ी में आग लगाई तो बिजली विभाग के कर्मचारी गाड़ी से उतरकर फरार हो गए। बिजली विभाग की पिकअप पूरी तरह से जलकर खाक हो गई है। परिजनों के अनुसार अंशु का इसी 14 दिसंबर को नौवां जन्मदिन मनाने की तैयारियां चल रही थी।

### ऐतिहासिक गौरव : राज्यों के पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों में उत्कृष्ट संस्थान का दर्जा पाने वाली पहली अकादमी, देश के शीर्ष 5 में शामिल

# राजस्थान पुलिस अकादमी बनी देश की सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण संस्थान

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस अकादमी ने अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल करते हुए देश के पुलिस प्रशिक्षण के इतिहास में अपना नाम स्वर्णाक्षरों में दर्ज कराया है। भारत सरकार के उपक्रम क्षमता विकास आयोग ने आरपीए को उत्कृष्ट संस्थान का दर्जा प्रदान किया है। इस सम्मान के साथ ही राजस्थान पुलिस अकादमी पूरे भारतवर्ष के राज्यों के पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों में यह प्रतिष्ठित दर्जा प्राप्त करने वाली पहली अकादमी बन गई है, जिसने देश के शीर्ष पांच सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण संस्थानों में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा ने अकादमी को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान राजस्थान पुलिस के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। यह दर्शाता है कि हमारे प्रशिक्षु देश के सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण ढांचे के तहत तैयार हो रहे हैं। यह उत्कृष्टता का मानक है और हमें इसे बनाए रखना है। वहीं महानिदेशक प्रशिक्षण अनिल पालीवाल ने अकादमी की टीम को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आरपीए ने देश के सामने एक मिसाल कायम की है। यह दर्जा ना केवल हमारी वर्तमान सफलता को दर्शाता है, बल्कि भविष्य में प्रशिक्षण पद्धतियों में नवाचार और गुणवत्ता के लिए हमें और अधिक प्रेरित करता है।



#### कड़े 43 मानकों पर खरा उतरा प्रशिक्षण का ढांचा

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एवं निदेशक आरपीए संजीव नार्जारी ने बताया कि यह उत्कृष्ट सम्मान आरपीए द्वारा प्रशिक्षण की गुणवत्ता, संसाधन प्रबंधन और तकनीकी उपयोग में स्थापित उच्च मानकों को दर्शाता है। अकादमी का मूल्यांकन क्षमता विकास आयोग द्वारा 8 प्रमुख स्तंभों के अंतर्गत कुल 43 कठिन मानकों पर किया गया। इसमें प्रशिक्षण आवश्यकता विश्लेषण, संकाय विकास, प्रशिक्षण में तकनीक का उपयोग, प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण में सहायता, प्रशिक्षण गुणवत्ता एवं प्रशिक्षण संस्थान की कार्यप्रणाली एवं प्रशासन और अन्य संस्थानों के साथ समन्वय जैसे महत्वपूर्ण पहलू शामिल थे। अकादमी निदेशक नार्जारी और अतिरिक्त निदेशक शंकरदत्त शर्मा के मार्गदर्शन में गठित एक विशेष टीम ने सभी आवश्यक दस्तावेजीकरण और मूल्यांकन प्रक्रियाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया। इस टीम में सहायक निदेशक धनपत राज, अनुकृति उज्जैन, पुलिस निरीक्षक धीरज वर्मा, दीपक यादव, नीलिमा अग्निहोत्री एवं महिला कांस्टेबल रानी शामिल थी। आयोग की टीम द्वारा दस्तावेजों की गहन जांच की गई और 9 तथा 10 दिसंबर को आरपीए का दौरा कर कार्यों का विश्लेषण किया गया। टीम ने गहन जांच के बाद अकादमी को उत्कृष्ट संस्थान का दर्जा दिया और निदेशक संजीव कुमार नार्जारी एवं टीम को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

#### पहले भी मिल चुका है सर्वश्रेष्ठ पुलिस अकादमी का गौरव

उल्लेखनीय है कि राजस्थान पुलिस अकादमी के लिए उत्कृष्टता का यह सफर नया नहीं है। आरपीए को पूर्व में भी तीन बार देश की सर्वश्रेष्ठ पुलिस अकादमी का दर्जा प्राप्त हो चुका है, जो इसके निरंतर उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण मानकों को सिद्ध करता है।

### राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने जारी की चेतावनी : फर्जी चालान और पेमेंट गेटवे से हो रही है धोखाधड़ी

## अनजान एसएमएस लिंक पर क्लिक करना पड़ सकता है भारी

महानगर टाइम्स संवाददादा



**जयपुर।** साइबर अपराधियों ने ऑनलाइन धोखाधड़ी का नया तरीका अपनाया है। महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम के मार्गदर्शन में इस खतरे पर अंकुश लगाने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम विजय कुमार सिंह ने बताया कि अपराधी वाहन चालकों को गैर-सरकारी नंबरों से यातायात उल्लंघन (ट्रैफिक चालान) का फर्जी संदेश भेज रहे हैं।

एडीजी सिंह ने बताया कि ये संदेश तत्काल भुगतान का दबाव बनाते हैं, जैसेः रिमाइंडरः आउट स्टैंडिंग ट्रैफिक वायलेशन फाइन। पे इमिडेटली टू प्रिवेंट एक्स्ट्रा पेनेल्टीज और फर्दर लीगल एक्शन। इस एसएमएस में एक फर्जी लिंक दिया जाता है और जैसे ही कोई व्यक्ति इस लिंक पर क्लिक करके भुगतान करने की कोशिश करता है, उसके बैंक खाते से पैसे आहरण होने की प्रबल संभावना बन जाती है। साइबर क्राइम विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी अनजान नंबर से आए एसएमएस के लिंक पर कदापि क्लिक नहीं करें। किसी भी स्थिति में अपना बैंकिंग पासवर्ड, ओटीपी या अन्य व्यक्तिगत जानकारी किसी से भी साझा ना करें और ना ही ऐसे संदेशों में दिए गए अनजान नंबरों पर कॉल करें। साइबर जागरूकता ही इस धोखाधड़ी से बचने का सबसे बड़ा हथियार है।

#### फर्जी वेबसाइटों की पहचान : डोमेन में छिपा है धोखा

आमजन को इस धोखाधड़ी से बचाने के लिए साइबर पुलिस ने फर्जी वेबसाइटों की पहचान के तरीके बताए हैं। नकली वेबसाइटों का निर्माण सरकारी वेबसाइटों से मिलते-जुलते डोमेन नामों से किया जाता है (जैसे : जीओवी डॉट इन की जगह जीओवीटी डॉट इन या एनआईसी डॉट इन की जगह आईएनसी डॉट इन।) जबकि सरकारी वेबसाइटें प्रायः जीओवी डॉट इन एनआईसी डॉट इन या ओआरजीडॉट इन डोमेन पर होती हैं। इसके अतिरिक्त स्क्रीन पर अचानक पेमेंट या किसी स्कीम का लाभ पाने के लिए क्लिक करने का संदेश आना भी इनके फर्जी होने की मुख्य निशानी है।

#### तत्काल रिपोर्ट करें

यदि आपके साथ ऐसी धोखाधड़ी होती है या आपको कोई संदिग्ध संदेश प्राप्त होता है तो तुरंत कार्रवाई करें। धोखाधड़ी की सूचना देने के लिए साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930, या साइबर हेल्प डेस्क नंबर 9256001930, 9257510100 पर संपर्क करें। इसके अलावा आप साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल https://cybercrime.gov.in या अपने निकटतम पुलिस स्टेशन, साइबर पुलिस स्टेशन में भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## सुनील शर्मा ने ली राज्य सूचना आयुक्त पद की शपथ

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** नवनियुक्त राज्य सूचना आयुक्त सुनील शर्मा को बुधवार को राज्य सूचना भवन में मुख्य सूचना आयुक्त मोहनलाल लाठर ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी शर्मा को राज्यपाल बागडे ने गत 8 दिसंबर को अधिसूचना जारी कर राज्य सूचना आयुक्त के पद पर नियुक्ति प्रदान की थी। शपथ ग्रहण समारोह में बड़ी संख्या में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्टजन उपस्थित रहे।

## ‘नवाचार दिवस-स्टार्टअप्स एक्सपो’ कल

#### सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के शासन सचिव एवं आयुक्त ने लिया तैयारियों का जायजा

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 12 दिसंबर को जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में ‘नवाचार दिवस-स्टार्टअप्स एक्सपो’ का आयोजन किया जाएगा। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के शासन सचिव डॉ. रवि कुमार सुरपुर ने बुधवार को आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम से जुड़ी हर व्यवस्था उच्चतम गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय से पहले पूर्ण की जाए। आयुक्त हिमांशु गुप्ता ने कार्यक्रम स्थल का दौरा किया और उन्होंने स्टार्टअप प्रदर्शनी, मुख्य हॉल में बैठक व्यवस्था, अतिथियों के आगमन एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कार्यक्रम को उत्कृष्ट बनाने के निर्देश दिए।

आयुक्त गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होने वाले नवाचार दिवस-स्टार्टअप्स एक्सपो में स्टार्टअप्स की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र होगी। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ भी कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। आईस्टार्ट राजस्थान कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित स्टार्टअप्स को फंडिंग चेक प्रदान किए जाएंगे। साथ ही जनवरी, 2026 में आयोजित होने वाले ‘डिजिफेस्ट’ के अंतर्गत होने वाले हैकेथॉन का भी शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर विभाग के संयुक्त सचिव आरएल सोलंकी एवं सभी प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

## बांद्रा टर्मिनस-अजमेर- बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट का संचालन

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** रेलवे द्वारा बांद्रा टर्मिनस-अजमेर-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल (1 ट्रिप) ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार 09063 बांद्रा टर्मिनस-अजमेर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 24 दिसंबर को (1 ट्रिप) बांद्रा टर्मिनस से 12:15 बजे रवाना होकर अगले दिन 06:15 बजे अजमेर पहुंचेगी। इसी प्रकार 09064 अजमेर- बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 25 दिसंबर को (1 ट्रिप) अजमेर से 11:40 बजे रवाना होकर अगले दिन 04:20 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन मार्ग में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद, नडियाद, साबरमती, महेसाना, पालनपुर, आबूरोड, पीडवाड़ा, फालना, रानी, मारवाड़ जं., सोजत रोड व ब्यावर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस गाडी में 2 सेकंड एसी, 4 थर्ड एसी, 10 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 22 डिब्बे होंगे।




स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादकः गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारीः जिज्ञासु शर्मा*। फोनः 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25